लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 322, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 22.8° अधिकतम तापमान | 11.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:46 सूर्यास्त 5:55

मुरादाबाद, रविवार, 11 फरवरी 2024

रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...15

एक नजर

महशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन



नई दिल्ली। चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

तमिलनाडुः कार ब्लास्ट में 27 जगहों पर तलाशी

चेन्नई। एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

किसान आंदोलनः हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट बंद

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 13 फरवरी को किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले शनिवार को सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं और एक साथ कई एसएमएस भेजने पर रोक लगा दी। आदेश के अनुसार, 11 फरवरी को सुबह 6 बजे से 13 फरवरी को रात 11.30 बजे तक अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के संबंध में कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव डालने के लिए 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान यूनियनों के समर्थन से 'दिल्ली चलो' मार्च की घोषणा की है।

लोकसभा चुनाव से पहले सदन में अपने आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री

पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक गहमा-गहमी अपनी जगह है। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह हैं, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। उन्होंने कहा कि अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'

आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का कामः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'संसद का नया भवन होना चाहिए, इसकी सभी ने चर्चा की। लेकिन ये आपका नेतृत्व है, जिसने इस काम को आगे बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि आज देश को नया संसद भवन प्राप्त हुआ है। संसद के नए भवन में विरासत का अंश और आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का काम हुआ।'

सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पास

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव आया। हम सभी को कितना बड़ा सौभाग्य मिला कि हमें यह अवसर प्राप्त हुआ।

▸▸ बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। यह सही है हर किसी में ऐसा सामर्थ्य नहीं होता है कि इन चीजों पर गर्वान्वित महसूस करे, लेकिन फिर भी इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

अमरोहाः घर में सो रहे सर्राफा कारोबारी और पुत्री की हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी बेटी सृष्टि के शव कमरे में फर्श पर खून से लथपथ मिले। योगेश चंद्र के सिर व गर्दन पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। दो हत्याओं की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर डीआईजी और एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

मुहल्ला कटरा गुलाम अली में शनिवार सुबह सर्राफ योगेश चंद्र अग्रवाल (67) वर्ष और बेटी सृष्टि (27 वर्ष) के शव घर के अंदर कमरे में पड़े मिले। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात में किसी समय योगेश चंद्र अग्रवाल और पुत्री सृष्टि की हत्या की गई। जिस कमरे में शव मिले, उसमें सामान बिखरा हुआ था। लूट के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। हत्यारोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों का चेहरा कपड़े से ढक दिया था। शनिवार सुबह योगेश चंद्र अग्रवाल के साथी रोजाना की तरह उनके घर टेबल टेनिस खेलने के लिए पुहंचे तो शव देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर में शहर के तमाम व्यापारी, आसपास के मोहल्लों के लोग एकत्र हो गए। डीआईजी मुनिराज जी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। डॉग स्कवॉड व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। एसपी ने बताया कि योगेश चंद्र के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई हैं। जल्द ही हत्यारोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

योगेश चंद्र अग्रवाल

सृष्टि

▸▸ कमरे में फर्श पर पड़े मिले योगेश चंद्र व बेटी सृष्टि के शव

▸▸ लूट के बाद हत्या की आशंका जता रही है पुलिस

ऊपरी मंजिल पर सो रहे बेटा-बहू को सुबह पता चला

जिस समय पिता-पुत्री की हत्या की गई, उस समय योगेश के पुत्र इशांक अग्रवाल अपनी पत्नी मानसी व 10 वर्षीय बेटे के साथ घर में ही दूसरी मंजिल पर सो रहे थे, लेकिन उन्हें पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले।

पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।

▸▸ पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

एसपी आवास के बाहर युवक ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ पत्नी के ब्लैकमेल करने से उठाया आत्मघाती कदम, मौत

▸▸ डेढ़ माह पूर्व कोर्ट मैरिज करने वाली पत्नी ने भी जहर खाया

अमृत विचारः पति और ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान युवक की पुलिस ने नहीं सुनीं तो शनिवार को युवक ने एसपी आवास के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की बरेली ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने पत्नी व उसके मायके वालों की प्रताड़ना और पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। इधर, शाम को पति की मौत के बाद पत्नी ने भी जहर खा लिया। उसकी हालत गंभीर है। उसे बरेली रेफर किया गया है।

घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे के बाद की है। सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी ओमवती ने बताया कि उसका पुत्र प्रदीप (27) पुत्र गुलाबी राम ड्राइवर था। डेढ़ माह पहले उसने जहानाबाद क्षेत्र की एक युवती से कोर्ट मैरिज की थी। कुछ दिन साथ रहकर पत्नी अलग रहने लगी। आरोप है कि परिवार की पुलिस से झूठी शिकायतें की जा रही थीं। ब्लैकमेल किया जा रहा था कि पांच लाख दे दो और तलाक ले लो। पुत्रवधू और उसके मायके वाले कई बार मारपीट भी कर चुके थे। शुक्रवार को भी कचहरी के पास बेटे प्रदीप की पुत्रवधू और उसके पिता व अन्य ने पिटाई की थी। कई दिन से बेटा प्रदीप पुलिस के चक्कर लगा रहा था, लेकिन पुलिस में नहीं सुनी।

शनिवार सुबह रोज की तरह करीब 9.30 बजे घर से निकला और दोपहर में एसपी आवास के बाहर जहर खा लिया। युवक के बेसुध हालत में मिलने पर पुलिसकर्मी आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजन प्रदीप को रेफर कराकर निजी अस्पताल ले गए। फिर बरेली ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने परिवार से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी है। इधर, एसपी अतुल शर्मा ने आवास या आवास के बाहर जहर खाने की बात को गलत बताया है।

मृतक प्रदीप कुमार।

कांग्रेस ने प्रमोद कृष्णम को पार्टी से निष्कासित किया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को अपने वरिष्ठ नेता और आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद कृष्णम को लेकर पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह निकट भविष्य में कांग्रेस से अपनी राह अलग कर सकते हैं। इससे पहले कि वह निर्णय लेते, पार्टी ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कृष्णम को पार्टी से निकालने का प्रस्ताव दिया था। बता दें कि कृष्णम कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के करीबी और उनके सलाहकार भी रहे हैं।

▸▸ कल्कि पीठाधीश्वर पर लगाया अनुशासनहीनता का आरोप

बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा, होगी मजिस्ट्रेट जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा। यहीं एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर उपद्रवियों ने भीषण आगजनी और तोड़फोड़ की थी। हिंसा की घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच 15 दिन के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुमाऊं के आयुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रेट जांच करेंगे और 15 दिन के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को कर्फ्यू बनभूलपुरा तक सीमित करने का आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि नैनीताल-बरेली मोटर रोड पर वाहनों की आवाजाही और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। इस बीच शनिवार शाम हल्द्वानी में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) एपी अंशुमन ने बताया, 'प्रभावित इलाके में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।'

हल्द्वानी की हिंसा

▸▸ कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत करेंगे दंगे की जांच

पांच गिरफ्तार गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

हल्द्वानी। उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान का काम जारी है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे के अनुसार जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें महबूब आलम, जिशान परवेज, अरशद, जावेद सिद्दीकी और असलम उर्फ असलम चौधरी शामिल हैं।

आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियनः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' किसी ने शिवपाल का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।

▸▸ विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान

▸▸ योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लेंः योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।

एक नजर

आज 49 केंद्रों पर होगी समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

मुरादाबाद, अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2023 का आयोजन रविवार को महानगर में दो पालियों में किया जाएगा। लोक सेवा आयोग उप्र इलाहाबाद द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी आदि परीक्षा महानगर में 49 केंद्रों पर होगी। पहली पाली 9 .30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली 2 .30 बजे से 3 .30 बजे तक आयोजित होगी।

अब 9 बजे से खुलेंगे आठवीं कक्षा तक के स्कूल

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद के सभी परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त कक्षा आठवीं तक के स्कूल अब सुबह 9 :00 बजे से अपराह्न 3 :00 बजे तक खुलेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि शासन के आदेशानुसार वर्तमान में मौसम में सुधार को देखते हुए विद्यालयों का समय नौ से तीन बजे तक किया गया है। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को आदेशित किया है कि स्कूलों में समय से उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करें।

पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शेल्टर होम काजीपुरा और रंग फैक्ट्री तिराहा पर आयोजित किया गया। काजीपुरा में आयोजित कार्यक्रम में महापौर विनोद अग्रवाल ने लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्राधिकार पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में 725 लोग शामिल हुए। इसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में जिला पूर्ति कार्यालय की ओर से लगाए गए स्टॉल पर दो पात्रों को निशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का प्रमाणपत्र महापौर विनोद अग्रवाल ने लाभार्थियों को वितरित किया। स्वास्थ्य शिविर में 216 लोगों की जांच कर इलाज किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन पत्र लिए गए। लीड बैंक प्रबंधक की ओर से लगाए शिविर में आधार कार्ड बनाने व संशोधन के बारे में 170 लोगों ने जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक अभियंता, क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं इसी क्रम में रंग फैक्ट्री तिराहा पर भी शिविर आयोजित किया गया। इसमें 670 लोग शामिल हुए। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत लगे स्टॉल पर लोगों ने योजना की जानकारी ली। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत स्टॉल पर तीन लाभार्थियों को घरेलू गैस का नया कनेक्शन दिया गया।

कार्यक्रम में लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण पत्र देते महापौर विनोद अग्रवाल।

▸▸ **महापौर ने लाभार्थियों को दिया प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का प्रमाणपत्र**

युवाओं ने प्रियजनों के लिए खरीदे रंग-बिरंगे टेडी बियर, बाजारों में भी रही रौनक

टेडी बियर गिफ्ट कर किया प्यार का इजहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: वेलेंटाइन वीक के चौथे दिन शनिवार को टेडी बियर डे मनाया गया। इस दिन को लेकर युवाओं में काफी उत्साह दिखा। युवाओं ने अलग-अलग रंगों के आकर्षक टेडी बियर देकर दिल का हाल बयां किया। महानगर के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। रविवार को प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं व अन्य प्रियजनों से अपने प्यार का वादा करेंगे।

इस दिन के लिए युवाओं ने पहले से ही तैयारियां कर ली थीं। दिन भर बाजारों में रौनक दिखी। टेडी बियर को स्वीकार करने वालों के साथ ही उसे देने वालों के चेहरे खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। टेडी बियर डे पर वेव मॉल, पीवीआर समेत अन्य मॉल में युवाओं की ज्यादा भीड़ दिखी।इसके अलावा बाजार गुलजार दिखे।

टेडी बियर डे को लेकर युवाओं में गजब का उत्साह दिखा। महानगर के बुधबाजार, टाउनहॉल, कटरा, हरथला आदि बाजारों में टेडी बियर व गिफ्ट आइटम की दुकानों में युवाओं की भीड़ रही। युवाओं ने अपनी पसंद के टेडी बियर खरीदे और अपने साथियों को गिफ्ट किया। बुद्धि विहार निवासी रोहित ने बताया कि उनकी प्रेमिका को टेडी बियर बहुत पसंद है। खासकर पांडा, इसलिए उन्होंने पांडा की खरीदारी पहले से ही कर ली थी। उन्होंने अपनी प्रेमिका को जब पांडा दिया तो वह अहसास अलग ही खुशी देने वाले रहा। वहीं दीनदयाल नगर निवासी हिमांशु मिश्रा ने बताया कि आज उनके दो बेटे भी शादी लायक हो गए हैं। लेकिन, उनका अपनी पत्नी के लिए प्रेम आज भी कॉलेज के दिनों जितना है। वह अब भी वेलेंटाइन वीक का हर दिन अपनी पत्नी के साथ खास योजना के साथ मनाते हैं।

वेलेंटाइन वीक में एक-दूसरे को टेडी बियर देकर खुशी मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

युवा जोड़े आज मनाएंगे प्रॉमिस डे

11 फरवरी को प्रॉमिस डे अपने साथी से हार्दिक वादे और प्रतिबद्धताएं करने का दिन है। यह आपके रिश्ते की मजबूती पर विचार करने और हर सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने का संकल्प लेने का समय है। जोड़े प्यार, वफादारी और समर्थन के वादों का आदान-प्रदान करते हैं, अपने बंधन की पुष्टि करते हैं।

कोहरे की वजह से निरस्त ट्रेनों ने अन्य में बढ़ा दी भीड़

मार्च के पहले सप्ताह तक बहाल होंगी लंबे समय से निरस्त चल रहीं लंबी दूरी की ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कोहरा सीजन के मद्देनजर निरस्त ट्रेनों के बहाल होने में अभी देरी है जबकि, मंडल मुख्यालय से होकर आने-जाने वाली ट्रेनों में इन दिनों भीड़ बढ़ गयी है। दैनिक यात्री तो मजबूर होकर दूसरे साधन का सहारा ले रहे हैं। शनिवार को कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के नहीं चलने का भी रेल सेवा पर व्यापक असर देखा गया। उत्तरांचल संपर्क क्रांति के दोनों फेरे निरस्त होने से यात्री परेशान हुए।

नई दिल्ली से चलने वाली काशी विश्वनाथ के निरस्त होने से मुख्य रूप से वाराणसी जाकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने वाले गुस्से में दिखे। निशा रानी, प्रयांशी और लाइनपार के जर्नादन को यात्रा निरस्त करनी पड़ी। जनसेवा एक्सप्रेस को रेल प्रबंधन ने निर्धारित रूट से डायवर्ट कर दिया है।

सीतापुर- लखनऊ सेक्शन में रेल पटरी मरम्मत की वजह से जननायक एक्सप्रेस को बदले रूट से चलाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब लंबी दूरी की ट्रेनों की समयबद्धता में तेजी के साथ सुधार हुआ है। ऐसे में रूटीन में चलने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गयी है, जबकि कोहरा सीजन के चलते निरस्त की गयी ट्रेनें मार्च माह के पहले सप्ताह से चलाई जाएंगी।

बात अगर शनिवार की ही करें तो लालकुआं एक्सप्रेस, रामनगर लिंक, जनता एक्सप्रेस, बरेली-दिल्ली एक्सप्रेस और काठगोदाम-दिल्ली मेल को अचानक निरस्त कर दिया गया है। उधर, हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली उपासना एक्सप्रेस के यात्रियों को नौ घंटे इंतजार करना पड़ा। अंत्योदय एक्सप्रेस की प्रतीक्षा में भारी संख्या में यात्री स्टेशन पर बैठे रहे। हिमगिरि, दून और श्रमजीवी एक्सप्रेस के यात्रियों ने रेल प्रबंधन से सेवा में रुकावट को लेकर सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त की है।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

बढ़ी परेशानी

▸▸ **महत्वपूर्ण ट्रेनों के नहीं चलने से यात्रियों को हुई परेशानी**

सीतापुर सेक्शन में ब्लॉक से रेल संचालन प्रभावित

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीतापुर जंक्शन और सीतापुर सिटी स्टेशन के बीच रेल ब्लॉक का असर ट्रेनों के संचालन पर है। बालामऊ-सीतापुर की स्पेशल ट्रेन (04353/54) और बालामऊ- सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04321/22) 13 फरवरी को भी निरस्त है। अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली गाड़ी (15212) 12 फरवरी तक रोजा-लखनऊ-बाराबंकी-बुढवल के रास्ते चलेगी। गाड़ी संख्या (15211) 12 फरवरी तक बुढवल- बाराबंकी, लखनऊ- रोजा होकर चलेगी। अमृतसर-गोरखपुर को चलने वाली ट्रेन (22424) 11 फरवरी को रोजा- लखनऊ- बुढ़वल- बाराबंकी रूट से चलेगी। यहा ट्रेन 12 फरवरी को इसी रूट से वापसी करेगी। अमृतसर- सहरसा एक्सप्रेस (15532) 12 फरवरी को रोजा-लखनऊ-बाराबंकी- बुढ़वल से चलेगी। 11 फरवरी को इस ट्रेन को बुढ़वल- बाराबंकी- लखनऊ- रोजा रूट से चलाया जाएगा। कानपुर सेंट्रल से सीतापुर सिटी के बीच चलने वाली (04328) 13 फरवरी को बालामऊ- सीतापुर के बीच निरस्त रहेगी। सीतापुर सिटी- कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बीच ट्रेन संख्या (04327) 13 फरवरी तक निरस्त है। रक्सौल से आनंद विहार के बीच चलने वाली (15274) 12 फरवरी को रास्ते में 55 मिनट रोकी जाएगी। सहरसा- अमृतसर के बीच चलने वाली (15531) 11 फरवरी को रास्ते में 57 मिनट रोकी जाएगी। कामाख्या- वैष्णोदेवी एक्सप्रेस 11 फरवरी को कामाख्या स्टेशन से 210 मिनट बाद रवाना की जाएगी।

स्टेशन पर पांचवीं लिफ्ट की सुविधा जल्द

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंडल मुख्यालय के स्टेशन पर पांचवीं लिफ्ट की सेवा जल्द शुरू होने वाली है। इससे यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने में सुविधा होगी। रेल यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर (स्वचालित सीढ़ी सेवा) सेवा शुरू होने के साथ से ही इसकी जरूरत महसूस की जा रही थी। अब कुछ दिनों के भीतर इसे यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा।

दिल्ली दिशा के पैदलगामी पुल की लंबाई बढ़ाने के साथ ही आरपीएफ पोस्ट के नजदीक लिफ्ट केबिन बनाने की बात चर्चा में आई थी लेकिन, रेलवे के अन्य विभाग की आपसी सहमति नहीं बन पाई। बिजली विभाग, सिग्नल और सिविल इंजीनियरिंग के जिम्मेदारों ने अपनी राय रखी। इस वजह से यह परियोजना साल भर तक खटाई में पड़ी रही जबकि, स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार तक पुल को सीधा कर दिया गया। उसके बाद से यहां लिफ्ट की जरूरत महसूस की जाने लगी।

विभागीय सूत्रों की मानें तो यह परियोजना यात्री सेवा के लिए तैयार हो गयी है। निर्माण विभाग, बिजली, सिग्नल और परिचालन ने अपने हिस्से का काम पूरा कर दिया है। इस केबिन के शुरू होने से यात्री एक नंबर प्लेटफार्म से आसानी से दो-तीन-चार और पांच पर पहुंच सकेंगे। अभी अधिक उम्र और बीमार यात्रियों को सबसे अधिक दिक्कत आती थी। लखनऊ दिशा के पुल के लिए जरूरी स्थान पर यह सेवा है। दिल्ली दिशा में लिफ्ट नहीं थी। अब इस केबिन के शुरू होने से यात्रियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (कार्य) बलजीत सिंह का कहना है कि लिफ्ट की मशीन क्रियाशील कर दी गयी है। अभी तक दिल्ली दिशा में प्लेटफार्म संख्या एक पर यह सुविधा नहीं थी। इसके शुरू होने के साथ ही स्टेशन पर लिफ्ट की संख्या पांच हो जाएगी। यात्री सुविधा के विकास और विस्तार के लिए और कई योजनाओं पर मंथन चल रहा है। कुछ और परियोजनाएं स्वीकृत होने वाली हैं।

प्लेटफार्म नंबर एक पर निर्माणाधीन लिफ्ट। ● अमृत विचार

सहूलियत

▸▸ **आरपीएफ पोस्ट के नजदीक तैयार हुआ केबिन, आठ यात्री एक साथ हो सकेंगे केबिन में सवार**

यह फोटो किसी गोशाला का नहीं बल्कि मुरादाबाद के प्रमुख बाजार बुध बाजार का है। एक ओर बुध बाजार को स्मार्ट बनाने के लिए दिन-रात कार्य चल रहा है। लेकिन, बुध बाजार की यह तस्वीर हकीकत बयां कर रही है। शहर में कई गोशाला होने के बावजूद छुट्टा गोवंश इसी तरह घूमते हुए नजर आ रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों का भी इस ओर ध्यान नहीं है। ● अमृत विचार

बी प्रमाणपत्र को परीक्षा में दिखाई प्रतिभा

मुरादाबाद, अमृत विचार: 23 व 24 यूपी बटालियन एनसीसी की बी प्रमाणपत्र परीक्षा शनिवार को हुई। परीक्षा कृष्णा बाल विद्या मंदिर मंगूपुरा विद्यालय में संपन्न हुई। सीनियर डिवीजन के एनसीसी कैडेट को 2 वर्ष की कड़ी मेहनत व प्रशिक्षण के बाद बी प्रमाणपत्र परीक्षा में बैठने के लिए अर्हता प्राप्त होती है।

परीक्षा में प्रयोगात्मक व लिखित दोनों प्रकार की परीक्षा संपन्न होती है। 10 फरवरी को प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट बैटल क्राफ्ट आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गए और उनका अभ्यास करा कर देखा गया। बी प्रमाणपत्र के बाद कैडेट को सेना, सशस्त्र बलों व सरकारी व गैर सरकारी नौकरियों में वरीयता प्रदान की जाती है। इस परीक्षा में 695 सीनियर डिवीजन के बॉयज कैडेट्स और 73 गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया।

प्रभु तक पहुंचने का साधन है भजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रामगंगा विहार में आयोजित भजनोत्सव में शनिवार को कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भजन ही एकमात्र साधन है। जिससे भगवान तक पहुंचा जा सकता है।

विशुद्ध होकर तथा सारे पापों को छोड़कर जो भगवान का नाम लिया जाता है, उसका तो कहना ही क्या है। हम लोगों को यही आदर्श सामने रखना चाहिए कि प्रभु का नाम लेने पर हमारे हृदय में पाप-संस्कार का लेश भी न रहे, परंतु जो लोग अभी पाप से नहीं छूटे हैं। इच्छा न होने पर भी जिनके मन-तन से पापाचरण बन जाते हैं, वे क्या करें। उनके पाप-नाश का उपाय भी तो नाम जप ही है। बताया कि मनुष्य के जीवन में उसके द्वारा भगवान का स्मरण और जप होता रहे, यही तो करना है। भगवान ने जो जप-यज्ञ को अपना स्वरूप बतलाया है। एकांत मिले या न मिले, उपांशु हो या न हो-इसकी चिंता छोड़कर जिस तरह से भी हो जप का क्रम चालू रहने दें। कार्यक्रम में लाड़ली अद्भुत नजारा तेरे बरसाने में है, जबसे सांवरे ने पकड़ा मेरा हाथ, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है आदि भजनों ने सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। नृसिंह भगवान की आरती और छप्पन भोग अर्पित किए गए। व्यवस्था में सुरेखा गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, सुरभि गुप्ता, अंकित गुप्ता, सोनम गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, कांता गुप्ता, अंकुश गुप्ता, सपना गुप्ता, आजाद टण्डन, सपना चौधरी, सुधा शर्मा, अनुज उप्रेती, देवांश अग्रवाल, देव कुमार आदि मौजूद रहे।

उत्सव में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कांस्टेबल पति-पत्नी परिक्षेत्र में स्थानांतरित

मुरादाबाद, अमृत विचार : विभिन्न जिलों में तैनात कांस्टेबल के स्थानांतरण अनुकंपा के आधार पर हो गए हैं। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना राहुल मिश्र ने आदेश भी जारी कर दिए हैं।

परिक्षेत्र में भी तीन कांस्टेबल स्थानांतरित होकर आए हैं। इसी क्रम में कांस्टेबल मोहित कुमार का स्थानांतरण मुरादाबाद परिक्षेत्र में हुआ है। यह अभी तक कानपुर देहात में तैनात थे। इनकी पत्नी प्रियंका कुमारी मुरादाबाद में कांस्टेबल हैं। कानपुर देहात से शुभम कुमार भी मुरादाबाद परिक्षेत्र में स्थानांतरित हो गए हैं, इनकी पत्नी रचना बिजनौर में नियुक्त हैं। अलीगढ़ में नियुक्त कांस्टेबल मीनू देवी भी अपने पति अजय कुमार की तैनाती वाले परिक्षेत्र में मुरादाबाद में स्थानांतरित हो गई हैं। अजय कुमार बिजनौर जिले में कांस्टेबल पद पर तैनात हैं।

आयोजन नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत शक्ति संवाद व चाय पर चर्चा कार्यक्रम

केंद्र ने महिलाओं को दिया सम्मान और सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से शनिवार को नारी शक्ति वंदन अभियान में शक्ति संवाद और चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन चंद्र नगर मंडल के वीएवी लोधी इंटर कॉलेज सम्राट अशोक नगर में किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरेंद्र जाटव रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि ने किया। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा सुरक्षा सम्मान प्रदान किया। गैस कनेक्शन के लिए उज्ज्वला योजना, जल जीवन जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। उनमें सम्मान के साथ आत्मविश्वास की भावना दी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिला सहायता समूह एवं एनजीओ के क्षेत्र में कार्य करने वाली बहनों को अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान में कई योजनाएं चला रही है। जिसका नारी शक्ति को लाभ मिल रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना आदि से महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा महिलाओं और लड़कियों को सबसे बड़ा तोहफा दिया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री ने किया। इस दौरान महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, आंचल शर्मा, सहायक विकास अधिकारी श्रीपाल, डूडा विभाग से मंजू शर्मा, दिनेश शीर्षवाल, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, सुनीता शर्मा, शशि किरण, मदालसा शर्मा, महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष विजयलक्ष्मी पंडित, सुनीता सैनी, शीतल राजपूत, राहुल शर्मा, चंद्र प्रजापति, हेमराज सैनी, नवदीप टंडन, शम्मी भटनागर, अजय वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नारी शक्ति वंदन अभियान में आयोजित कार्यक्रम में पत्र देते भाजपा के पदाधिकारी।

कांशीराम को भी भारत रत्न दे केंद्र सरकार

मुरादाबाद, अमृत विचार: पूरे देश में बहुजन आंदोलन को खड़ा करने वाले कांशीराम को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग बहुजन समाज पार्टी ने की है।

बसपा जिलाध्यक्ष सुनील आजाद का कहना है कि भारत सरकार द्वारा जिन महान व्यक्तियों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है वह कदम स्वागत योग्य है। लेकिन दलित महान हस्तियों को जिन्होंने दलित, शोषित, वंचित पिछड़ों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, उनके प्रति सरकार का रवैया अच्छा नहीं है। हमारी भारत सरकार से मांग है कि दलित समाज के पुरोधा कांशीराम को भी भारत रत्न दिया जाए। उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने ट्विटर एकाउंट पर स्व. कांशीराम को भारत रत्न देने की बात कही है जो बिल्कुल उचित है।

दंगे के आरोपियों को मिले कड़ी सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री मनोज व्यास ने किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर हल्द्वानी दंगे के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मनोज व्यास ने ज्ञापन में बताया कि हल्द्वानी में 8 फरवरी को अवैध रूप से बनी हुई मस्जिद व मजार को हटाने के लिए पुलिस पहुंची थी। जोकि एक सरकारी कार्य है। ऐसे सरकारी कार्य में पुलिस प्रशासन पर वहां के स्थानीय लोगों द्वारा पथराव किया गया। उनकी गाड़ियों को फूंक दिया गया। इसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। ऐसे लोगों द्वारा किया गया कृत्य राजद्रोह के अंतर्गत आता है। इन पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग महामंत्री गौरव सैनी ने कहा कि जिन लोगों ने सेना व पुलिस कर्मियों पर पथराव किया है। वह देश में रहने योग्य नहीं है। उनकी नागरिकता खत्म कर देनी चाहिए। इस दौरान चरण सिंह प्रजापति, दीप खुराना, अमन सैनी, महेंद्र सैनी, रोहित, सौरभ, संदीप, कल्वेश, मनोज, रवि, नानू अग्रवाल, कांता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता।

▸▸ **बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन**

शहर में आज

- महानगर के 49 केंद्रों पर आरओ-एआरओ की परीक्षा सुबह 9 :30 बजे।
- आर्य समाज मंडी बांस का वार्षिकोत्सव सुबह 8 :00 बजे।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुबह 10 :00 बजे।

एक नजर

एसडीएम ने मतदान के लिए जागरूक किया

मैनाठेर, अमृत विचार : शनिवार को नरोदा ग्राम में पहुंची एसडीएम बिलारी मणी अरोड़ा ने प्राथमिक विद्यालय में लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से मतदान अवश्य करने को कहा। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं से मतदान सूची में नाम जुड़वाने का आह्वान किया। इस मौके पर लेखपाल शरीफ अहमद, हरकिशन सिंह, गफ्फार हुसैन, लोकेश कुमार, अनिल राज आदि मौजूद रहे।

13 तक विकास कार्य पूरा न करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ डीपीआरओ कार्य की समीक्षा कर भेजेंगे रिपोर्ट

अमृत विचार: निदेशक पंचायती राज राजकुमार ने निर्देश जारी कर ग्राम पंचायतों के लंबित विकास कार्यों को 13 फरवरी तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। पंचायत सचिवों को शासन की मंशा अनुरूप कार्यों में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्य में लापरवाही बरतने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

शुक्रवार की देर रात निदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा से पंचायतों में हुए विकास कार्यों की स्थिति पूछी। विभागीय कार्यों के लंबित होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। डीपीआरओ ने बताया कि निदेशक ने 13 फरवरी तक ग्राम पंचायतों से जुड़े 8 बिंदुओं पर कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधानों को ऑन बोर्ड किए जाने के साथ ही आवेदकों का सत्यापन पारदर्शिता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वहीं ग्राम पंचायत में विकास योजना के अंतर्गत रुके हुए कार्यों को 11 फरवरी तक हर हालत में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सभी विकास खंडों में 11 फरवरी तक हर दशा में कार्य पूर्ण करने करने की चेतावनी दी गई। कार्य पूर्ण ने होने पर 12 फरवरी को जनपद के मुख्यालय जाकर कार्यों की स्थिति से डीपीआरओ को अवगत कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत द्वारा जनसेवा केंद्र के माध्यम से सुविधाएं प्रदान करने की गति को बढ़ाने के लिए कहा है। डीपीआरओ ने बताया कि 13 फरवरी तक किसी दशा में लंबित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कार्यों के पूरा करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

जोखिम में जान : लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद लोग अपने नौनिहालों की जान खतरे में डालकर कुछ इस तरह दोपहिया वाहनों पर कर रहे हैं सफर। यह नजारा रामपुर रोड का है जहां बच्चों को इस तरह दोपहिया वाहनों पर लेकर जाते परिजन। वही जिम्मेदार भी इससे अनजान बने हैं। ● अमृत विचार

संदिग्ध हालत में घूमते मिले तीन गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : रात में अपराध करने की फिराक में घूम रहे तीन संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान संभल जिले के दो संदिग्धों को दबोचा है। इनके विरुद्ध दरोगा सुरेश पाल सिंह ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में शोएब पुत्र मुशर्रफ और फारुक पुत्र मुसैद हैं। शोएब संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के रुकंदीसराय और फारुक संभल के मुहल्ला दिल्ली दरवाजा का रहने वाला है। दरोगा सुरेश पाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात 10.58 बजे के दौरान वह लोग बुध बाजार में गश्त कर रहे थे। पारकर इंटर कॉलेज से आगे रेलवे कॉलोनी मोड़ पर दो संदिग्ध दिखे। पुलिस को देख ये लोग भागने लगे। फिर इन्हें दौड़ा कर पकड़ा गया तो तलाशी में इनके पास चाकू मिले हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दूसरी तरफ मुगलपुरा थाने के दरोगा राजीव कुमार ने भी रात में गश्त के दौरान वारसी नगर के आमिर पुत्र नियाज अली को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसे उन्होंने वारसीनगर में ही गली नंबर एक में पकड़ा, इसके पास भी पुलिस को चाकू मिला है।

हादसे में पति की मौत, बाल-बाल बचा मासूम

मूंढापांडे जीरो प्वाइंट तिराहे पर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, पत्नी गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बाइक सवार दंपती को ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छह माह का मासूम हादसे में बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद हाईवे पर वाहनों का जाम लग गया था। एनएचएआई की क्रेन से ट्रक और क्षतिग्रस्त बाइक को मार्ग से हटाया। तब जाकर करीब पौन घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका। घटनास्थल पर दलपतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज अनंग पाल भी पहुंच गए थे।

अमित कश्यप पुत्र चंद्रपाल कश्यप मझोला थाना क्षेत्र के गांव मंगूपुरा का रहने वाला है। बाइक सवार दंपती रामपुर की तरफ जाने के लिए मूंढापांडे जीरो प्वाइंट के पास तिराहा क्रॉस कर हाईवे पर निकलने के लिए आकर खड़े ही हुए थे। तभी दिल्ली की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में अमित कश्यप (30) पत्नी पुष्पा और मासूम समेत हाईवे पर ही गिर पड़े। अमित हेलमेट लगाए था, तो उसके सिर में चोट नहीं आई पर उसके पैर कट गए और सीने पर चोट थी। घटना के बाद वह वहीं तड़प रहा था, उसके पैरों से तेजी से खून निकल रहा था। हादसे के दौरान उसकी बाइक ट्रक में फंस गई तो चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया था, जहां डॉक्टरों ने अमित कश्यप को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी पत्नी का इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बाइक और ट्रक को मूंढापांडे थाने में खड़ा कराया है। बताया जा रहा है कि अमित पत्नी के साथ रामपुर में टांडा से आगे मुवाना गांव अपनी ससुराल जा रहे थे।

ट्रक के नीचे फंसी बाइक को निकालते राहगीर। ● अमृत विचार

▸▸ मंगूपुरा निवासी दंपती जा रहे थे ससुराल, तीन भाई-बहन में छोटा था मृतक अमित

पांच साल पहले मां और अब छोटे भाई की मौत का गम

दीपू कश्यप ने बताया कि वह दो भाइयों में बड़ा है। अमित छोटा था। उसकी डेढ़-दो साल पहले ही शादी हुई थी। वह मझोला में ही गंगा हैंडीक्राफ्ट कंपनी में स्टोर कीपर का काम करता था। दीपू कश्यप ने बताया कि करीब पांच साल पहले मां की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से वह लोग मां के जाने के गम से उबर नहीं पाए थे कि छोटे भाई अमित की असमय मृत्यु होने का दुख हो गया। उन्होंने बताया कि उन दोनों भाइयों के बीच में एक बहन नीतू है, जो मृतक अमित से बड़ी है। दीपू कश्यप ने बताया कि उसके छोटे भाई की पत्नी पुष्पा कश्यप के हादसे में पैर में चोट आई हैं।

पति की मौत, पत्नी को नहीं दी जानकारी

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती पुष्पा को परिजनों ने घटना के पूरे दिन जानकारी नहीं दी थी। पुष्पा बार-बार अपनी ननद और अन्य लोगों से पति अमित के बारे में पूछ रही थी। घर वाले पुष्पा को अमित की हालत ठीक होने का उसे भरोसा दे रहे थे।

जीआईसी कॉलेज के अधूरे निर्माण कार्य के लिए मिले 55 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ 2010 से अब तक अल्पसंख्यक विभाग से 5,000 कार्यों की शासन ने मांगी रिपोर्ट

▸▸ कार्यों की भौगोलिक स्थिति व जीपीएस लोकेशन का जियो टैग कर देंगे जानकारी

अमृत विचार: निदेशालय ने 2010 से अब तक अल्पसंख्यक विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत किए गए कार्यों का ब्यौरा मांगा है। जिसमें अल्पसंख्यक विभाग को सभी कार्यों की भौगोलिक स्थिति के साथ जीपीएस लोकेशन का जियो टैग कर जानकारी देनी है। साथ ही रुके कार्यों की भी मौजूदा हालात की जानकारी मांगी गई है। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज के रुके निर्माण के लिए 55 लाख की धनराशि मिली है। जिससे निर्माण कार्य शुरू हो सका है।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में 2010 से अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से कराए गए भवनों के निर्माण व अन्य कार्यों का शासन ने ब्यौरा मांगा था। योजना के अंतर्गत 2010 से अब 5,382 कार्य अल्पसंख्यक विभाग द्वारा कराए गए थे। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि जियो टैग करने में रुके भवनों का ब्यौरा दिया था। जिसमें सरकार को राजकीय इंटर कालेज के रुके निर्माण कार्य की जानकारी भी दी गई। जिसमें प्रदेश सरकार ने राजकीय इंटर कॉलेज के कायाकल्प के रुके निर्माण कार्य को 55 लाख की धनराशि देकर निर्माण कार्य की गति बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 5000 कार्यों में से 3000 कार्यों को जियो टैग कर शासन को भेजा जा चुका है। इसके बाद शासन से दी गई कार्य की सूची में दर्शाए गए कार्य धरातल पर नहीं मिलने वाली सूची भी तैयार की जाएगी।

दंगा नियंत्रण को किया मॉक ड्रिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हल्द्वानी में हुए बवाल के बाद से प्रदेश की भी पुलिस अलर्ट मोड में है। शुक्रवार को जहां जुमे की नमाज के दौरान पुलिस मस्जिदों के आसपास चौकन्नी रही। शनिवार को पुलिस लाइन में जवानों ने अधिकारियों के नेतृत्व में दंगा नियंत्रण योजना (येलो स्कीम) के तहत मॉक ड्रिल रिहर्सल किया।

पुलिस लाइन ग्राउंड पर हुए दंगा नियंत्रण के रिहर्सल में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक और राजपत्रित अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान दंगा नियंत्रण वाले सभी जरूरत वाले उपकरणों से सुसज्जित होकर पुलिसकर्मियों ने रिहर्सल किया। अग्निशमन से पानी की बौछार कर भी दंगाइयों को काबू में किया गया। आंसू गैस के गोले दागे गए। पथराव में बचाव के लिए भी प्रदर्शन किया गया। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि जिले में दंगा नियंत्रण योजना में आकस्मिक परिस्थिति व आगामी त्योहार एवं लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में सुरक्षा और शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल ने रिहर्सल किया है। इसमें फायर सर्विस, यूपी-112 के कर्मियों को भी दंगा नियंत्रण योजना के बारे में विस्तार से समझाया गया। फिर अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना, सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर, सीओ कटघर रुद्र प्रताप सिंह, सीओ हाईवे अमरेंद्र सिंह, कांठ सीओ अंकित तिवारी समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

आशियाना-दौलत बाग में कल गुल रहेगी बिजली

मुरादाबाद, अमृत विचार: स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत रविवार को होने वाले कार्य के लिए मांगे गए शट डाउन को बिजली विभाग के अधिकारियों ने रविवार को परीक्षा होने के कारण स्थगित कर दिया है।

सोमवार को आशियाना में भूमिगत केबल में बिजली चालू कर ट्रायल लिया जाएगा। जिसके चलते विवेकानंद विद्युत केंद्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके साथ ही दौलत बाग विद्युत उपकेंद्र से बंगला गांव और जिगर कालोनी तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में ओवरहेड एलटी लाइन डाली जाएगी। जिसके चलते सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक 5,000 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति पांच घंटे बाधित रहेगी। इस दौरान लोगों से पेयजल आदि की व्यवस्था रखने की अपील की गई हे।

जानलेवा हमले में चार लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र के वीरपुर बरियार उर्फ खरक में शनिवार दोपहर गेहूं के खेत में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पक्ष के बीच मारपीट का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। इसमें एक पक्ष के चार लोग घायल हुए हैं। इन सभी का सीएचसी में पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया है। कई लोगों के सिर में टांके लगे हैं तो डॉक्टरों ने कुछ के हाथ व कंधे पर फ्रैक्चर बताया है।

घायल पक्ष के इसरत अली ने बताया कि अपने खेत की मेढ़ के किनारे पोपलर के पौधे लगाने को गड्ढे खोदे थे, जिन्हें दूसरे पक्ष के मुराद व उनके बेटों ने पाट दिया था। जबकि मुराद ने भी अपने खेत में पौधे लगाने को गड्ढे खोदे थे। गड्ढे पटने पर इसरत अली अपने तीन भाइयों व पिता अमीर हुसैन के साथ खेत पर दूसरे पक्ष के लोगों से समझौता के लिए गए थे, जहां बात बिगड़ गई और दूसरे पक्ष के मुराद अली और उनके बेटों ने हमला कर दिया। इसमें पीड़ित पक्ष के चार लोगों के धारदार हथियार लगने से सिर पर चोट आई हैं। इसमें इसरत अली के सिर में सात टांके लगे हैं। कमरे आलम के सिर में आठ टांके आए हैं। उसका दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। इनके भाई बाबू के सिर में छह टांके लगे हैं और बाएं हाथ की अंगुली टूट गई है कंधे में डॉक्टर ने उन्हें फ्रैक्चर बताया है। इसी तरह छोटे अली के कमर में चोटें आई हैं।

चार नामजद, इशरत की जान लेना चाहते थे हमलावर

दरोगा बब्लू कुमार ने बताया कि जानलेवा हमले के मामले में घायल पक्ष के अमीर हुसैन ने चार आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें मुराद उर्फ मुल्ला और इसके बेटे आरिफ, यूनुस और एक अन्य भूरा पुत्र सुभान नामजद हुआ है। जब अमीर हुसैन व उनके बेटे खेत पर पहुंचे तो विरोधियों ने उन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमलावर भूरा फावड़े से वार कर रहा था। अमीर हुसैन का कहना है कि हमलावर उनके बेटे इशरत अली की जान से मारने की योजना में थे, गनीमत रही कि इशरत के बेटे कमरे आलम, बाबू व छोटे मौके पर थे तो उनकी जान बच गई।

> पीड़ित पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार जानलेवा हमला करने में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुई है। हमला करने वाले मुराद और इसका एक बेटा अनीस गिरफ्तार भी हो गया है। अन्य हमलावरों की पहचान कर उनकी भी गिरफ्तारी को पुलिस टीम लगी है।
>
> **-संजय कुमार**, थानाध्यक्ष-मूंढापांडे

इब्राहिम हेल्थ केयर के संचालक पर रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : डिप्टी सीएमओ ने इब्राहिम हेल्थ केयर के संचालक मोहम्मद जीशान के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत मैनाठेर थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है।

शुक्रवार देर रात में दर्ज हुए मामले में डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया है कि संचालक मोहम्मद जीशान की शैक्षिक योग्यता बीएससी नर्सिंग और आमीर हुसैन इंटरमीडिएट है। डिप्टी सीएमओ को अस्पताल में मेडिकल स्टोर भी चलता मिला है। मौके पर मरीज ओमवती पत्नी ओमकार निवासी 26/फ नरोदा कुंदरकी अस्पताल में भर्ती पाई गई है। इस संबंध में संचालक ने बताया है कि डॉ. अब्दुल मजीद ने ऑपरेशन किया है और ये एमबीबीएस एमएस हैं। लेकिन, डिप्टी सीएमओ को निरीक्षण में कोई भी चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टॉफ प्रशिक्षित नहीं मिला।

सलाह | 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों पर एक नजर जरूर डाले, तैयारियों में मिलेगी मदद

कमजोर क्षेत्र में अधिक मेहनत करें विद्यार्थी

बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सीबीएसई और यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में अब कम समय रह गया है। ऐसे में छात्र-छात्राओं पर कम समय में तैयारी करने का दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में इन्हें ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। शिक्षा विशेषज्ञों की माने तो आखिरी कुछ दिनों में इन बातों को ध्यान रखे।

राजेंद्रा एकेडमी के शिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि परीक्षा की तैयारी करते हुए पिछले 10 सालों के पेपर पर एक बार नजर जरूर डालें। इससे आपको पेपर के पैटर्न का अंदाजा लग जाएगा। साथ ही प्रश्नपत्र में किस तरह के सवालों को जगह दी जाती है इसका भी अंदाजा आपको लग जाएगा। उन्होंने बताया कि सफलता के अगर 10 सूत्र बनाए जाएं तो रिवीजन उनमें टॉप पर होगा। बिना रिवीजन किए आप अगर परीक्षा में पहुंच जाते हैं तो दो बातें हो सकती हैं। पहला ये कि अगर सवाल कहीं थोड़ा घुमा कर पूछा तो आप उसके जवाब को जानते हुए भी शायद सवालों में ही उलझ कर रह जाएं और दूसरा ये कि कई बार पेपर के प्रेशर में हम सवालों के जवाब याद नहीं कर पाते। रिवीजन कर लेने से इस तरह की समस्या अपने आप ही कम हो जाती हैं।

विषय को समझने की कोशिश करें

कभी भी किसी भी टॉपिक को रटने की कोशिश न करें। इससे आप खुद को ही परेशानी में डाल सकते हैं। इसलिए बेहतर है कि चीजों को समझने की कोशिश करें। ज्यादा से ज्यादा चीजों पर समझ बनाने का ये फायदा होगा कि कभी किसी सवाल के जवाब में आपको सीधे-सीधे जवाब नहीं आ रहा हो तब आप अपनी समझ के आधार पर सवाल के जवाब लिख सकते हैं। इससे पहले कि आप संबंधित विषय के उन हिस्सों को दरकिनार करना शुरू करें जिन पर आपकी पकड़ थोड़ी कमजोर है, उन वीक एरिया पर थोड़ी ज्यादा मेहनत करके उन्हें मजबूत बना लें। इससे फायदा ये होगा कि जिन एरिया में आप मजबूत हैं वो आप रिवीजन से ठीक कर सकते हैं और जिन पर आपकी पकड़ कमजोर है वो भी ठीक हो जाएंगे।

अच्छे नंबर लाने के लिए खेलकूद भी जरूरी

जब तक शरीर फिट नहीं रहेगा तब तक दिमाग भी सही तरीके से काम नहीं करता। पढ़ाई के साथ-साथ आप शरीर पर भी ध्यान जरूर दें। क्योंकि अगर आपके शरीर में कोई तकलीफ रहेगी तो आपको पढ़ाई में मन भी नहीं लगेगा और कोई टॉपिक याद भी नहीं होगा। इसलिए अपने शरीर को फिट रखने के लिए हर दिन अब आपको जो भी शौक हो यानी कि आप क्रिकेट खेलते हैं, फुटबॉल खेलते हैं या बैडमिंटन खेलते हैं उसे ना छोड़े। बल्कि जैसा आप रोजाना खेलते हैं उसी तरीके से हर दिन 1 से 2 घंटे खेलकूद जरूर करें।

थर्माकोल फैक्ट्री के पीछे जुआ खेलते चार पकड़े

मुरादाबाद, अमृत विचार : मैनाठेर थाना पुलिस ने शुक्रवार रात में गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के विरुद्ध दरोगा एफआईआर भी दर्ज कराई है। पुलिस टीम के साथ दरोगा उम्मेद सिंह पोरवाल रात में गश्त करते हुए फरीदपुर हमीर पहुंचे थे। खबर मिली कि कुछ लोग थर्माकोल फैक्ट्री के पीछे हाईटेंशन लाइन के खंभे के पास जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से ताश के पत्ते व रुपये भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार लोगों में जाबिर हुसैन, जाकिर, अशोक कुमार उर्फ रवि और हरिओम हैं। ये सभी नूरपुर गांव के रहने वाले हैं। दरोगा ने बताया कि इन आरोपियों के पास से उन्होंने कुल 1250 रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

प्लाट दिलाने के नाम पर ठगे 30 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने महिला समेत 10 आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं जालसाजी का मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर पीड़ित को धमकाने का भी आरोप है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने प्लॉट दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये ठग लिए है।

नागफनी के डिप्टीगंज निवासी पीयूष मोहन सिन्हा की ओर से मानिक कंसल ने दर्ज कराया है। मानिक कंसल ने पुलिस को बताया है कि छजलैट के गांव अकबरपुर चैदरी निवासी आसिफ खान और छजलैट के मनोज चौधरी से उनकी मुलाकात कांठ के सलेमपुर निवासी महमूदा खातून, उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रतनपुर रुड़की निवासी शब्बीर अहमद व अशरफ अली, रुड़की के भरतपुर निवासी अकबर और रुड़की के ही उन्डेड़ी कान्हापुर निवासी सीताराम व उसके भाई ओमप्रकाश से कराई थी। उनकी मुलाकात सिविल लाइन के जिगर कॉलोनी निवासी सुहैल इकराम व अलमाब हुसैन के साथ हुई थी। इन सभी ने उन्हें बताया था कि अगवानपुर चौकी क्षेत्र में डेंटल हॉस्पिटल के पीछे उनका प्लॉट है। आरोपियों ने उनसे संबंधित प्लाट का सौदा 30,01,000 रुपये में किया था। इसके बाद धनराशि भी बैंक खाते से ले लिए थे। लेकिन, बैनामा के लिए तय तारीख पर आरोपी रजिस्ट्री ऑफिस नहीं पहुंचे थे। पीड़ित के मुताबिक, जब उस जमीन के बारे में छानबीन की तो पता चला कि आरोपियों में से किसी के पास भी उसे संबंधित संपत्ति का मालिकाना हक ही नहीं है, जिसका उन्होंने सौदा कर रखा है। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी धमकी देने लगे। 23 दिसंबर 2023 को दोपहर के समय जब पीड़ित ने आरोपी को कॉल किया तो आरोपियों ने रुपये देने से मना कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। फिर पीड़ित ने एसएसपी के सामने पेश होकर घटना बताई तो एफआईआर के आदेश हुए हैं। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शब्बीर अहमद, अशरफ अली, महमूदा खातून, अकबर, सीताराम, उसके भाई ओमप्रकाश, आसिफ खान, सुहैल इकराम, मनोज चौधरी और अलमाब हुसैन के खिलाफ धोखाधड़ी व जालासाजी और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

एक नजर

14 को होगा बसंत महोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार : सर्व जन हिताय संस्था की ओर से 14 फरवरी को बसंत महोत्सव का आयोजन रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में किया जाएगा। इसमें मां सरस्वती पूजन, शुभ आरती, प्रसाद वितरण होगा। इसमें अयोध्या धाम से कथा व्यास विकास कृष्ण शास्त्री प्रवचन देंगे। आयोजन में अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा, नीरज कुमार राय, जोगेंद्र सिंह, मालती राय, पीके पाण्डेय, राहुल राय, धनंजय मिश्रा, शिवानंद राय, पंकज केसरी, अजीत कुमार, अर्चना शर्मा, गोविंद शाह, आशा उपाध्याय आदि का सहयोग रहेगा।

बकरिया पहुंचे बसपाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : गांव चलो अभियान के तहत शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की कांठ विधानसभा का कैडर कैंप बकरिया गांव में आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष सुनील आजाद एडवोकेट ने कहा कि महापुरुषों ने बहुजन आंदोलन को गति दी है, उसे धरातल पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उतारा है। महापुरुषों के नाम पर जिलों का नाम रखा। भाईचारा पैदा कर प्रदेश में अमन कायम किया।

चुनाव से पहले युवाओं को संगठन से जोड़ रही बसपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सेक्टर वार बूथ को मजबूत करने की कवायद में पदाधिकारी

अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी इन दिनों सेक्टर और बूथ कमेटियों में कैडर कैंप आयोजित कर रही है। कार्यकर्ता और युवाओं को बहुजन मूवमेंट का पाठ पढ़ाया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में फिलहाल एकला चलो की राह पर बढ़ रही है। पार्टी बूथ को मजबूत करने में जुटी है। इसके लिए युवाओं को संगठन की स्थापना का उद्देश्य समझा रही है।

सेक्टर और बूथ कैंप में वरिष्ठ सदस्यों को भेजा जा रहा है। 27 जनवरी से दूसरे चरण में संगठन ने यह अभियान शुरू किया है। बसपा का बूथ प्रबंधन कुछ इस प्रकार है। एक सेक्टर में 10 से 12 बूथ हैं जिसके, 12 कार्यकर्ता पदाधिकारी बनाए गए हैं। विधानसभा वार कैडर कैंप शुरू हैं। प्रत्येक विधान सभा में 250 से 400 कार्यकर्ताओं को इन शिविरों में एकत्र किया जा रहा है। कैंप में कार्यकर्ताओं को संगठन के वरिष्ठ सदस्य बहुजन समाज पार्टी की स्थापना का उद्देश्य समझा रहे हैं। बहुजन मूवमेंट की व्यापक चर्चा हो रही है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के चार सरकारों के कार्यकाल की उपलब्धियां की विस्तार से बातें कार्यकर्ताओं को बताईं जा रहीं हैं।

पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ.सुनील आजाद कहते हैं कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने तक यह अभियान जारी रहेगा। कैडर कैंप में जिलाध्यक्ष, मंडल को-ऑर्डिनेटर, जिला प्रभारी, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और वरिष्ठ जनों को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना है। कार्यकर्ताओं को शिविर में एकत्र करने का लक्ष्य दिया गया है। कैडर कैंप में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता तैयार किये जा रहे हैं। युवा कैडर ही बूथवार काम करेगा।

टिमिट में आयोजित फ्रेशर पार्टी में झूमे छात्र-छात्राएं

मुरादाबाद, अमृत विचार: टिमिट में एमबीए, एमबीए (एमएचए), एमबीए (साइबर सिक्योरिटी) एवं एमबीए (कारपोरेट) के विद्यार्थियों की फ्रेशर पार्टी का आयोजन एमबीए अंतिम वर्ष द्वारा किया गया।

आरंभ कॉलेज के निदेशक प्रो. विपिन जैन व शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में हास्य नाटक, नृत्य, गीत-संगीत, रैंप वॉक, शायरी आदि का प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रो. जैन ने मैनेजमेंट विषयों को किस प्रकार जीवन में लागू किया जा सकता है, इस पर प्रकाश डाला। मिस्टर फ्रेशर अमृत रस्तोगी, मिस फ्रेशर साक्षी, मिस्टर अटायर आरुष, मिस अटायर अरिहंता, मिस्टर परफार्मर फैज, मिस परफार्मर कृति, मिस्टर हैंडसम दिव्यांशु, मिस चार्मिंग खुशी, मिस्टर वर्सेटाइल अजय, मिस वर्सेटाइल शगुन, मिस्टर पर्सनलिटी सूर्यांशु, मिस पर्सनालिटी चाहत रहीं।

चंदौसी रेलवे स्टेशन को किया जा रहा विकसित, उपलब्ध रहेंगी आधुनिक सुविधाएं

दोहरीकरण से पहले स्टेशन का होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना चंदौसी का कायाकल्प करेगी। मुरादाबाद-चंदौसी (44 किलोमीटर) ट्रैक दोहरीकरण के पहले इस रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना है। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं और पहचान के लिए विकसित किया जा रहा है।

रेल सेवा विस्तार के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। यह योजना निश्चित दृष्टिकोण के आधार पर विकास की परिकल्पना के आधार पर तैयार की गयी है। इसी माह अंतरिम बजट में सरकार ने साल 2019 की चयनित रेल दोहरीकरण का धन अवमुक्त कर दिया है। इस मद में 400 करोड़ रुपये व्यय हो रहा है। उधर, बीते साल इस खंड का विद्युतीकरण कर दिया गया, जिससे अब ट्रेनों की गति बढ़ गयी है। इसे रेल खंड का मालवाहक गाड़ियों के मुख्य रूट के तौर पर प्रयुक्त किया जा रहा है। विभाग की योजना में इस बात का ऐलान है कि स्टेशन तक आसान पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंगहॉल, शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की सुविधा देना है।

मास्टर प्लान के आधार पर यह कार्य किया जाना है। एक स्टेशन एक उत्पाद, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, लाउंज, प्याऊ के लिए नामांकित स्थान, भू-निर्माण जैसी योजनाएं तय हैं। भवन सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों तरफ से एकीकृत करना, मल्टी-मॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित ट्रैक, रूफ प्लाजा की भी परिकल्पना की गई है। लंबे समय में स्टेशन पर सिटी सेंटरों का निर्माण होना है। आधुनिकीकरण के लिए देश के 1309 स्टेशनों में चंदौसी स्टेशन भी एक है।

ऐसे विकसित होगा चंदौसी रेलवे स्टेशन

ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार और सर्कुलेटिंग एरिया (2877 वर्ग मीटर) का सौंदर्यीकरण
प्रवेश द्वार का प्रावधान (260 वर्ग मीटर)
दिव्यांग शौचालय सुविधाओं का प्रावधान (15 वर्गमीटर)
अग्रभाग एवं उन्नयन कार्यों में सुधार
एसी वेटिंग हॉल (82 वर्ग मीटर) का निर्माण
शौचालय ब्लॉक (पुरुष एवं महिला) (147 वर्ग मीटर) का प्रावधान
पार्किंग क्षेत्र का प्रावधान (968 वर्गमीटर)
रैंप सहित 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज

मंडल में कुल 17 स्टेशन इस योजना में चयनित हैं। रेलवे की गति शक्ति योजना को स्टेशनों के विकास का जिम्मा सौंपा गया है। पहली बार इस तरह से स्टेशन के कायाकल्प के लिए योजना पर कार्य शुरू हुआ है। योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन की तरह चंदौसी को विश्व स्तरीय रेल सेवाओं के लिए चुना गया है।

-सुधीर सिंह, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक

प्रधानमंत्री आवास की किस्त हड़पने का आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना में मां के नाम स्वीकृत हुए आवास बनाने के लिए आए रुपये पिता ने खर्च कर डाले। मां की मृत्यु के बाद पुत्र उस आर्थिक मदद से अपना घर बनाना चाहता था, लेकिन पिता ने उसे पहली किस्त के बाद दूसरी किस्त के रुपये नहीं दिए।

बेटे का आरोप है कि मां की मौत के बाद उसका पिता अपने साले की पत्नी के पास रहता है और उससे उसके अवैध संबंध हैं। आवास बनाने को आए रुपये भी उसे ही दे दिए। इस मामले में मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार ज्ञानी वाली बस्ती के अमित विश्वकर्मा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। एसएसपी के सामने पेश होकर पिता से किस्त के रुपये दिलाने की मांग की है। अमित ने बताया कि मां ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन किया था, जो स्वीकृत हो गया। लेकिन, इसी बीच मां की मौत हो गई थी तो आर्थिक मदद उनकी मां के ही बैंक खाते में आई थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि अमित के पिता को बुलाकर उसे मकान निर्माण के लिए योजना से आए रुपये दिलाएंगे।

सुलह-समझौते से कराएं समस्या समाधान

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मूंढापांडे व कुंदरकी में समाधान दिवस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ कुंदरकी

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मूंढापांडे व कुंदरकी थाने में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका सुलह समझौते के आधार पर त्वरित समाधान करने पर जोर दिया।

थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने थाने में सुलह समझौता के लिए भेजे गए कुंदरकी थाने में 5 और मूंढ़ापाण्डे में तीन प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया। थाना मूढ़ापाण्डे के शेष दो प्रकरणों में रिपोर्ट मांगी। कहा कि प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसमें शिथिलता नहीं चलेगी। शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी दी जाए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के अलावा तहसीलदार, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में रजिस्टर चेक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना।

एसपी ग्रामीण ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

मैनाठेर, अमृत विचार : शनिवार को समाधान दिवस में पहुंचे अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनका तुरंत निस्तारण कराने के आदेश दिए। मैनाठेर थाने में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें अपराध और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जनता की समस्या सुनने के लिए पहुंचे एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने जनता की शिकायत सुनकर उनका निस्तारण कराने के आदेश दिए। जबकि कुछ शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने अधीनस्थों को प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ग्रामीण ने कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्रमुखता से सुना जाए। साथ ही उनका बिना भेदभाव व जांच के बाद निस्तारण किया जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन शर्मा, चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक राखी शर्मा, लेखपाल परवेज अली, शरीफ अहमद, मो. फहीम, मोईन अली आदि मौजूद रहे।

ट्रेन मैनेजर अनूप की मौत की जांच की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार: दिल्ली रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल में ट्रेन मैनेजर अनूप सागर की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नार्दन रेलवे मेंस (नरमू) के सदस्यों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मामले में अस्पताल के सीएमडी और रेलवे महाप्रबंधक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

शनिवार को संगठन के शिविर कार्यालय पर कर्मचारियों ने अनूप की मौत के लिए दिल्ली सेंट्रल हॉस्पिटल के डॉक्टर को लापरवाह ठहराया। नरमू के मंडल मंत्री राजेश चौबे ने कहा कि संगठन ने अस्पताल के मुख्य प्रबंध निदेशक और रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजा है। इस मामले में कर्मचारी के परिवार को न्याय मिलने तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। बैठक में संगठन के सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, स्टेशन शाखा के मंत्री आईवन एडिशन, गार्ड गौतम सिंह, संजय वर्मा, रोहित शर्मा, विशाल अरोड़ा, अवधेश, वीरेंद्र सिंह यादव, विनय पाल तनुज, गौरव, महेंद्र सिंह, अक्षय जैन, रोहित, विशाल अरोड़ा, विकास, वीरेंद्र यादव ने अपने विचार रखे।

लूट व धोखाधड़ी रोकें, गश्त पेट्रोलिंग को करें मजबूत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में की अपराध समीक्षा बैठक

अमृत विचार : एसएसपी हेमराज मीना ने शुक्रवार की रात पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक की। इसमें सीओ, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी थे। एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं एवं शिकायतों के निस्तारण की गति बढ़ाने और लंबित प्रार्थना पत्रों की संख्या कम करने को कहा और अनसुलझे व लंबित मामलों पर चर्चा की।

एसएसपी ने कहा कि महिला संबंधी अपराध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सर्किल क्षेत्र के अधिकारी महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध व लंबित मामलों के साथ चिटफंड कंपनी से संबंधित शिकायतों एवं आईटी एक्ट प्रकरण की अपने स्तर पर समीक्षा की जाए। इन मामलों में एसएसपी ने टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी विवादों में दोनों पक्षों पर कार्रवाई करें। थानावार लंबित अपराध, शिकायत, सम्मन/वारंट, चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध दर्ज मामलों की समीक्षा की। थाना प्रभारियों को क्षेत्र में आगामी त्योहार व चुनाव के दृष्टि से कानून, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र मजबूत करने की सलाह दी है। एसएसपी ने संपत्ति संबंधी अपराध जैसे लूट, चोरी, धोखाधड़ी को रोकने के लिए अधिक से अधिक कार्रवाई करने और रात में गश्त-पेट्रोलिंग को मजबूत करने की हिदायत दी है। थाना क्षेत्र के बदमाशों पर सतत निगाह रखने को कहा है। सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने व मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध शस्त्र, जुआ-सट्टा से जुड़े लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा है। थानों पर लंबित माल के आवश्यक निराकरण करने व क्षेत्र के सामाजिक संस्थानों, व्यापारियों एवं नागरिकों से संपर्क कर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी विवादों में दोनों पक्षों पर कार्रवाई करें। थानावार लंबित अपराध, शिकायत, सम्मन/वारंट, चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध दर्ज मामलों की समीक्षा की। एसएसपी ने अभियान में जनता से संपर्क कर ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर क्राइम, एटीएम फ्रॉड व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने की सलाह दी है।

यशपाल अरोड़ा लॉन टेनिस एकल व डबल्स में रनरअप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के लॉन टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने एलेक्जेंडर एथलेटिक्स क्लब मेरठ में आयोजित वर्ल्ड मास्टर टेनिस टूर एमटी 400 लॉन टेनिस टूर्नामेंट में 55 प्लस में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एकल व डबल्स में भाग लेते हुए दोनों ही वर्गों में रनरअप की ट्राफी अपने नाम की। उनके इस प्रदर्शन से खिलाड़ियों में खुशी है।

एकल के फर्स्ट राउंड में उनका सामना नैनीताल के ललित बेलीवाल से हुआ जिसमें उन्होंने ललित को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका सामना जॉर्ज से हुआ। इसमें 1-6 , 1-6 से हार का सामना करना पड़ा और रनरअप की ट्रॉफी से ही संतोष करना पड़ा। इसी टूर्नामेंट में यशपाल अरोड़ा और जॉर्ज वर्घेस की जोड़ी ने डबल्स का मुकाबला साथ खेलते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। जहां उनका सामना आलोक भटनागर और अमित संगल से हुआ। संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 1-6 और 3-6 के स्कोर से हराकर रनर अप की ट्रॉफी हासिल की।

दोनों हाथ में ट्रॉफी लिए लॉन टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा। ● अमृत विचार

साइबर सुरक्षा पर मिलकर कार्य करने की जरूरत

मुरादाबाद, अमृत विचार: हिंदू कॉलेज में समाजशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शनिवार को समापन हो गया। द्वितीय दिवस की शुरुआत भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से तकनीकी सत्रों से हुई।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के पूर्व निदेशक प्रो. बी एन सिंह ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल किसी एक इकाई की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के सभी क्षेत्रों से ठोस प्रयास की आवश्यकता है। तकनीकी सत्र में अंग्रेजी विभाग के प्रो. पूजन प्रसाद और शिक्षा संकाय की प्रभारी डॉ. रेनू यादव तथा चतुर्थ तकनीकी सत्र में अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. प्रियांशा सिंह एवं अंग्रेजी विभाग के प्रो. आशुतोष सक्सेना ने विभिन्न सत्रों में आए शोध पत्रों का विश्लेषण किया।

स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर स्वच्छता के लिए जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय की दोनों इकाइयों द्वारा प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में प्रथम एक दिवसीय शिविर स्वच्छता अभियान के रूप में बनाया गया। शिविर का आरंभ मां सरस्वती की वंदना और राष्ट्रीय सेवा योजना के गीत द्वारा हुआ।

स्वयंसेविकाओं ने योग करने के बाद महाविद्यालय द्वारा गोद ली गई बस्ती नई बस्ती और घोसी की गली में घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में समझाया। स्वयंसेविकाओं ने लोगों को बताया कि आप सब अपने घर के साथ-साथ अपने आसपास की गलियों और नालियों की सफाई रखें। जिससे हम सब बड़ी-बड़ी बीमारियों से बच सकें। शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं को संदेश के माध्यम से महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहां स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण पहल है। शिविर में प्रियंका, प्राची सोनाली, प्रीति ,नीतू, मरियम आदि ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

नई बस्ती में महिला को स्वच्छता के प्रति जागरूक करती स्वयंसेविकाएं।

चौ. साहब को सम्मान देने पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा के बाद जाट समाज में खुशी है। जगह-जगह गांवों में मिठाई बांटी जा रही है। मूंढापांडे ब्लॉक के मेवला की महिला प्रधान ने गांव की महिलाओं व बच्चों में मिठाई का वितरण किया। वहीं आशियाना कॉलोनी में उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के उपाध्यक्ष ने मिठाई बांटी।

शनिवार को मूंढापांडे विकासखंड की ग्राम पंचायत मेवला की प्रधान गार्गी चौधरी ने गांव के पंचायत घर पर लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर मिठाई बांटी। गांव की बुजुर्ग महिला उमेश देवी ने चौधरी चरण सिंह के बारे जानकारी देते हुए उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को साझा किया।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जाट समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। बुजुर्ग महिला और गांव प्रधान को फूल माला पहनाकर बाजे के साथ जाट समाज की महिलाओं ने जुलूस निकाला। जुलूस में छाया चौधरी, रचना चौधरी, मोनिका चौधरी, विमला चौधरी आदि शामिल रहीं। वहीं आशियाना कॉलोनी में उत्तर प्रदेश प्रधान संघ के उपाध्यक्ष रावेंद्र सिंह ने चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न की उपाधि देने पर कालोनी में मिठाई बांटी।

गांव मेवला में बुजुर्ग महिला को फूलों की माला पहनातीं ग्राम प्रधान गार्गी। ● अमृत विचार

वार्षिक उत्सव प्राथमिक विद्यालय मिलक गौहरपुर के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मिलक गौहरपुर के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। नियमित रूप से स्कूल आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए सभी से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान किया गया।

वार्षिकोत्सव की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा चार के छात्र प्रियांशु ने अंग्रेजी में स्टोरी सुनाई। अनमोल, अनिसा, लवली, कौशल, शिवम आदि ने भी गीत और कविताएं सुनाकर तालियां बटोरीं। अभिनीता, दिव्यांश, आरव, आराधना आदि ने डांस प्रस्तुत कर मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एसआरजी डा. ऋतु त्यागी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आह्वान किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अतर सिंह ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका प्रेमलता गौड़, विजय लक्ष्मी, सुशील कुमार, राकेश, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

वार्षिक उत्सव में मेडल पाकर उत्साहित बच्चे, साथ में शिक्षक और शिक्षिकाएं।

नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों को उपहार देती शिक्षिका।

नगर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों में वार्षिकोत्सव का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के निर्देश पर महानगर के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में भी वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बेहतर प्रस्तुति करने वालों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम नगर, कम्पोजिट विद्यालय गांधी पार्क, प्राथमिक विद्यालय लाइनपार, प्राथमिक विद्यालय मुफ्ती टोला, प्राथमिक विद्यालय कटघर पूर्वी में विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में बच्चों ओर अभिभावकों में स्कूलों के प्रति लगाव उत्पन्न करने, सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करने और स्कूलों में रुचिपूर्ण वातावरण बनाने के लिए वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन में विद्यालयों के क्रियाकलापों, सरकारी योजनाओं, निपुण भारत मिशन, कायाकल्प सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी बच्चों को दी गई। आयोजन में राहुल शर्मा, रत्नेश बाला, शालिनी, रश्मि यादव, आरती रानी, रेखा चौहान, सुजाता यादव, लवली सक्सेना सहित अन्य शिक्षक और बच्चों के अलावा अभिभावक आदि मौजूद रहे।

कानपुर में छाए पीतल नगरी में बने उत्पाद

मुरादाबाद, अमृत विचार: बेजोड़ मुरादाबादी नक्काशी का जादू कानपुर के बिठूर में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव एवं ओडीओपी मेले में दमका। यहां के हस्तशिल्प उत्पादों की सभी ने सराहना की।

राष्ट्रीय शिल्प पुरस्कार प्राप्त मुरादाबाद के शिल्पकार इकराम हुसैन ने शनिवार से नानाराव पार्क, बिठूर में आरंभ हुए हस्तशिल्प मेले में मुरादाबाद की अनूठी नक्काशी कला का लाइव प्रदर्शन किया। मेले में पहुंचे कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इकराम हुसैन के लाइव प्रदर्शन को देखा और मुरादाबाद की खास नक्काशी को पीतल पर अपने हाथों से गढ़ रहे शिल्पकार के हुनर व मेहनत को सराहा। तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कैलाश खैर, मैथिली ठाकुर समेत कई हस्तियां पहुंच रही हैं।

कोठीवाल इंस्टीट्यूट में कैंपस इंटरव्यू में चयनित छात्र व अन्य। ● अमृत विचार

कोठीवाल इंस्टीट्यूट के 4 छात्रों का चयन

मुरादाबाद, अमृत विचार: कोठीवाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं प्रोफेशनल स्टडीज में शनिवार को एलएम सॉफटेक बरेली की ओर से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। यह इंटरव्यू बीटेक अंतिम वर्ष के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिग के छात्र-छात्राओं के कॅरिअर के लिए हुआ। इसमें इंस्टीट्यूट के 4 छात्रों को नौकरी मिली।

कंपनी के निदेशक हरभजन सिंह मोगा ने सबसे पहले कंपनी का संक्षिप्त परिचय दिया। कंपनी के तकनीकी सहायक आयुष शर्मा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर से संबंधी संभावनाओं के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं की क्षमता को परखा व कंपनी की अपेक्षा के अनुसार विद्यार्थियों में संभावनाओं को तलाशा। इसमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच के दिव्यांक चौहान, विशाल शर्मा, ओम पंत और सौरभ कुमार का चयन हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. केके मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंहा, प्राचार्य अतुल कुमार राय ने छात्रों को बधाई दी।

एक नजर

मारपीट करने के मामले में तीन गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव असलेमपुर में दो पक्षों में रास्ते के विवाद को लेकर गाली गलौज के बाद मारपीट हो गयी। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। सूचना पर उपनिरीक्षक छविनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में पुलिस ने तेजराम, जसवंत सिंह पुत्र विक्रम सिंह व जोनी कुमार पुत्र रमेश सिंह को गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद तीनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

भाजपा ने पोस्टर चिपकाओ अभियान चलाया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आशु अग्रवाल के नेतृत्व में पढ़ेगी बेटियां बढ़ेंगी बेटियां के प्रचार प्रसार हेतु नगर के चार वार्डों में पोस्टर चिपका कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड 1, 12 ,15 और 17 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से संबंधित जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जय वर्मा आशु, ओम कमार, सुधीर नायक आदि मौजूद रहे।

नवोदय में कक्षा नौ में प्रवेश को 248 छात्रों ने दी परीक्षा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला ठाकुरद्वारा में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए शनिवार को 248 एवं कक्षा 11 के लिए 25 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। विद्यालय के प्राचार्य संतोष गौरव ने बताया कि शनिवार को परीक्षा सुबह 11 :00 बजे से 1 : 45 बजे तक शान्तिपूर्ण संपन्न हुई। कक्षा 9 के लिए कुल 348 अभ्यर्थियों व कक्षा 11 के लिए 41 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। उक्त प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण उप जिलाधिकारी अजय मिश्रा द्वारा किया गया।

अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसान परेशान

छजलैट, अमृत विचार : कांठ तहसील क्षेत्र के आसपास सैंकड़ों एकड़ भूमि की सिंचाई नहर द्वारा की जाती है। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों को समय से पानी न मिलने से परेशानी हो रही है। किसानों ने समस्या के समाधान की मांग की है।

बूथों पर 90 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में पहुंचे जिलाधिकारी और एसएसपी

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : शनिवार को नगर पहुंचे जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम केजेएलएम इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया था। पिछले चुनाव में इसी बूथ पर कम मतदान को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित बीएलओ से सवाल भी किए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में छह बूथ हैं। गत विधानसभा चुनाव में बूथ संख्या 429 और 431 पर मतदान 42 प्रतिशत हुआ था। इस बार इन बूथों पर 90 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य है।

डीएम ने बूथ संख्या 429 पर तैनात बीएलओ चंचल से पूछा कि 2019 के चुनाव में इस बूथ पर केवल 42 प्रतिशत वोटिंग हुई जोकि काफी कम है और भाग संख्या 431 पर भी मतदान कम हुआ। वहीं बीएलओ वीर सिंह से भी सवाल किए। जबकि इस बूथ को एक आदर्श बूथ बनाया गया था। लेकिन फिर भी यहां पर बीते चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इस पर बीएलओ ने कहा कि ज्यादातर लोग बाहर अपने-अपने कामों पर थे। इसलिए प्रतिशत कम रहा। इस बार घर-घर जाकर सभी को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी ने छात्राओं से मतदान से संबंधित वार्तालाप भी किया। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार के और आसपास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक करें।

सभासद नाजिम उस्मानी और शमीम अहमद ने लाइन पर कोई बूथ नहीं होने के चलते लोगों की परेशानी जिलाधिकारी को बताई। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकार बिलारी राजेश यादव थाना, प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी शैलेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार लोकेश यादव, खलील अहमद एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन एडवोकेट मेहदी हसन, सभासद नाजिम उस्मानी, शमीम अहमद, अब्दुल्ला पठान, प्रधानाचार्य रफत अली खान, पूर्व चेयरमैन मेहंदी हसन, प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार गुप्ता, नफीसुल हसन फौजी, प्रधानाचार्य नवाब हुसैन, प्रधानाचार्य अमर सिंह सैनी, तसलीम अहमद, नाजिम उस्मानी, अख्तर रज़ा, चांद बाबू, ताहिर खान, फहीम खान, यामीन खान, इदरीस अहमद, निशात जहां, रिजवान खान, मोबीन अख़्तर, अब्दुल खालिक, फिरोज खान, सुहैबुल्लाह, इमरान खान, रिजवान अन्सारी, शहरयार खान, रिजवान खान लतीफी, सलीम, अनबार अहमद, विजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी और एसएसपी। ● अमृत विचार

अभियान

- छात्रों से आसपास के लोगों को जागरूक करने का आह्वान
- पिछले चुनाव में कम मतदान पर बीएलओ से की चर्चा

किसानों के मसीहा को भारत रत्न देने पर हर्ष

बिलारी, अमृत विचार : किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा पर किसानों ने मिठाई बांट कर खुशी मनाई।

शनिवार को क्षेत्र के लोग चौधरी चरण पार्क शाहबाद रोड पर एकत्र हुए। जहां चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष सुनील लाठर ने कहा कि चौ. साहब को यह सम्मान बहुत समय पहले मिल जाना चाहिए था। बिलारी में 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री के समक्ष चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग रखी थी। उदयपाल सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न दिए जाने पर मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भूरे सिंह फौजी, ओमप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, भयराज सिंह, खिलेन्दर सिंह, आनंदवीर सिंह, निहाल सिंह लाठर, रचित माथुर, राम सिंह, अवनीश चौधरी, विक्की, सचिन लाठर, सरजू सिंह आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

मिस्टर आरपीके चुने गए मोहम्मद हसनैन के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

मिस्टर आरपीके हसनैन व मिस आरपीके श्वेता बनी

बिलारी, अमृत विचार : नगर के रुस्तम नगर सहसपुर स्थित रानी प्रीतम कुवंर हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना, गणेश वंदना की गई। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर, निर्देशिका मीनाक्षी प्रसाद एवं परमानंद सक्सेना रहे। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को उनके वर्ष भर के आचरण के अनुरूप उन्हें प्रशस्ति कार्ड प्रदान किए गए एवं कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान मिस्टर आरपीके मोहम्मद हसनैन एवं मिस आरपीके श्वेता चयनित हुई। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ विदाई समारोह

कुंदरकी, अमृत विचार : शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम डींगरपुर स्थित हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रबंधक हाजी महमूद जावेद ने छात्रों का फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया और प्रवेश पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य मशहूर अहमद ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को उत्सव की तरह लेना है। इसलिए छात्रों को बिना किसी तनाव के परीक्षा में भाग लेना चाहिए। उप प्रधानाचार्य जहीरुल इस्लाम ने कहा कि बोर्ड परीक्षा अब नजदीक है। इसलिए सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि स्वस्थ मन व शरीर से ही छात्र परीक्षा में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर वसीयुद्दीन, अरुण कुमार, बृजेश कुमार शर्मा, इशरत अली, जहीरुल इस्लाम, हिमांशु शर्मा, प्रतीक भटनागर, सतीश कुमार, राजीव कुमार, मोहम्मद वसीम, शेर अली आदि उपस्थित रहे।

सड़क के उखड़ने से लोगों को परेशानी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : डीएसएम डिग्री कॉलेज सहित नगर के गली मोहल्ले में सड़क उखड़ी पड़ी है। जिससे वाहनों का निकलना तो दूर की बात है सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस मामले में नगर पंचायत के जिम्मेदार भी पल्ला झाड़ रहे हैं।

दशहरा मेला स्थल के पास 18000 किलो लीटर का ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा है। नगर निगम के ठेकेदारों ने पेयजल की पाइपलाइन बिछाने के लिए नगर के गली मोहल्लों में सड़कें उखाड़ कर छोड़ दी हैं। परंतु उनमें पाइप तक नहीं बिछाए गए हैं। सड़क पर मलबा पड़ा हुआ है। कहीं मिट्टी डाल दी गई है जो नीचे बैठ रही है। गड्ढों में वाहन के पहिएं धंस रहे हैं। वहीं यात्री मलबे में फंसकर चोटिल हो रहे हैं। डीएसएम डिग्री कॉलेज मार्ग पर इंटर कॉलेज, सहकारी मंडी समिति कार्यालय स्थित है। सुरेश, महेश व दिवाकर आदि ने कहा कि मार्ग से निकलना दूभर हो गया है। शनिवार को इस मार्ग पर ओवरलोड टाटा 407 का पहिया गड्ढे में धंस गया। जिससे वह पलटने से बच गई। इस दौरान मार्ग पर घंटों तक जाम रहा। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं नगर पंचायत के जिम्मेदार यह कहकर अपना पल्ला झाड़ रहा है कि यह कार्य उनके सीमा क्षेत्र में नहीं है।

गड्ढे में फंसा वाहन। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया

संवाददाता, भोजपुर

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

प्रथम शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयसेविकाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. नज़ाकत हुसैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वयंसेवकों को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हमें सड़क नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। दूसरे सत्र में डॉ. मनोज कुमार पारस, ज्ञानेंद्र सिंह एवं डॉ. सरस्वती ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के विषय में जानकारी दी।

जागरुकता रैली निकालते छात्र। ● अमृत विचार

सुरेंद्र विश्नोई के आवास पर मौजूद कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भेजा शोक संदेश

कांठ, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी सेवा दल के जिला सचिव सुरेंद्र विश्नोई की पत्नी के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने शोक संदेश भेजा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मुहम्मद अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस नेता सुरेंद्र विश्नोई की पत्नी का 8 फरवरी को निधन हो गया था। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी-अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य मुहम्मद अहमद के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल कांठ पहुंचा और शोक व्यक्त किया। कहा कि दु:ख की इस घड़ी में सभी कांग्रेसजन उनके परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मौलाना जाकिर, प्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश सचिव नेता मेहंदी हसन, फिरोज अनवर सलमानी, डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, शरीफ आजाद आदि मौजूद रहे।

कॉलेज में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

एवरग्रीन इंटर कॉलेज में छात्रों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : शनिवार को चकफाजलपुर रोड स्थित एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि प्रबंधक हाजी मेहंदी हसन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचालन प्रवक्ता नजबुल हसन हसन ने किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य शबाना, शाहनवाज हैदर, पुष्पेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, शाकिर अली, महफूज अली, अमित रंजन, रईस अहमद, भावना आदि मौजूद रहे।

बूथों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने की तैयारी कर ली है। एसडीएम व तहसीलदार ने मतदान केंद्रों, बूथों का निरीक्षण किया और वहां पर व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही अधीनस्थों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

एसडीएम कांठ सचिन राजपूत ने तहसीलदार आनंद कुमार नायक के साथ कांठ विधानसभा क्षेत्र के ऊमरी कलां, नगर पकबाड़ा तथा अगवानपुर क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण किया और वहां मतदान केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर जाकर सभी व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों की खिड़की के दरवाजे टूटे हुए हैं तत्काल उनकी मरम्मत कराकर अधीनस्थ इन्हें दुरुस्त कराएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के खिड़की, दरवाजे पूरी तरह दुरुस्त रहें और बिजली पानी की व्यवस्थाएं ठीक रहनी चाहिए, जिससे मतदान केंद्र पर किसी तरह की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अगर कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम सचिन राजपूत। ● अमृत विचार

निर्देश

- प्रशासनिक अधिकारियों ने किया बूथों का निरीक्षण
- लापरवाही करने पर संबंधित व्यक्ति पर होगी कार्रवाई

विधान सभा में विधायक ने उठाई क्षेत्र की समस्याएं

कांठ, अमृत विचार : विधान सभा में चर्चा के दौरान विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख़्तर ने लोक निर्माण विभाग के बजट पर चर्चा करते हुए सरकार को बजट को और अधिक प्रभावी बनाने वाले बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

चर्चा के दौरान विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार ने लोक निर्माण विभाग में एक नया मद शुरू किया है जिसका नाम है धर्मार्थ मार्गों का विकास। इस मद हेतु बजट में 1750 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित भी की है। अयोध्या, काशी आदि धार्मिक स्थानों का विकास होना भी चाहिए , लेकिन अन्य जगहों पर विकास किया जाना चाहिए। इनमें हरिद्वार को भी लाखों लोग मुरादाबाद से निकलकर कांठ होते हुए दर्शन के लिये जाते हैं। इस लिए यहां की सड़क को चौड़ा किया जाए। साथ ही रेलवे फाटक पर पुल का भी निर्माण किया जाए।

कोतवाली में तैनात मनीष कुमार को प्रशस्ति पत्र देते एसएसपी। ● अमृत विचार

आरक्षी मनीष कुमार को एसएसपी ने किया सम्मानित

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस में आरक्षी मनीष कुमार को सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने पर फरवरी का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी चुना गया है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने आरक्षी मनीष कुमार को अपनी डयूटी पर सजग रहकर अहम भूमिका निभाए जाने पर प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरणपाल सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने आरक्षी मनीष को प्रशस्ति पत्र मिलने पर शुभकामनाएं दी।

चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलक पुलिस ने अभियान चलाकर दो लोगों को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर दी है। मिलक पुलिस ने शमशाद उर्फ सतु पुत्र छोटे निवासी ग्राम भैंसोड़ी को ओशो वाटिका नर्सरी से करीब 40 कदम की दूरी पर धर्मपुरा की तरफ जाने वाले रास्ते से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा राम किशोर पुत्र चिन्तीलाल निवासी ग्राम किरा थाना मिलक को उदयपुर जागीर मोड़ से चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

समस्या जाम के कारण राहगीर और वाहन चालक रहे परेशान, जिम्मेदार मौन

ओवरलोड वाहनों से कपड़ा बाजार में लगा जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर के साप्ताहिक शनिवार कपड़ा बाजार में ओवरलोड वाहनों के चलते लंबा जाम लग गया। जाम इतना लंबा था कि एक घंटे तक वाहन चालकों फंसे रहे।

वहीं दो पहिया चालकों व पैदल यात्रियों को भी निकलना मुश्किल हो गया। इस दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए पुलिसकर्मी भी कहीं नजर नहीं आए। जबकि दो माह पूर्व उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने पुलिस प्रशासन व नगर पालिका को निर्देश दिए थे कि शनिवार के कपड़ा बाजार में कमालपुरी चौराहे से लेकर कदीर तिराहे व तिकोनिया पार्क तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण न होने पाए। जिसका असर मात्र दो शनिवारों को ही देखने को मिला। लेकिन उसके बाद फिर वहीं स्थिति बन गई।

नगर पालिका व पुलिस प्रशासन की अनदेखी के कारण कपड़ा व्यापारियों व ठेलों पर फल विक्रेताओं ने अधिकारियों के आदेश की परवाह न करते हुए सड़क किनारे सामान बेचने शुरू कर दिया। इस दौरान यह स्थिति रही कि पैदल चलने लायक भी रास्ता नहीं बचा। ओवरलोड वाहनों के आने-जाने से दिनभर उक्त मार्ग जाम में तब्दील रहा। यात्रियों व दूर दराज से आने जाने वाले वाले वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल व बाइक सवारों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान घंटों जाम की स्थिति बनी रही। जाम इतना लंबा लगा कि हाईवे पर स्थित तिकोनिया पार्क से कदीर तिराहा, कमलापुरी चौक, रामपाल द्वार, रतुपुरा मोड तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वही ई रिक्शा चालकों ने भी मनमानी की। आड़ी तिरछी रिक्शा लगा कर जाम की समस्या को बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों ने जाम के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। लोगों प्रशासन से शनिवार को रतुपुरा मोड, रामपालद्वार, कमलापुरी चौराहा, कदीर तिराहा, तिकोनिया पार्क पर यातायात सुचारु करने के लिए पुलिस बल तैनात करने की मांग की है।

कपड़ा बाजार में ओवरलोड वाहनों के चलते मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

परेशानी

- दो माह पूर्व उप जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के दिए थे निर्देश
- ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से भी लग रहा जाम

स्वामीनाथन को सर्वोच्च सम्मान देने पर खुशी जताई

बिलारी, अमृत विचार: डॉ. स्वामीनाथन को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने पर क्षेत्र के किसानों में खुशी है। नगर क्षेत्र के मूल निवासी (भाकियू)असली के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह से डॉ. स्वामीनाथन बहुत लगाव रखते थे। राष्ट्रीय किसान आयोग की रिपोर्ट की एक प्रति उन्होंने उपहार स्वरूप दी थी जो आज भी महक सिंह के पास सुरक्षित है। महक सिंह ने बताया कि डॉ. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन 2004 में किया गया था और उसकी रिपोर्ट 2008 में आई थी। 2009 में हरिद्वार में यूनियन के राष्ट्रीय शिविर में महक सिंह ने किसान आयोग की रिपोर्ट के विषय में स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत को जानकारी दी थी। तब टिकैत ने उन्हें स्वामीनाथन से मिलने को कहा था। डॉ. स्वामीनाथन ने बिलारी आने का भी वायदा किया था। लेकिन यह संभव नहीं हुआ था।

अधिवक्ताओं की एकता पर जोर

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : गांव ढकिया नरू के डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में अधिवक्ता एकता मंच की बैठक का आयोजन हुआ। अधिवक्ताओं ने एकजुटता का संकल्प लिया। इस बीच मुरादाबाद की दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे।

शनिवार को बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता एकता मंच के गठन को लेकर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को एकजुट होने के लिए संगठन बनाया गया है। अधिवक्ताओं का सम्मान बना रहे, जिसके लिए यह संगठन लगातार कार्य करता रहा है।

अधिवक्ताओं ने एकता मंच को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मुरादाबाद के दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव पर चर्चा हुई। चुनाव लड़ रहे अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप सिन्हा एडवोकेट, परमाल सिंह एडवोकेट के अलावा महासचिव पद के लिए अभिषेक भटनागर, राजेश कुमार एडवोकेट, सीनियर कार्यकारिणी के लिए श्याम रंजन एडवोकेट, बचन सिंह एडवोकेट, संयुक्त सचिव पद के लिए राजू गुप्ता एडवोकेट आदि ने भी विचार रखें। इस दौरान अध्यक्ष लखनवीर सिंह, सतीश पाल सिंह, चैतन्य पाल सिंह, विक्रांत कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, अब्दुल कुद्दूस, राजू गुप्ता, बृजलाल एडवोकेट, करतार सिंह एडवोकेट, राजेश कुमार मुन्नालाल, नंदकिशोर यादव, शरद बिहारी लाल, दिलदार हुसैन, कोमिल शर्मा, शिव ओम सागर, जसपाल सिंह मोहम्मद रफी, अंजार हुसैन, सुरेश शर्मा, कुंवर पाल सिंह, मोहम्मद सलमान, आदेश कुमार सक्सेना, गुलाम मोहम्मद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

ढकिया नरू के आंबेडकर पार्क में बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

एक नजर

मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

चौधरपुर, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अली नगर में सतवीर सिंह का परिवार रहता है। शुक्रवार शाम सतवीर का पुत्र दीपक कुमार पाकबड़ा से बाइक से घर आ रहा था। जब वह चौधरपुर से आगे एक फर्म के पास पहुंचा। तभी पीछे से आए चार युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट की। जाते समय उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वृद्धा ने बीमे की धनराशि हड़पने का लगाया आरोप

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसरोली निवासी गोमती पत्नी कल्लन के पुत्र किशन लाल की बुखार के चलते डेढ़ वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। उसका जीवन ज्योति बीमा था। जिसके बाद दो लाख रुपये उसके खाते में आए थे। गांव निवासी व्यक्ति उसे प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाहपुर शाखा लेकर आया और दो लाख रुपए निकाल लिए और उसे सिर्फ 50 हजार रुपए दिए। पीड़ित ने जब खाता चेक किया तो उसे इस बात की पता चली। अपने शेष रुपये मांगने पर आरोपी ने उसे धमकी दी। पीड़िता गोमती ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर देख कार्रवाई की मांग की है। हल्का इंचार्ज मोइन खान ने बताया कि तहरीर मिलीहै। जांच की जा रही है दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

आंबेडकर युवक संघ के जिला अध्यक्ष बने चरन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने मोहल्ला सुभाष नगर निवासी चरन सिंह को अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। शनिवार को जिलाध्यक्ष के धनौरा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क में माला पहनाकर स्वागत किया। चरन सिंह ने कहा कि संघ ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे। गांव मोहद्दीनपुर की शाखा का गठन भी किया। जिसमें सोनू भारती को अध्यक्ष, प्रिंस सागर को कोषाध्यक्ष व सतपाल सिंह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर बादल सिंह, सुरेश कुमार, संतराम सिंह, हरवेंद्र सिंह, हिमांशु, गौरव धारीवाल, जितेंद्र कुमार, ललित कुमार व मिंटू निगम रहे।

सराफ के घर से वाकिफ थे हत्यारे, साक्ष्य मिटाने का प्रयास

शवों के पास मिली सैनिटाइजर की कैन, फर्श से खून साफ किया, दो दिन पहले से बंद थे सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सराफ योगेश चंद अग्रवाल और सृष्टि की हत्या को सुलझाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। जिस तरीके से योगेश चंद अग्रवाल और उनकी बेटी की हत्या की गई, इससे प्रतीत होता है कि हत्यारे योगेश अग्रवाल के घर से वाकिफ थे। दोनों का शव कमरे के अंदर फर्श पर खून से लथपथ था। हत्यारों ने खून को साफ करने के लिए सेनेटाइजर का इस्तेमाल किया। शवों के पास सैनिटाइजर की कैन बरामद हुई है।

मोहल्ला कटरा गुलाम अली निवासी योगेश चंद अग्रवाल बाजार में सराफ की दुकान चलाते थे। परिवार में इकलौता बेटा इशांक अग्रवाल, पुत्रवधु मानसी व दत्तक पुत्री सृष्टि अग्रवाल थी। उन्होंने अपने साले की बेटी सृष्टि अग्रवाल को गोद लिया था। यहां केवल योगेश चंद्र व उनकी दत्तक पुत्री सृष्टि अग्रवाल रहते थे। उनका घर चारों तरफ से बंद है तथा भूतल पर योगेश चंद तो प्रथम तल पर बेटे का आवास है। दोनों के रास्ते अलग अलग हैं। बेटा इशांक व उसकी पत्नी दो दिन पहले अमरोहा आए थे। शुक्रवार रात में किसी समय योगेश चंद अग्रवाल और पुत्री की हत्या कर दी गई। दोनों के गर्दन और सिर के पीछे चोट के गहरे निशान मिले हैं। शनिवार सुबह छह बजे पड़ोस में रहने वाली महिला ने घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा तो शक हुआ। इसी बीच योगेश चंद अग्रवाल के साथी राज निकेतन, अतुल गुप्ता समेत अन्य लोग रोजाना की तरह टेबिल टेनिस खेलने के लिए पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। दोनों के शवों देखकर सभी की चीख निकल गई। उन्होंने बेटे इशांक को आवाज देकर बुलाया। चर्चा थी कि जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है वह घर से वाकिफ है। क्योंकि जिस गेट से योगेश घर में दाखिल होते थे वह खुला हुआ था। घर में एंट्री के लिए दूसरा दरवाजा भी है जिसे उनका पुत्र और पुत्रवधु इस्तेमाल किया करते थे। शवों के पास से सैनिटाइजर की कैन बरामद हुई। जिससे फर्श पर पड़े खून को साफ किया है। कमरे के अंदर सामान बिखरा हुआ था। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात 11 से 12 बजे के बीच हत्या की आशंका है। बताया कि चार चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की हत्या का कारण धारदार हथियार से गला काटना बताया है।

घर के बाहर मौजूद पुलिस व एकत्र भीड़। ● अमृत विचार

कमरे के अंदर फर्श पर पड़ा खून व सैनिटाइजर की कैन। ● अमृत विचार

महिला को मोबाइल से भेजे थे रुपये

एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि योगेश चंद अग्रवाल के किसी महिला से नजदीकियां होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले योगेश ने अपने मोबाइल से महिला के खाते में रुपये भी भेजे थे। पुलिस उस महिला और हत्यारों का पता लगाने में जुटी है। क्योंकि वह इकलौती महिला है जो योगेश चंद और उनकी बेटी की हत्या की गुत्थी सुलझाने में कड़ी बन सकती है।

दो दिन पहले ही घर लौटा था इशांक

योगेश चंद के बेटे इशांक का दिल्ली में कारोबार है। वह पत्नी के साथ दिल्ली में ही रह रहे थे। इशांक व उसकी पत्नी सप्ताह में एक बार ही घर आते थे। दो दिन पहले ही इशांक अपनी पत्नी को लेकर घर लौटा था। बताया जा रहा है कि योगेश व बेटा इशांक दोनों का अलग गेट से निकलना होता था। योगेश चंद अग्रवाल का घर पूरा सीसीटीवी कैमरों से लैस था। हत्या के बाद जब पुलिस घर पहुंची तो सबसे पहली नजर सीसीटीवी कैमरों पर गई। हत्या से दो दिन पहले ही सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए थे। पुलिस घर के बाहर सड़क व अन्य प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरों को चेक कर रही है।

व्यापारिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े थे योगेश

योगेश कई व्यापारिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े थे। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष थे। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष, अग्रवाल समाज के संरक्षक, महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के चैयरमेन, भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष व अन्य संगठनों से जुड़े थे। ज्यादातर समय वह अपनी सर्राफे की दुकान इंशांक ज्वैलर्स पर बिताते थे। योगेश के बेटे इशांक ने बताया कि कमरे में सामान बिखरा हुआ है। जबकि जेवरों की अलमारी खुली हुई थी। इससे साफ जाहिर है हत्यारों ने न केवल योगेश चंद अग्रवाल और उनकी बेटी सृष्टि की हत्या की बल्कि घर में रखे सोने चांदी के जेवरात भी लूटकर भागे हैं।

डीआईजी ने लिया घटनास्थल का जायजा

डीआईजी मुनिराज जी भी घर पर पहुंचे। जिस कमरे में हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। वहां बारीकी से जांच पड़ताल की। खून के धब्बे जहां जहां तक जा रहे थे, इन सभी तथ्यों पर डीआईजी की बारीकी नजर रही। इसके बाद उन्होंने बेटे, वहां मौजूद व्यापारियों से वार्ता की। डीजाईजी मुनिराज जी ने बताया कि सभी टीमों को लगा दिया है। जल्द से घटना से पर्दा उठाया जाएगा।

मौसम में बदलाव से बढ़े जुकाम-खांसी के मरीज

संवाददाता, गजरौला

▸▸ **चिकित्सकों ने दी सलाह, अभी गर्म कपड़ों का करें इस्तेमाल**

अमृत विचार: मौसम में पिछले कुछ दिनों में तेजी से बदलाव हो रहा है। कभी तेज धूप, कभी तेज हवा के साथ बारिश से मौसम करवट बदल रहा है। यह बदलाव लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। सीएचसी में रोजाना खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ रहे हैं। शनिवार को सीएचसी में 465 मरीज ओपीडी में पहुंचे। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी कि अभी गर्म कपड़ों का प्रयोग करें।

मौसम बदलने के चलते सीएचसी में खांसी-जुकाम के साथ बुखार के मरीज भी बढ़ रहे हैं। बसंत पंचमी के नजदीक आने पर मौसम का मिजाज बदलने लगता है। इस दौरान तेज धूप और सुबह-शाम ठंड का असर रहता है। दिन में धूप निकल रही है,तो रात को ठंडक हो रही है। जिसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इस बदलते मौसम से लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों को सर्दी जुकाम और खांसी ज्यादा परेशान कर रही है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. योगिंद्र सिंह ने बताया कि मौसम बदलने से मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस दौरान सबसे ज्यादा मरीज गले में खराश और खांसी-जुकाम के पहुंच रहे हैं। ऐसे मौसम में सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव का असर सबसे ज्यादा लोगों की सेहत पर पड़ता है। दिन में धूप की वजह से एक दम गर्मी के हल्के कपड़ों का प्रयोग न करें। अभी गर्म कपड़ों का ही इस्तेमाल करें। खाने में भी ध्यान रखें। ठंडी चीजों का प्रयोग न करें।

विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडलों का किया प्रदर्शन

हसनपुर, अमृत विचार: शनिवार को एचएसएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी लगी। जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्व-चलित मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शित मॉडलों में अल्ट्रासोनिक सेंसर कार, सेंसरी अलार्म, विंड पावर जनरेशन प्लांट, आधुनिक छाता आकर्षण के केंद्र रहे। इनके अतिरिक्त विंड इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर, विंड पावर जेनरेशन प्लांट, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी डैम आदि का प्रदर्शन किया। जिसमें कक्षा 11 के सुचित, हिमांशु, आयुषी, सुहानी, वैष्णवी, सिमरन, निपुन, तनिष्का, सानिया, प्रियांशी, प्रिंस सैनी, दिशांत गौड़ एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने अपने विज्ञान कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अरूण शर्मा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर हापुड़ जनपद के गढ़ मुक्तेश्वर निवासी दंपती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दंपती घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हापुड़ जनपद के गढ़ निवासी फतेह सिंह पत्नी राजवती के साथ घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गजरौला मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट पहुंची के सामने से किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दंपती बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों को घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से गंभीर हालत में चिकित्सकों ने दंपति को हायर सेंटर रेफर कर दिया वह परिजनों को सूचना दी गई है।

घास लेकर लौट रही महिला को बाइक ने मारी टक्कर

हसनपुर, अमृत विचार : शनिवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र का गांव फूलपुर बिझलपुर निवासी उषा पत्नी मूलचंद जेठानी धनवती के साथ पशुओं के लिए घास लेकर काला खेड़ा पुल के निकट से लौट रही थी। इसी दौरान नगर की ओर से जा रहे सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव बहापुर निवासी सोविद्र पुत्र गंगासरन आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गरापुर निवासी अपने मामा जगदीश को दवा दिलाकर से लौट रहा था। अचानक उसकी बाइक सड़क पार कर रही उषा से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार सोविद्र और महिला घायल हो गई। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया और घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उषा को हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

उपचार के दौरान घायल युवक की मौत

चौधरपुर, अमृत विचार : दो फरवरी को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा निवासी वाहिद हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन घर से मुरादाबाद को जा रहा था। लगभग सात बजे जिबाई पुलिस चौकी के पास हाइवे पर एक फैक्ट्री के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे दिल्ली के अस्पताल ले गए थे। जिसकी शुक्रवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा तौफीक की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नाबालिग से कुकर्म के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज

आदमपुर, अमृत विचार: आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में मंदिर गए किशोर से पुजारी ने कुकर्म का प्रयास किया। किशोर के ताऊ की तहरीर पर पुलिस ने पुजारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी पुजारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव में स्थित मंदिर पर जमना गिरि पुत्र सूरज गिरि पूजा अर्चना करने के लिए तीन वर्षों रह रहा था। शुक्रवार को पुजारी किशोर को फुसलाकर आश्रम ले गया तथा कुकर्म का प्रयास किया। शनिवार को किशोर ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। किशोर के माता पिता की मौत हो चुकी है। किशोर के ताऊ ने आदमपुर थाना पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए पुजारी के विरुद्ध तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुजारी पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य पहनें : अभय कुमार

संवाददाता, मंडी धनौरा

▸▸ **स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने रैली के दौरान लगाए नारे**

अमृत विचार: नगर के भागीरथी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर शिविर का आयोजन किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल के निर्देशन में मोहल्ला महादेव स्थित आनन्द धाम आश्रम में रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के बैनर तले सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा से सम्बन्धित स्लोगन व होर्डिंग लेकर चल रहे थे। रैली का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने किया। रैली में स्वयंसेवियों ने यातायात के नियमों का पालन करने व दुपहिया वाहन चलाने पर हेलमेट पहनने व कार चलाने पर सीट बेल्ट पहनने को लेकर मोहल्ले वासियों को जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने राह चलते मोटर साइकिल चालकों को हेलमेट अवश्य पहनने की सलाह देते हुए कई चालकों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवियों से अपने आस-पास के व्यक्तियों को यातायात सम्बन्धी नियमों का पालन कराते रहने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. एके चौहान, डॉ. सुधा चौहान, सुनील सैनी, मोहम्मद जीशान चांदनी, सत्यवान, अनुराधा, मानसी गोला, काकुल, फरीन जहां, भूमिका, वंशिका, कारुण्या सहित आदि मौजूद रहे।

अमरोहा और गजरौला स्टेशन का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : डीआरएम ने अमरोहा और गजरौला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

शनिवार सुबह करीब नौ बजे डीआरएम राजकुमार सिंह ने रेलवे अधिकारियों के साथ अमरोहा स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने गजरौला और गढ़मुक्तेश्वर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य का जायजा लिया। साथ ही अमरोहा में चल रहे निर्माण कार्य को तेज गति से करवाने के लिए कहा। कहा कि गढ़मुक्तेश्वर और गजरौला में निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है और अमरोहा स्टेशन का निर्माण कार्य जिला मुख्यालय होने के बाबजूद बहुत धीमी गति से चल रहा है। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा काम में तेजी लाई जाए।

उनके साथ नोडल अधिकारी, स्टेशन अधीक्षक देवेंद्र सिंह, रेलवे बोर्ड से मंडलीय रेलवे सलाहकार समिति के मनोनीत सदस्य अभिषेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करते डीआरएम व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ **डीआरएम ने विकास कार्यों का लिया जायजा**

दो ट्रैक्टरों से चोरों ने बैटरी चोरी की

हसनपुर, अमृत विचार : शुक्रवार रात कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के दो गांव में चोरों ने दो ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी कर लीं। पुलिस जांच करने की बात कह रही है। हसनपुर कोतवाली के हल्का नंबर चार के गांव लठीरा निवासी पूर्व प्रधान प्रीतम पुत्र महावीर का ट्रैक्टर घेर में खड़ा था, रात को किसी समय चोरों ने ट्रैक्टर में लगी बैटरी को चुरा लिया। फिर पड़ोसी गांव मिल्क घर निवासी डालचंद पुत्र तोताराम के घर पर खड़े ट्रैक्टर में से भी अज्ञात चोरों ने बैटरे को चुरा लिया। सुबह होने पर जब ग्रामीणों को चोरी होने की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं कोतवाली पुलिस जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे * | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौंसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

आयोजन कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर यातायात के नियम बताए

यातायात नियमों के पालन से हादसों में आएगी कमी : सोहन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार: शनिवार को नगर के वाईएमएस डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवियों ने रैली निकाली। जिसमें लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर इंडियन पेट्रोल पंप तक निकाली।

स्वयंसेवियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने पेट्रोल पंप कर्मियों को बताया कि बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को मना कर दें। स्वयंसेवियों ने वहां से गुजर से दो पहिया व चार पहिया वाहनों चालकों को भी यात्रा के दौरान हेलमेट लगाने व सीट बेल्ट लगाने के लिये जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह ने बताया कि स्वयंसेवियों को इस तरह के आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवियों को सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ड्राइविंग के समय नशा नहीं करने एवं यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को पालन कर हादसों को काफी हद तक रोक सकते है। इसके लिए यातायात नियमों का पालन और ज्ञान होना जरूरी है। साथ ही स्वयं सेवियों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जयवीर सिंह, सतेंद्र, डॉ. कमल सिंह चौहान, रुहेला, रितिक, अश्वनी कुमार, अफसार, नितिन, आकाश कुमार, सदी खान, ऐमन खान, सृष्टि त्यागी, ज्योति, अंजली, शायमा, रूबिना, पायल, रमा सहित मौजूद रहे।

रैली के दौरान हेलमेट वितरित करते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

रैली निकालते स्वयंसेवी व शिक्षक। ● अमृत विचार

जागरुकता रैली को रवाना किया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के प्रथम दिन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने जागरुकता रैली को रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी मुर्शरफ खान ने सभी स्वयंसेवियों व स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। जागरुकता रैली ने कॉलेज से शेरपुर रोड पर गांव शहवाजपुर व कलाली चुंगी पर आमजनों को यातायात के नियमों प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. अशोक गोला, पूनम शर्मा, निसार अहमद, राजाराम, समरपाल सिंह, रविन्द्र सिंह, निशिन सैनी, विजयपाल सिंह, मेहरुनिशा, चन्द्रमोहन सहित महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

एक नजर

गोया वर्ल्ड स्कूल में कुकिंग प्रतियोगिता

सैदनगली, अमृत विचार : गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर प्रतिभा दिखाई। आलिया, दर्शिका, खुशी सारस्वत, माधव, ओजस्वी आदि ने प्रतिभाग किया। स्कूल प्रबन्धक आकाश गर्ग, प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने स्वाद का आंकलन कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

कोहरे से वाहनों की रफ्तार हुई धीमी

बुरावली, अमृत विचार : शनिवार को मौसम ने फिर से करवट ली। कोहरे से हाइवे पर वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई। सुबह हेडलाइट जलाकर वाहन चालकों को चलना पड़ा। शनिवार को कोहरे की धुंध छा गई थी। वहीं ठंडी हवा ने मौसम सर्द कर दिया। इससे अधिकांश लोग घरों से बाहर निकालने की हिम्मत नहीं जुटा सके। सुबह क्षेत्र कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दोपहर में सूर्य देव के दर्शन हुए। धूप खिली तो लोगों को ठंड से राहत मिली।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी।

दौड़ में वंशिका, लंबी कूद में खुशबू प्रथम

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, गजरौला

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व शिक्षक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मंडल स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा व शैक्षिक प्रतियोगिता हुई। जिसका आरंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों से किया। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि अपर शिक्षा निदेशक बुद्ध प्रिय सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी।

बालिका वर्ग 100 व 200 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक स्तर में अमरोहा के याहियापुर के संविलियन स्कूल के वंशिका ने प्रथम, रामपुर के संविलियन स्कूल अलीपुर ठेका की इलमा ने द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में मुरादाबाद के संविलियन स्कूल सिरसवा मोड़ की कल्पना ने प्रथम, अमरोहा की वंशिका ने द्वितीय, 600 मीटर दौड़ में अमरोहा के याहियापुर में स्थित संविलियन स्कूल की अंजलि ने प्रथम, रामपुर के बाहुपुरा संविलियन स्कूल की गुड़िया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूदी में अमरोहा भटपुरा सकेनिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय की खुशबू ने प्रथम, ऊंची कूद में मुरादाबाद के भीकनपुर के संविलियन स्कूल की पायल ने प्रथम, अमरोहा के बुढेरना के उच्च प्राथमिक विद्यालय की मीनाक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में रामपुर के अलीपुर ठेका के संविलियन स्कूल की उजमा ने प्रथम, अमरोहा के कपसुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय की राधा ने द्वितीय, चक्का फेंक में बिजनौर के संविलियन स्कूल घंसूरपुर की अनु ने प्रथम, रामपुर के अलीपुर ठेका की उजमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावी खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंडल के सभी जनपदों के बीएसए के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। स्कूल के समस्त स्टाफ ने सहयोग दिया।

हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन में नागपाल स्कूल के बच्चों का दबदबा

गजरौला, अमृत विचार : हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के तहत आयोजित हिंदी ओलंपियाड में नागपाल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसका परिणाम अब घोषित किया गया है।

यह ओलंपियाड 30 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया था। स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा अवनी सक्सेना, तृषा पाल द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए चयनित की गईं। अवनी ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा एक के रचित चौहान, कक्षा चार के रेयांश सिंघल, कक्षा पांच की हुमैरा हसन, छह के इब्राहिम अली खान, सात के लवी चौधरी व कक्षा 10 के शाक्य सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने सभी विद्यार्थियों का हौसला अफजाई की और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सार-संक्षेप

बूथ अध्यक्षों के साथ मतदाता सूची देखते पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी व अन्य।

बूथ अध्यक्षों को पटका पहनाकर सम्मानित किया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शक्ति केंद्र चुचैला कलां में प्रवास के दौरान पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने बूथ अध्यक्षों से मतदाता सूची का अवलोकन कर वोट जुड़वाने और कटवाने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पन्ना प्रमुखों को उनके पन्ने के प्रति दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। वहीं उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड जीत दिलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सौरभ सैनी, अनिल त्यागी, नीरज सैनी, प्रदीप त्यागी, बृजेश अग्रवाल, हेमराज सिंह, दुष्यंत सैनी, पप्पू डीलर, खूब सिंह सैनी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क पर भरे पानी से होकर जाता बाइक सवार। ● अमृत विचार

जलभराव से स्कूली बच्चे और ग्रामीण परेशान

रहरा, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव भावली में कई गांवों के लोग एवं स्कूली बच्चे अधिकारियों की अनदेखी से परेशान हैं। शिकायत के बाद भी सड़क पर जलभराव की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मामला गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव भावली का है। बताया जा रहा है कि करीब 300 मीटर रास्ता बेहद जर्जर हालत में है। यहां जल निकासी का इंतजाम न होने पर नीचे रास्तों पर घरों का गंदा पानी एवं बरसात का पानी भरा हुआ है। बीते कई महीनों से समस्या जस की तस है। स्कूली बच्चे भी गंदे पानी से होकर गुजरते हैं। आरोप है की शिकायत के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। ग्रामीण ने बताया कि रास्ते से होकर गुजरते वक्त लोगों के कपड़े एवं जूते कीचड़ में सन जाते हैं। इस रास्ते से दर्जनों गांव जुड़े हुए हैं। यहां से होकर सिरसा, मिर्जापुर, मरोरा, काई मुस्तकम, भोगपुरा, चचौरा,जीवपुर आदि गांवों के सैकड़ों लोग रोजाना गुजरते हैं, लेकिन इस मार्ग की कोई भी अधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। ग्रामीण नरेश, मुनेश, प्रेम सिंह, राधे किशन, कैलाश, संतराम सिंह, विजय कुमार, नीरज त्यागी, सुभाष आदि ग्रामीण में ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस रास्ते को जल्दी से जल्दी सही कराया जाए। ताकि इस रास्ते से निकलने वाले राहगीरों को इस रास्ते पर कोई परेशान न हो सके।

थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

थाना समाधान दिवस में एक शिकायत निस्तारित

हसनपुर, अमृत विचार : शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायतें प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार द्वारा सुनी गईं। थाना समाधान दिवस में तीन शिकायत दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकारियों ने एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया। दो शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर बृजमोहन, कस्बा इंचार्ज विकास कुमार, पवन कुमार, कानूनगो अरविंद शर्मा, नन्हे सिंह आर्य सहित राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बूढ़े बाबू के मठ पर मेला शुरू

गजरौला, अमृत विचार : ब्लॉक के गांव बिजौरा में बूढ़े बाबू के मठ पर मेले का आरंभ हसनपुर विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी के पुत्र देवेन्द्र खड़गवंशी ने फीता काटकर किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने बूढ़े बाबू के मठ पर माथा टेका और आशीर्वाद लिया, यहां स्थित सरोवर में भी जलाभिषेक किया। मेले में विधायक के पुत्र ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, मेलों से हमारी प्राचीन संस्कृति और अपनत्व का बोध होता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नदीम सैफी, संजय शर्मा, हेमराज सैनी, संजय राणा, जयकुमार राणा, नंदन खड़गवंशी, नाहिद खान, कामिल सैफी, ग्राम प्रधान रोहतास खड़गवंशी, प्रधान रिफाकत सैफी आदि मौजूद रहे।

ब्लाक सभागार में बैठक करते सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र व अन्य। ● अमृत विचार

महिलाओं को रोजगार की जानकारी दी

संवाददाता, रहरा

अमृत विचारः राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मुर्गी पालन, बकरी पालन, दूध पालन, मधुमक्खी पालन, मछली पालन उत्पादन एवं अन्य के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला में जानकारी दी गई।

शनिवार को गंगेश्वरी ब्लॉक परिसर के सभागार में बैठक हुई। जिसमें विकासखंड गंगेश्वरी के सभी संकुल स्तरीय संघ के पदाधिकारी, ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं समूह की महिला मुर्गी पालन बकरी पालन या दूध उत्पादन का कार्य कर रही हैं। खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी अरुण कुमार ने बताया कि समूह से जुड़कर महिलाएं कम खर्च करके अधिक से अधिक आय अर्जित कर सकती हैं। समूह की महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी अरूण कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला मिशन प्रबंधक, परियोजना निदेशक, एडीओ आईएसबी राजकुमार, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा रहरा के शाखा प्रबंधक, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक के अलावा फकीरचंद, कुसुम रानी सहित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

युवकों ने दुकानदार को पीटा, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी शाहरूख की गजरौला के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में कपड़े की दुकान है। उसका शहर के ही मोहल्ला अल्लीपुर निवासी शाहवेज से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है।

शुक्रवार रात शाहरुख दुकान बंद करके घर जा रहा था। आरोप है कि शाहवेज दो साथियों के साथ आया और शाहरुख से मारपीट की। शाहरुख पास ही कपड़े की दुकान में घुसा तो आरोपी भी वहां भी घुस आए और मारपीट की। वहीं पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शाहरूख ने शोर मचाया तो आसपास लोगों की भीड़ एकत्र हो गई तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में शाहवेज व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है।

विद्यालय में हाजिरी लगाकर चले जाते हैं अध्यापक

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : स्कूल में हाजिरी लगाकर कई शिक्षक वहां से चले जाते हैं और विद्यार्थी खेलने में रहते हैं। प्रशासन व सरकार के प्रयासों के बाद भी क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षा-व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। यहां के स्कूलों में अभी भी शिक्षकों की ही मनमानी चल रही है।

इसका उदाहरण शनिवार को आदमपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय व कम्पोजिट विद्यालय में देखने को मिला है। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय में 10 अध्यापकों की तैनाती हैं। लेकिन आधे से अधिक अध्यापक रजिस्टर में हाजरी लगा कर विद्यालय से चले जाते हैं। अधिकारियों की सांठगांठ से अपनी मनमर्जी चलती है। यही कारण है कि वे अपने सुविधा के अनुसार स्कूल आते हैं और कुछ देर बाद स्कूल से किसी बहाने वापस चले जाते हैं। यहां की स्थिति से पता चलता है कि उन्हें न तो बच्चों की शिक्षा से कोई मतलब है और न ही स्कूल के मधयाह्न भोजन व्यवस्था से कोई सरोकार है। दोपहर को भोजनावकाश के बाद स्कूल में बच्चे समूह बनाकर अलग-अलग खेलते रहे। कुछ बच्चे अपनी क्लास में या तो खेल रहे थे या शिक्षक के इंतजार में बैठे हुए थे। छात्र-छात्राओं ने बताया कि शिक्षक स्कूल आए जरूर, पर वे हाजिरी बनाकर चले गए। इधर इन सब मामलों को लेकर एबीएसए आरती गुप्ता से सम्पर्क करने का काफी प्रयास किया गया। परन्तु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

सुरक्षित यातायात के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचारः शनिवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में एक दिवसीय शिविर का आयोजित हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का आंरभ किया। सर्वप्रथम शिविर स्थल की साफ सफाई की। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी ने पंजीकृत बच्चों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पार करते हुए विशेष ध्यान रखें, अपने दाएं एवं बाएं ओर देखकर ही सड़क पार करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यातायात के नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। यातायात के नियमों का पालन पहले स्वयं करो अपने परिवार और पास पड़ोस में भी सभी को जागरूक करें। स्वयंसेवी दीपक कुमार आर्य ने शिविर में कहा कि सर्वप्रथम अपना आचरण अच्छा होना चाहिए। सड़क सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता में विश्वा प्रथम, द्वितीय स्थान पर नीलम और तृतीय स्थान पर रौनक रहे।

डबल मर्डर के आरोपी से पुलिस ने की पूछताछ

गजरौला, अमृत विचार : डबल मर्डर के आरोपी को पुलिस ने रिमांड पर लाकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक अंकुर ने फार्म हाउस दोनों को डंडों से पीटा था।

क्षेत्र के गुलालपुर में स्थित फार्म हाउस पर नौ अक्टूबर की रात को मेरठ के सीना गांव निवासी अनिरुद्ध मावी व नोएडा के बोड़ाकी निवासी रतनपाल भाटी की फरसे से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मेरठ जनपद के भड़ौली गांव निवासी बब्लू उर्फ अंकुर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए अंकुर ने पुराने मुकदमे में मेरठ में आत्मसमर्पण कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया अंकुर को रिमांड पर लाया गया था। अंकुर ने रतनपाल व अनिरुद्ध को साथियों के साथ मिलकर डंडे से पीटा था। वहीं झाड़ियों से डंडा भी बरामद किया है। अंकुर को वापस कोर्ट में हाजिर कर दिया है।

इलाज के दौरान नवजात की मौत, हंगामा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचारः नगर स्थित झोलाछाप की दुकान पर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए उपचार के दौरान नवजात शिशु की मौत होने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी की। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने दोनों पक्षों में समझौता कर दिया। जिसके बाद कार्रवाई नहीं की गई।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी परसोत्तम की पत्नी कविता ने पड़ोसी गांव गंगवार के एक चिकित्सक के यहां 30 जनवरी को बेटे को जन्म दिया था। चिकित्सक ने बेटे की हालत नाजुक बताते हुए कनैटा रोड स्थित बच्चों के अस्पताल में इलाज करने के लिए उसे मशीनों में रखवाया था। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक द्वारा उपचार के दौरान हजारों रुपये उनसे ले लिए गए। शुक्रवार शाम को चिकित्सक ने नवजात को इंजेक्शन एवं दवा देकर उसे घर भेज दिया था। परिजनों के अनुसार रात करीब 12 बजे शिशु की मृत्यु हो गई। शनिवार प्रातः परिजन ग्रामीणों के साथ नगर स्थित अस्पताल पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। हंगामा की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों से पूरी जानकारी की। इस दौरान कनैटा रोड पर अस्पताल के बाहर अफरातफरी का माहौल रहा। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा चिकित्सा एवं मृतक के परिजनों में समझौता कर दिया गया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि हंगामा की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। लेकिन कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होती है तो कार्रवाई की जाएगी। वही चिकित्सा प्रभारी डॉ. धुवेंद्र सिंह ने बताया कि जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों से मामले की जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ परिजनों ने अस्पताल के बाहर किया हंगामा, सूचना पर पहुंची पुलिस

कार्यक्रम | स्व. राजेश पायलट के किसानों और मजदूरों के लिए किए गए कामों को किया याद

स्व. राजेश पायलट को भी भारत रत्न दे सरकार : ओमकार

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचारः नगर पंचायत सैदनगली में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के आवास पर पूर्व गृह राज्य मंत्री स्व. राजेश पायलट की जयंती मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि स्व. राजेश पायलट किसानों, मजदूरों और नौजवान की सशक्त आवाज थे। राजेश पायलट कहते थे कि जब तक किसानों, मजदूरों के बच्चे पढ़ लिखकर उन कुर्सियों पर नहीं बैठेंगे, जहां से भारत के विकास के लिए नीतियां बनाई जाती हैं, तब तक सही मायनों में भारत का विकास नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्व. राजेश पायलट को भी भारत रत्न सम्मान प्रदान करना चाहिए। इस अवसर पर मनोज कटारिया, धर्मपाल सिंह, अंकित कुमार गुर्जर, मोहित कुमार, हरस्वरूप प्रधान, हरिओम पुष्कर, अफसर अली सैफी, बागेश चौधरी, रिंकु गुर्जर, प्रदीप गुर्जर, अभय गुर्जर, राजपाल सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

राजेश पायलट के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

राजेश पायलट की जयंती पर बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

जयंती पर राजेश पायलट को याद किया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शनिवार को नरेंद्र के आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। वक्ताओं ने राजेश पायलट द्वारा किसानों, मजदूरों के लिए किए संघर्ष को याद किया। वक्ताओं ने राजेश पायलट के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा युवाओं को संचार क्रांति के रूप में दी गई सौगात को याद किया। गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट का धनौरा नगर से पुराना नाता रहा है। वहां यहां आंबेडकर पार्क में लगी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण करने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर नरेंद्र कटारिया, डॉ. दिनेश नागर, यतीन्द्र कटारिया, सुमित नागर, महिपाल सिंह, मैनपाल, महकपाल सिंह, रकम सिंह, योगेंद्र भाटी, गुड्डू गुर्जर, अखिलेश भाटी सहित आदि मौजूद रहे।

सबको मिल रहा योजनाओं का लाभ : जावेद

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे मोदी मित्र अभियान को गति देने के लिए शनिवार को महताब जहां जनता पब्लिक स्कूल बुरावली में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चे के पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष व अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक ने कहा कि पार्टी ने निकाय चुनाव में मुस्लिमों पर भरोसा करके टिकट दिये थे। उस पर अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारियों ने खरा उतारकर जीत हासिल की है। जावेद मलिक ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चे के पदाधिकारी महासंपर्क अभियान चलाकर जनता के बीच जाकर बताएं कि केंद्र में मोदी सरकार के शानदार 10 वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा। इन दस वर्षों में इस देश की तस्वीर बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वाश का नारा चरितार्थ हुआ है, आगे कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

जावेद मलिक ने मोदी मित्र अभियान के प्रमाण पत्र वितरण भी किये। कार्यक्रम का संचालन रजिया चौधरी ने किया। इस मौके पर आयोजक जावेद अली, मुस्लिम मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इमरान अहमद, उपाध्यक्ष सगीर प्रधान, गोरक्षक सदाकत चौधरी, प्रधानाचार्य महताब जहां, मेहराज अली, रफीक अहमद, अंसार अली, जाकिर प्रधान, रजिया चौधरी, अभिनव कुमार, कारी अरशद, रूप किशोर, शारिक जिया, शान अली, राशिद मलिक, अरशद अली, लईक अहमद, अय्यूब मलिक, प्रधान फरमान प्रधान शाहनवाज, आमिर, सलीम, कय्यूम मलिक, आकिल, शमीम अली समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मोदी मित्र अभियान के प्रमाण पत्र वितरित करते जावेद मलिक व अन्य। ● अमृत विचार

एक नजर

19 तक अवकाश में भी खुलेंगे शिक्षा विभाग के कार्यालय

संभल अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद संभल के संभावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी के आदेश पर बीएसए चंद्रशेखर ने उनके कार्यालय एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के 19 फरवरी तक के सभी अवकाश निरस्त कर दिए हैं। बीएसए ने जारी आदेश में कहा है कि 19 फरवरी तक पड़ने वाले सभी अवकाश के दिनों में कार्यालय सामान्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे। विभागीय कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। जनपद में कार्यरत किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को अपरिहार्य परिस्थिति को छोड़कर किसी भी दशा में मुख्यालय परित्याग अनुमन्य नहीं होगा।

ग्रामीण ने सिपाही पर लगाया मारपीट का आरोप

संभल/रजपुरा अमृत विचार : थाना रजपुरा क्षेत्र के कस्बा गवां में स्थित पुलिस चौकी के सिपाही पर ग्रामीण ने मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। कस्बा गवां निवासी देवेंद्र गिरी पुत्र परसोत्तम गिरी ने चौकी में तहरीर देकर कहा कि वह नगर पंचायत के सामने खड़ा था। तभी उससे चौकी में तैनात एक हेड कांस्टेबल ने मारपीट की। मारते मारते उसका कान फाड़ दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आरोपियों को रिमांड पर लेकर तमंचे बरामद किये

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आलम सराय में अजय राजपूत को जनवरी में गोली मारकर घायल कर दिया गया था। अजय राजपूत की पत्नी सोनी की तहरीर पर पुलिस ने चमन, विनेश और अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। तीनों ने सरेंडर किया तो चमन, विनेश और अभिषेक को अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने शनिवार को तीनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल तीन तमंचे बरामद किए।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

तैयारियां परखने कल पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी

19 फरवरी को ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास करने आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले कल 12 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों को परखने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम जारी होने के बाद अधिकारी तैयारी में जुट गये हैं। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

ऐंचोड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम का शिलान्यास करने के लिए आ रहे हैं। जनपद के अधिकारी पिछले एक सप्ताह से प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी में जुटे हैं। आयोजन स्थल पर चौबीस घंटे काम कर तैयारियों को समय से मुकम्मल करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बीच अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल सोमवार को ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री के सोमवार सुबह 10 बजे ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचने का कार्यक्रम हैं। मुख्यमंत्री आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर की गई तैयारी को देखने के साथ ही अधिकारियों से समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन का कार्यक्रम मिलते ही अधिकारी उनके दौरे की तैयारी में जुट गये। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने हेलीपैड से लेकर सेफ हाउस और आयोजन स्थल तक अधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारियां दी हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अधीनस्थों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी मनीष बंसल। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर दी गईं जिम्मेदारियां

संभल, अमृत विचार : जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जिला स्तरीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक कर मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए जिम्मेदारियां दीं। हेलीपैड से लेकर सेफ हाउस तक का निर्माण कार्य पूरा कर जिम्मेदार अफसरों से प्रमाण पत्र देने को कहा। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मुख्यमंत्री के आगमन के लिए सेफ लैंडिंग एवं टेक ऑफ हेतु मानक के अनुसार हेलीपैड का निर्माण शीघ्र पूर्ण कर प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सेफ हाऊस एवं सेफ हॉस्पिटल तैयार करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पर्याप्त चिकित्सकों, चिकित्सा स्टाफ, जीवन रक्षक दवाओं एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम संदीप कुमार वर्मा को मुख्यमंत्री के साथ आने वाले क्रू मेंबर की व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया। जिला पंचायत राज अधिकारी को कार्यक्रम स्थल तक आने वाले प्रमुख मार्गों की साफ सफाई के निर्देश के साथ ही ईओ नगर पालिका एवं नगर पंचायत को पानी के टैंकर, पीने के पानी एवं चलित शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव छह घंटे रहकर देखेंगे तैयारियां

संभल, अमृत विचार : सोमवार को जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचेंगे वहीं प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा छह घंटे तक ऐंचोड़ा कम्बोह में रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर की जारी रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव सोमवार को राजकीय हेलीकॉप्टर से सुबह साढ़े नौ बजे लखनऊ से रवाना होंगे। वह साढ़े दस बजे ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचेंगे और फिर अपरान्ह साढ़े चार बजे तक आयोजन स्थल पर ही रहेंगे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो लोग गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। हादसे में दो मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर दो मजदूरों को हायर सेंटर रेफर किया गया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव आढोल निवासी बिजेंद्र उर्फ लाला एक सप्ताह पहले गांव के ही जयवीर व हिरेंद्र उर्फ भूरा के साथ नोएडा में मजदूरी करने गया था। शुक्रवार की देर रात साढ़े नौ बजे बिजेंद्र, जयवीर और हिरेंद्र एक बाइक पर सवार होकर नोएडा से घर आ रहे थे। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के पास स्थित चाहल ढाबे के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बिजेंद्र, जयवीर और हिरेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक अज्ञात वाहन लेकर मौके से भाग गया। ढाबे पर काम कर रहे लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने बिजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जयवीर व हिरेंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बिजेंद्र के भाई राधेश्याम की तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

झगड़ा करने में सगे भाइयों सहित चार लोग गिरफ्तार

सरायतरीन(संभल), अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद के चलते मारपीट करने पर दो पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक व्यक्ति को गुजारा भत्ता न देने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी सगे भाई देवराज व मित्रपाल का गांव के ही बिजेंद्र के साथ जमीन पर कब्जे को लेकर आपस में विवाद चल रहा है। शनिवार को दोनों पक्ष देवराज, मित्रपाल और बिजेंद्र अपने साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमियावली निवासी उदयवीर को लेकर विवादित जमीन पर पहुंच गया। यहां पहुंचते ही आपस में गाली गलौज करते हुए देवराज, मित्रपाल, बिजेंद्र और उदयवीर मारपीट करने पर आमादा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और देवराज, मित्रपाल, बिजेंद्र और उदयवीर को गिरफ्तार कर लिया।

खाना बनाते गैस सिलेंडर में लीकेज होने से लगी आग

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में खाना बनाते समय पाइप में लीकेज होने से गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिससे मुहल्ला में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने मिट्टी व पानी से गीली बोरी डालकर सिलेंडर की आग बुझाई। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर उत्मा निवासी वाहिद की पुत्री अफसरी शनिवार की सुबह रसोई में खाना बना रही थी। अचानक से पाइप मे गैस लीक होने लगी। कुछ ही देर में गैस रिसाव से सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में आग लगती देखकर अफसरी ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सिलेंडर की आग बुझाने की कोशिश करने लगे।

सिलेंडर की आग बुझाते दमकल कर्मी।

सिलेंडर में आग लगने से मुहल्ला में अफरा-तफरी मच गई। मंगलवार को हयातनगर में गैस सिलेंडर फटने से दो मकान क्षतिग्रस्त होने व मकान स्वामी के घायल होने की घटना को याद कर लोग सहम गए। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मी भी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सिलेंडर को घर से निकालकर बाहर रास्ते में लेकर आए और मिट्टी व पानी से भीगी बोरी ड़ालकर आग को बुझाया।

सार-संक्षेप

महाविद्यालय में बनाये गये पोस्टर दिखाती छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्राओं ने बनाए श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के चित्र

संभल/ओबरी अमृत विचार : रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन हुआ। जिसके तहत कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने विभिन्न थीम कला एवं पेंटिंग की। पोस्टर पर श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के चित्र बनाए। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार ने श्रीराम के जीवन के आदर्श बताते हुए उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मुनीश कुमार, राहुल शर्मा, हितेश कुमार, विक्की शर्मा, दीक्षा ठाकुर, मीनाक्षी, गुल महक आदि रहे।

लोहिया कान्वेंट स्कूल में मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल को सम्मानित करते आयोजक।

12वीं के छात्रों ने शिक्षकों के नेतृत्व को बताया प्रेरणा स्रोत

बबराला, अमृत विचार : लोहिया कान्वेंट स्कूल में आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अनुभव साझा किए। विद्यालय में बिताए वक्त को याद कर 12वीं के छात्र-छात्राएं भावुक हो गए। लोहिया कान्वेंट स्कूल में कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई। कथा 12 के छात्र छात्राओं ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके नेतृत्व कौशल और शैक्षणिक उपलब्धियां को अपनी प्रेरणा का स्रोत बताया। 11वीं के छात्र छात्राओं ने तिलक एवं आरती करके स्वागत किया। म्यूजिकल चेयर, कैटवॉक और पिकअप द बॉल सहित कई गेम्स में मोहित को मिस्टर फेयरवेल एवं प्रीति को मिस फेयरवेल से नवाजा गया। अंत में 12वीं के छात्र-छात्राओं को उपहार देकर विदाई दी गई। इस दौरान डायरेक्टर उमेश यादव, प्रधानाचार्य हरिओम, सविता सिंह, बरखा, अमित, शिवम दुर्गेश, महाराज, तरुण आदि मौजूद रहे।

समाधान दिवस पर एसपी ने सुनीं शिकायतें

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाने पर आयोजित समाधान दिवस में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सुना। इसके बाद उन्होंने थाने का निरीक्षण कर थाना परिसर में बनी मैस को देखा व परिसर में खडे वाहनों के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। हयातनगर थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक कुलदीप गुनावत ने पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सुना। शिकायतों को सुनकर एसपी ने गुणवत्तापूर्ण समय से समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसपी के सामने तीन फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें एक शिकायत का समाधान किया गया। इसके बाद एसपी ने निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में बनी मैस को देखा और थाना परिसर में खड़े वाहनों को लेकर थाना प्रभारी संत कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नखासा थाना में लगे समाधान दिवस में आई दो शिकायतों में एक शिकायत का मौके पर ही समाधान किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी संभल अनुज कुमार चौधरी भी मौजूद रहे।

जागरुकता रैली निकालते रासेयो स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

यातायात चिह्नों के पोस्टर बना रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का तीसरा शिविर गांव गुमथल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. विशेष कुमार पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित करके शिविर का आरंभ किया। स्वयंसेवकों ने जीरो फैटालिटी लक्ष्य के अंतर्गत यातायात चिह्नों के पोस्टर बनाए और गांव में रैली निकाल कर यातायात नियमों का पालन करने को ग्रामीणों को जागरुक किया। जिसमें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने की जानकारी दी। रैली में स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा अपनाना है, जीवन को बचाना आदि नारे लगाए। दूसरे सत्र में विचार गोष्ठी संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं में यातायात नियमों का पालन न करने के कारण मृत्यु दर अधिक हो गई है। सरकार के साथ समाज को भी सड़क दुर्घटना में शून्य मृत्यु दर लाने में सहयोग करने की बात कही।

श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एक दिवसीय शिविर डॉ.जीत सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। शुभारंभ मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने रासेयो की शुरुआत और उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार ने पूर्ण सेवाभाव के साथ सहयोग करने और कर्तव्यों का पालन करने की अपील की। दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने करें राष्ट्र निर्माण, बनाए मिट्टी से अब सोना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बैडमिंटन कोर्ट में श्रमदान किया।

दूसरे चरण में स्वयंसेवकों ने गांव घुंघावली में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं गांव मुजफ्फरपुर में रैली निकालकर नारे लगाते हुए सड़क हादसों के कारण होने वाली जान माल की क्षति की जानकारी दी और दुर्घटनाओं का कारण बताया। वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, सबा खान, मोहम्मद ऐजाज आदि रहे।

राजकीय महाविद्यालय में रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

संभल, अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नेमपाल सिंह के नेतृत्व में प्रथम सत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवक अब्दुल कादिर, सैफ अली, मोहम्मद आमिर, स्वयंसेविका नेहा, शगुन, पायल, पूजा, फायजा, गुलनाज, राबिया, मनीषा, कुमकुम, वर्षा, रेशल आदि ने विभिन्न नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। आपका भविष्य आपके साथ, हेलमेट रखें हमेशा पास, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, वाहन धीमे चलाएं अपना अनमोल जीवन बचाएं आदि नारे लगाए। द्वितीय सत्र में हुई विचार गोष्ठी में डॉ.अनुभा गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य बताया। डॉ.फहीम अहमद ने यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। इस दौरान स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाएं मौजूद रहीं।

बिजलीघर में मरम्मत के चलते 12,000 घरों की बिजली रही गुल

संभल, अमृत विचार : संभल के 132 केवी विद्युत उपकेंद्र में काम होने के चलते क्षेत्र के तीन विद्युत उपकेंद्र ब्रेकडाउन रहे। विद्युत उपकेंद्रों से जुड़े 12000 से अधिक घरों की बिजली घंटों तक गुल रही। जिस कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि शाम होने से पहले ही बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई तो राहत भी मिली। विद्युत पारेषण खंड द्वारा 132 केवी विद्युत उपकेंद्र संभल में 33केवी कंट्रोल एवं रिले पैनल का कार्य किए जाने के चलते शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक शटडाउन रखने की बात कही थी। शनिवार को सुबह काम शुरू कराए जाने के चलते विद्युत उपकेंद्र संभल तहसील, चौधरी सराय और लखौरी ब्रेकडाउन हो गए। संभल तहसील विद्युत उपकेंद्र के 3200, चौधरी सराय विद्युत उपकेंद्र के 7500 और लखौरी विद्युत उपकेंद्र के तकरीबन 2000 घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

स्मृति | 2003 में दिल्ली में किसान घाट पर 24 घंटे मौन रखकर बुलंद की थी आवाज

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न पर संत महीपाल सिंह के छलके आंसू

गौरव वर्मा, संभल

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न के ऐलान से संभल के गांव लखौरी निवासी संत महीपाल सिंह की आंखों में खुशी के आंसू छलक गये। संत महीपाल सिंह की चौधरी चरण सिंह से निकटता थी। वह कई आन्दोलनों में कंधे से कंधा मिलाकर चौधरी साहब के साथ रहे थे। महीपाल सिंह बोले, चौधरी साहब को भारत रत्न मिलना बड़े गर्व की बात है।

संत महीपाल सिंह ने वर्ष 2003 में 28 मई से 29 मई तक दिल्ली में किसान घाट पर 24 घंटे मौन खड़े रहकर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि देकर मजबूती से चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग उठाई थी। तत्कालीन उप राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर कहा था कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर करोड़ों किसानों का सम्मान किया जाए। अब पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने से गर्व महसूस हो रहा है।



हंसकर बात करते चौधरी चरण सिंह व सामने हाथ जोड़े खड़े महीपाल सिंह।

संत महीपाल सिंह।

संत महीपाल सिंह 1965 से ही चौधरी चरण सिंह के नजदीक रहे। चौधरी चरण सिंह के आह्वान पर महीपाल सिंह ने कई आन्दोलनों में सक्रिय भागीदारी की। 23 दिसंबर 1978 को वोट क्लब दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय किसान सम्मेलन में न सिर्फ हिस्सा लिया बल्कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए गांव गांव पोस्टर लगाकर किसानों से संपर्क भी साधा था।

▸▸ चौधरी चरण को भारत रत्न देने की उठाई थी मांग, चौधरी साहब से थी निकटता

सहेज रखी हैं वर्षों पुरानी यादें

संभल अमृत विचार : संत महीपाल सिंह को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह से इतना लगाव था कि उन्होंने वर्षों पुरानी उनकी यादों को आज तक सहेज कर रखा है। चौधरी चरण सिंह ने 4 अप्रैल 1967 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शपथ से संबंधित खबर और फोटो वाला अखबार उनके पास है। वहीं 23 दिसम्बर 1978 को वोट क्लब दिल्ली में हुए किसान सम्मेलन का पोस्टर सहेज कर रखा है। बिधौती कला विधानसभा क्षेत्र से रामनरेश यादव का चुनाव भी महीपाल सिंह ने खूब लड़ाया था। चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री एवं कागजात उनके पास हैं।

छात्र छात्राओं को उपहार देकर किया सम्मानित

सरायतरीन, अमृत विचार: सरायतरीन में स्थित जेडयू इंटर कॉलेज में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

विदाई समारोह में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं ने शिक्षकों भी उपहार भेंट किए। प्रधानाचार्य शाहिद हुसैन ने कहा कि आप सभी अच्छे नंबर से पास होकर अपने विद्यालय, माता-पिता का नाम रोशन कर देश की तरक्की में भागीदारी करना। कार्यक्रम का संचालन कौसर हुसैन व छात्र मोहम्मद अजहान ने किया। इस दौरान मतलूब हुसैन, नफीस अहमद, रूबेद आलम, इदरीस अहमद, परवीन, जुल्फिकार हुसैन, मोहम्मद जीशान, हसीन अहमद, सलमा बेगम, फौजिया नाज, समीना बी, शादमा बी आदि शिक्षक और छात्र छात्राएं मौजूद रही।

एक नजर

12 दंपती ने समझौता कर विवाद समाप्त किया

बहजोई,अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार सुलह समझौता केंद्र पर काउंसलर ने विवाद वाले दंपती को बताया कि जिन खुशियों के लिए परिवार बनाया जाता है वह विवाद के कारण दूर हो जाती है। 12 दंपती ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। महिला सेल प्रभारी निरीक्षक पूनम आनंद ने बताया कि 57 पत्रावली को सुनकर 25 पत्रावली का निस्तारण किया गया है। जिसमें 12 परिवारों ने अपना विवाद समाप्त कर दिया।

संदिग्ध परिस्थिति में भट्ठा मजदूर की मौत

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाखेड़ा निवासी 20 वर्षीय युवक अपने माता-पिता के साथ गांव के पास भट्ठे पर कार्य करता था। शुक्रवार की शाम युवक के पेट के दर्द शुरू हो गया। परिजन उसे चिकित्सक तक ले जाते, इससे पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन युवक का शव घर ले आए। युवक की मौत संदिग्ध परिस्थिति में होना बताया जा रहा है।

सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही महिलाएं

भारतीय जनता पार्टी का नारी शक्ति वंदन के तहत हुआ चाय पर चर्चा का कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी का नारी शक्ति वंदन के तहत चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर रहीं। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

मुख्य अतिथि हरजिंदर कौर ने कहा कि विभिन्न लाभकारी योजनाओं के माध्यम से स्वयं सहायता समूह द्वारा हमारी बहनें अपना रोजगार करके परिवार का पालन-पोषण भी कर रही है। समाज की कई वंचित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार मिल रहा है और वह आत्मनिर्भर होकर कार्य कर रही हैं। महामंत्री व नारी शक्ति वंदन के जिला संयोजक अर्जुन वाल्मीकि ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र

कार्यक्रम को संबोधित करती क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर। ● अमृत विचार

▸▸ **भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर रही मुख्य अतिथि**

मोदी महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक कार्य कर रहे हैं। नारी शक्ति को राजनीति के क्षेत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर बराबरी देने काम किया है।

महिलाओं के हित में तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। जिसमें उज्जवला योजना के साथ अन्य योजनाएं शामिल है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही व बनियाखेड़ा ब्लाक की ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने नारी सशक्तिकरण की ओर चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कमल कुमार कमल, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, बहजोई नगर पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, गौतम चौधरी, नत्थू राणा, मनोज कठेरिया, सतीश अरोरा, हर्वेश राघव, ललित मोहन शर्मा, राजू राणा, सुमित चौहान, कुमुद अग्रवाल, ग्रीश रतन, राजकुमार ठाकरे, शीनू गुप्ता, मोक्षिका शर्मा, नीलम अरोरा, शीला सागर आदि मौजूद रहीं।

भाजपाईयों ने किया घर-घर जनसंपर्क

चन्दौसी, अमृत विचार : गांव चलो, बूथ चलो अभियान के चौथे दिन भाजपाई ने जनसंपर्क अभियान व बैठक की। जिसमें केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। शनिवार को शक्ति केंद्र बूथ संख्या 166,167 व 169 पर बूथ प्रवासी पूर्व नगराध्यक्ष मोरमुकुट वार्ष्णेय,बूथ प्रवासी महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष किरन शर्मा एड.,पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी के नेतृत्व में घर-घर सम्पर्क करके केन्द्र सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं के बारे में बताया और आगामी लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार को बनाने का आग्रह किया। साथ हीअबकी बार चार सौ पार का संकल्प लिया। इसके साथ-साथ दीवार लेखन, नमो ऐप, सरल ऐप डाऊनलोड कराए, लाभार्थियों से संपर्क किया। बूथ के जनप्रतिनिधि,पूर्वजनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोगो से संवाद किया। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, जिला महामंत्री धीरेंद्र यादव, बूथ संयोजक कुशांक यादव, मुनीश वार्ष्णेय, रोशनलाल दिवाकर आदि रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

जीके सिल्वर स्टोन में हुई फेयरवेल पार्टी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शनिवार को मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं की फेयरवेल पार्टी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बारहवी के छात्रों को उनकी विशेषता के अनुसार टाइटिल दिया। बारहवी के छात्रों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से धमाल मचाया।

विद्यालय के प्रबन्धक मनोज गुप्ता व योजना गुप्ता ने छात्रों को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की और आर्शीवाद प्रदान किया। प्रबन्ध समिति की युक्ति गुप्ता व वरदान गुप्ता ने छात्रों के द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने छात्रों को परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रतीक्षा, शिवम् सहित शिक्षक वर्ग का भी पूर्ण सहयोग रहा।

महिला का दो सरकारी चिकित्सकों पर नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बिहार के छपरा जनपद की महिला ने सीएचसी चन्दौसी के दो चिकित्सकों पर अपनी 14 वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। महिला ने मेडिकल बोर्ड लखनऊ, स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सहित सीएमओ को घटना की शिकायत कर दोनों चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है।

महिला ने शिकायत में कहा है कि आठ फरवरी को वह अपने पति व 14 वर्षीय पुत्री के साथ दिल्ली जा रही थी। महिला का पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। ट्रेन में यात्रा के दौरान उनकी पुत्री के पेट में तेज दर्द होने लगा। पुत्री का उपचार कराने के लिए महिला अपने पति के साथ चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर उतर गई। इसके बाद सीएचसी में अपनी पुत्री का उपचार कराने पहुंची।

महिला ने बताया कि सीएचसी के एक कक्ष में दो चिकित्सक बैठे थे। महिला ने पूछा कि पर्चा कहां बनाया जाता है, तो एक चिकित्सक ने कहा कि पर्चा यही बनवा देंगे और पुत्री को अपने पास बुलाया और पूछा क्या बात है।

महिला ने कहा कि उसके पेट में दर्द है। आरोप है कि एक चिकित्सक ने उनकी 14 वर्षीय पुत्री से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर दूसरा चिकित्सक उनकी पुत्री को चेकअप के नाम पर दूसरे कमरे में ले जाने लगा। यह देख दंपती ने मना किया ।

आरोप है कि दोनों चिकित्सकों ने दंपती के साथ गाली-गलौज की। महिला ने बताया कि वह कोतवाली शिकायत करने पहुंची, मगर उसकी पुलिस ने नहीं सुनी। महिला ने शिकायती पत्र भेजकर दोनों चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है।

कार्रवाई की मांग

▸▸ **छपरा से दिल्ली जा रही थी महिला पुत्री के पेट में दर्द होने पर चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर उतरी**

▸▸ **स्वास्थ्य मंत्री और सीएमओ को भेजा शिकायती पत्र**

> मामला गंभीर है, मगर अभी मेरे संज्ञान में नहीं आया है। कोई शिकायत आती है, तो उच्चाधिकारियों को सूचित कर जांच कराकर उचित कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> **-डॉ. हरवेदर सिंह,**
> प्रभारी, सीएचसी

दो सेफ हाउस के साथ उपलब्ध रहेंगे विशेषज्ञ डाक्टर

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसके तहत नजदीक के दो स्वास्थ्य केंद्रों पर सेफ हाउस बनाने के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। इतना ही नहीं, कार्यक्रम स्थल पर भी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एएलएस और एंबुलेंस की व्यवस्था किए जाने की बात सामने आ रही है।

19 फरवरी को श्री कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जहां पुलिस प्रशासन सुरक्षा, निगरानी और अन्य इंतजाम करने में जुटा है। जिसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐंचौड़ा कम्बोह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली पर सेफ हाउस बनाने की तैयारी चल रही है। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जानी है। दोनों अस्पतालों के अलावा कार्यक्रम स्थल यानि श्री कल्कि धाम पर भी विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है। इतना ही नहीं, कार्यक्रम स्थल पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एएलएस एंबुलेंस और कई एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर ही जिला अस्पताल की तरह सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयारी चल रही है। स्वास्थ्य विभाग दिन रात मंथन करते हुए तैयारियों में जुटा हुआ है। शनिवार को दिनभर स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी ऐंचौड़ा कम्बोह में मौजूद रहकर तैयारी कराने में जुटे रहे। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा खुद तैयारियों को लेकर निगरानी कर रही हैं।

प्राथमिक विद्यालय में टाइल बिछवाने का काम कराते अधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम के आगमन की संभावना को लेकर तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग**

▸▸ **कार्यक्रम स्थल पर भी रहेंगी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं, कई एएलएस और एंबुलेंस भी लगाई जाएंगी**

ऐंचोड़ा कम्बोह के परिषदीय स्कूलों का हो रहा कायाकल्प

संभल/असमोली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर शिक्षा विभाग ने परिषदीय स्कूलों की दशा सुधारने की मुहिम शुरू कर दी है। बीएसए ने कई स्कूलों का निरीक्षण करते हुए रंगाई पुताई और सीसी टाइल्स कार्य तीन दिन में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बीएसए ने लापरवाही में प्रधानाध्यापक और गैरहाजिर शिक्षामित्र के वेतन पर रोक लगा दी। बीएसए चंद्रशेखर ने शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐंचौड़ा कम्बोह, उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर सिरपुड़ा, प्राथमिक विद्यालय भटपुरा, प्राथमिक विद्यालय मातीपुर का निरीक्षण किया। बीएसए ने छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति, ड्रेस और मध्याह्न भोजन वितरण के निर्देश दिए। बीएसए ने कहा कि शिक्षक तीन दिन के अंदर स्कूलों की रंगाई पुताई और सीसी टाइल्स का कार्य पूर्ण कराएं।

40 लाख के गबन में तत्कालीन बैंक प्रबंधक समेत तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता, बबराला/संभल

अमृत विचार : बबराला में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के तत्कालीन प्रबंधक और दो ग्रामीणों के खिलाफ धोखाधड़ी कर विभिन्न मदों में 40 लाख रुपये से अधिक की धनराशि गबन करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक उमेश चंद की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर में आरोप है कि तत्कालीन प्रबंधक कपिल कुमार ने अपने परिजनों व परिचितों के खाते में धोखाधड़ी कर लाखों की धनराशि आहरित कर दी। वहीं, धनारी थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी चंद्रपाल पुत्र रघुनाथ और सुनवर सराय निवासी ताराचंद पुत्र खुशी राम ने किसान क्रेडिट कार्ड में बैंक के साथ धोखाधड़ी की। बताते हैं कि बैंक में लाखों की धोखाधड़ी आडिट में उजागर हुई। बैंक के उच्चाधिकारियों ने जांच कराई। जिसमें पूरा घालमेल सामने आया। तब पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर तीनों के खिलाफ गुन्नौर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि 40 लाख से अधिक धन के गबन का मामला है। जांच शुरू कर दी गई है।

खाते से 10 हजार से अधिक की रकम उड़ाई

बबराला अमृत विचार : नगर निवासी पंकज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शनिवार को किसी ने उसके बैंक खाते से 10 हजार रुपये से अधिक रकम निकाल ली। पंकज का गुन्नौर में स्थित इंडियन बैंक में खाता है। शनिवार दोपहर को उसके खाते से 10160 रुपये निकासी का मैसेज आया तो वह चौंक गया। चार पांच दिन पहले भी किसी ने उसके बैंक खाते से तीन हजार रुपये उड़ा दिए थे।

मेले का उद्घाटन करते प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार व ग्राम प्रधान डोली।

बूढ़े बाबा के मेले में लोगों ने चर्म रोगों से मुक्ति की प्रार्थना की

संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार: असमोली में लगने वाले बूढे बाबा के मेले का थाना प्रभारी व ग्राम प्रधान ने फीता काटकर शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं ने बाबा के थान पर पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की और तालाब में स्नान कर बूढ़े बाबा से चर्म रोगों से मुक्ति की प्रार्थना की। मेले में बच्चों, महिलाओं ने खरीदारी की।

असमोली में हर वर्ष माह की दूज से लगने वाले बूढ़े बाबा के मेले का शनिवार को थाना प्रभारी हरीश कुमार व ग्राम प्रधान डोली ने फीता काटकर उद्घाटन किया। श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही बाबा के स्थान पर पहुंचने लगी थी। यहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने तालाब में स्नान करने के बाद बूढ़े बाबा की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं ने सात घरों से मांगकर लाए अनाज को चढ़ाया। मान्यता है कि सात घरों से अनाज मांगकर बूढ़े बाबा पर चढ़ाने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। बूढ़े बाबा के मंदिर परिसर में लगे मेले में खेल खिलौने खरीदकर बच्चों ने झूले पर झूलकर मौज मस्ती की और मौत का कुंआ देखा।

खेल | चन्दौसी इंटर कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

सीआईसी और एफआर इंटर कॉलेज ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: चन्दौसी इंटर कॉलेज (सीआईसी) में स्व. बाबू ब्रज किशोर गुप्ता की स्मृति में सीआईसी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आरंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टूर्नामेंट का पहला मैच मेजबान चन्दौसी इंटर कॉलेज व नानक चंद्र इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें नानक चंद्र इंटर कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले खेलते हुए चन्दौसी इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट के नुकसान 155 रन बनाए। जिसमें धीरेंद्र व अमन ने 30-30, कपिल ने 26 रन का योगदान दिया। नानक चंद्र के गेंदबाज विशाल व बाबी ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नानक चंद्र की टीम 11.4 ओवर में 72 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसमें विशाल व बाबी ने 12-12 रन बनाए। सीआईसी के गेंदबाज हर्षित ने चार, प्रशांत ने दो विकेट लिए। सीआईसी ने 83 रन से मैच जीत कर लिया। मैन ऑफ द मैच हर्षित को चुना गया।

चन्दौसी इंटर कालेज के मैदान पर शॉट लगाता बल्लेबाज। ● अमृत विचार

दूसरा मैच एफआर इंटर कॉलेज (फजुर्लहमान इंटर कालेज) व इंटर कॉलेज गुमथल के बीच खेला गया। जिसमें गुमथल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में आठ विकेट खोकर 80 रन बनाए। जिसमें डेबू ने 33, रितिक ने 9 रन बनाए। एफआर के गेंदबाज अर्श खान ने तीन, रिहान व मलिक ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एफआर की टीम ने दो गेंद शेष रहते 81 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें रागिब व अरमान ने 21-21 रन बनाए। गुमथल के गेंदबाज पवन व अंकुश ने दो-दो विकेट लिए। एफआर ने तीन विकेट से मैच जीत लिया। मैच में अम्पयरिंग राजू बनर्जी व बंटी राणा ने की। स्कोरर की भूमिका मनीष दिवाकर व सुजल ने निभाई। कमेंट्री कमल शर्मा व वेंकट कुमार ने की। रविवार को पहला मैच हिंद इंटर कॉलेज संभल व सरस्वती इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी तथा दूसरा मैच सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली, राजेश सरस्वती इंटर कॉलेज के मैच खेला जाएगा। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रेमकिशोर गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, रेफरी अश्वनी शर्मा, धनंजय राघव, मनोज कुमार गुप्ता, मुकेश वार्ष्णेय, हरिओम शर्मए, ओम प्रकाश, कुंवर पाल सिंह, अजय कुमार गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, बीना रानी, मनोज कुमार, ब्रजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

एनएसएस के कार्यक्रम में विचार व्यक्त करतीं प्राचार्या अलका रानी।

रासेयो का प्रशिक्षण छात्राओं के जीवन में उपयोगी

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहले सत्र में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। जिसमें प्लास्टिक, पालीथिन व कूड़ा करकट आदि को उठाकर कूड़ेदान में डाला। इसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वयंसेविका साक्षी शर्मा, संजना राठौर, मानसी चौहान, स्वाति, मान्या अग्रवाल ने गीत, नृत्य, नाटक की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत ने कौशल विकास व एनएसएस शिविर पर अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि छात्राओं को जो भी प्रशिक्षण दिया जाता है वह उनकी निजी जिंदगी में काम आता है। विधि उपाध्याय, सृष्टि माथुर, खुशबू वार्ष्णेय ने हस्तशिल्प कला से संबंधित वस्तुएं बनाई। शिविर के दूसरे सत्र में प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि कौशल विकास के युवा कार्यक्रम के तहत बेरोजगार युवाओं को कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर हार्डवेयर, हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी व लेदर टेक्नालाजी से सहित 40 तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके माध्यम से युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं, अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. अलका ठाकुर, डॉ. रीता, डॉ. अमिता चौधरी, डॉ. सुनीता उपाध्याय, डॉ. बविता, डॉ. कविता महाली, डॉ. विभा, डॉ. प्रीति आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने चोरी के जेवर के साथ युवक को दबोचा

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में सात फरवरी की रात बंद मकान में चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार दोपहर दो बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी के जेवर भी बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गांव अकरौली निवासी नन्नू पुत्र मोती राम पिछले कुछ दिनों से परिवार के साथ मुरादाबाद में रहते हैं। गांव के मकान में ताला लगा हुआ। गुरुवार की रात बंद मकान की छत पर बने जाल की सरिया निकालकर चोर घर में घुस गए। जब चोर घटना को अंजाम दे रहे थे, तभी नन्नू अपनी पत्नी के साथ घर पहुंच गए और एक चोर को पकड़ लिया जबकि दूसरा चोर फरार हो गया। आरोप है कि भागने वाला चोर नकदी व जेवर लेकर गया था। शनिवार की दोपहर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया और थाने ले आई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजय मौर्य निवासी अकरौली बताया। पुलिस ने युवक के पास चोरी के जेवर बरामद होने का दावा किया है।

काव्य कला मंच कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। ● अमृत विचार

वसंतोत्सव विषय पर किया काव्य पाठ

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज में काव्य कला मंच कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया। जिसमें छात्राओं द्वारा श्रीराम, सीता, लक्ष्मण के वनवास से अयोध्या वापस आने पर माता कौशल्या, कैकेई व सुमित्रा द्वारा स्वागत किए जाने ,शबरी के द्वारा श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा का भावपूर्ण मंचन हुआ। इसके उपरांत काव्य कला मंच द्वारा वसंतोत्सव विषय पर काव्य पाठ किया गया। प्रतियोगिता में दीक्षा ने प्रथम, इति गौड़ ने द्वितीय, पूर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. रीता सिंह, अंजली अग्रवाल, डॉ. अमिता चौधरी, विभा सिंह आदि मौजूद रही।

फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मनमोहा

चन्दौसी, अमृत विचार : एफआर इंटर कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने अपनी सीनियर्स विद्यार्थियों को विदाई दी। मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेविका संगीता भार्गव व सेवायोजन अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में छात्र-छात्राओं ने सुंदर गीत, एकल व युगल नृत्य, चुटकुले, शेर-शायरी, नाटक की प्रस्तुति दी। आमिर जुबेर ने कहा कि लक्ष्य को तय करके अपने पढ़ाई की तैयारी करें। इससे सफलता आसानी से मिल जाती है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशफाक भारती एडवोकेट ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा गुजारे गए दिन अनमोल होते हैं, जो सारी जिंदगी याद रहेंगे। विद्यालय के अध्यापकों की अच्छी सीख हमेशा आपको मार्गदर्शन देती रहेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन, हाजी वाहिद हुसैन, हाजी अब्दुल जाहिद, एजाज अहमद, अब्दुल्लाह, अलशिमा, वाजिद अली, अली असीम, हुमायूं शम्सी, शफीक मियां, सलमान अहमद, माज खां, रिजवान अहमद खान, यामीन खान, मोहम्मद गौस आदि मौजूद रहे।

घोड़े पर सवार होकर कानून की परीक्षा देने पहुंचा छात्र

चन्दौसी, अमृत विचार : एसएम कॉलेज में विधि की परीक्षाएं हो रही है। रोजाना छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। शनिवार को विधि का छात्र घोड़े पर सवार होकर परीक्षा देने पहुंचा। जो महाविद्यालय सहित शहर में चर्चा का विषय बना रहा। शनिवार की साकेत कॉलोनी निवासी विधि छात्र अभिषेक अग्रवाल घोड़े पर सवार होकर परीक्षा केंद्र पहुंचा। यह देख अन्य छात्र-छात्राएं भी छात्र को देख आश्चर्य चकित हो गए। परीक्षा केंद्र में कुछ दूर जाने के बाद छात्र घोड़े से उतरकर परीक्षा देने महाविद्यालय में चला गया।

घोड़े पर सवार होकर परीक्षा देने पहुंचा छात्र। ● अमृत विचार

कार्यकर्ताओं के साथ मंथन करते चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

लोकसभा चुनाव में जीत की रणनीति पर किया मंथन

बबराला, अमृत विचार : भाजपा मंडल की शनिवार को नगर पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर विमर्श किया गया।

चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में विस्तार से चर्चा की गई। चुनाव में जीत की रणनीति पर गहन मंथन किया गया। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा दी जा रही जिम्मेदारी को मेहनत से अंजाम देकर उम्मीदवार को शानदार जीत दिलाने का काम करें। कार्यशाला में जिला विस्तारक अमित गौतम, विनय वार्ष्णेय, सुभानु, भगत सिंह, आनंद मैसी, प्रभास कृष्ण, मोरपाल, नीरज, राम अवतार, सोवरन जाटव और प्रशांत वार्ष्णेय आदि रहे।

प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं- खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

रत्नों की बारिश

> मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92)

(धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने- श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।- अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गवस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते । (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म,अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

कहां है साहित्य की वह धारा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

आओ ऋतुराज वसंत

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

अयोध्या और तुलसी



डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

एक नजर

मानसिक मंदितों के लिए शिविर लगाने की मांग

बिजनौर, अमृत विचार : मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के प्रमाण पत्र बनवाने के शिविर के लिए शासन और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से मांग की गई है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि जनपद में मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कोई शिविर नहीं लगाया है। इससे इनके परिजनों को प्रमाण पत्र के लिए मुरादाबाद या बरेली जाना पड़ता है। जनहित में मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के प्रमाण पत्र जनपद या तहसील स्तर पर माह में एक बार या शिविर लगाकर प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

खेत की मेढ़ पर मिला गुलदार का शव

शेरकोट, अमृत विचार : शनिवार को क्षेत्र के गांव उमरपुर आशा के जंगल में श्मशान से सटे रामनाथ के खेत की मेढ़ पर गुलदार का शव मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम हरदेव सिंह, लक्ष्मीचंद वन दरोगा सहित महेश सिंह आदि मौके पर पहुंचे। जिन्होंने बताया कि मृत गुलदार मादा है। जिसकी उम्र लगभग एक वर्ष के आसपास है। वहीं वन विभाग की टीम का कहना है कि आपसी संघर्ष में मादा गुलदार की मौत की आशंका है। वन विभाग के अधिकारी मादा गुलदार के शव को ले गए। वही मौके पर मौजूद ग्राम वासियों ने बताया कि शुक्रवार रात भी शेरकोट से घर वापस आ रहे मीडियाकर्मी पंडित कृष्ण कुमार कौशिक को भट्ठे के पास गुलदार दिखा था। जिसे देख उनके व उनके साथ बाइक पर बैठे बेटे को भी दहशत हो गई थी। बाद में किसी तरह वह घर पहुंचे और ग्रामीणों को जानकारी दी।

रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक घायल

नहटौर, अमृत विचार : शनिवार दोपहर क्षेत्र के ग्राम करीमपुर निवासी महेंद्र पुत्र मयंक सिंह ट्रैक्टर से नहटौर आ रहा था। वह जब कोतवाली देहात मार्ग पर आक्सफोर्ड स्कूल के निकट पहुंचा तो तेज रफ्तार आ रही अमरोहा डिपो की बस ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिसमें ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त और चालक महेंद्र घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रोडवेज बस चालक विशाल अग्रवाल को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

समय से हो शिकायतों का समाधान

थाना समाधान दिवस में महज दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, अफजलगढ़

अमृत विचार : कोतवाल राजकुमार सरोज ने कोतवाली में थाना समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। थाना समाधान दिवस में 12 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए लेखपालों सहित उपनिरीक्षकों को निर्देश दिए।

शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस में कोतवाल राजकुमार सरोज ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों ने 12 शिकायतें दर्ज कराईं। दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जबकि

शिकायत सुनते कोतवाल राजकुमार सरोज। ● अमृत विचार

- संवेदनशील मामलों की सूचना पुलिस को देने को कहा
- कई मामलों के निस्तारण को टीम बनाकर मौके पर भेजी

अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों सहित उपनिरीक्षकों को निर्देश दिए। कस्बा इंचार्ज सुमित राठी ने कहा कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जाएगा। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर राजेश चौहान के आलावा एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज सुमित राठी, विवेकानंद चौकी इंचार्ज संदीप कुमार, एसआई नरेश कुमार, सलीम अंसारी सहित कानूनगो अफजलगढ़ नरेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, सुरेशचंद, पप्पू कुमार शाह, हिमांशु कुमार, प्रबल प्रताप सिंह राणा, विपिन कुमार, राकेश कुमार, संजीव कुमार, अरूण कुमार, जितेन्द्र कुमार, सनी गुप्ता तथा सौरभ कुमार मौजूद थे।

पांच शिकायतें दर्ज कोई निस्तारित नहीं

नहटौर, अमृत विचार : थाना कोतवाली में समाधान दिवस में पांच शिकायत दर्ज की गईं। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों व पुलिसकर्मियों को प्रभारी निरीक्षक दिनेश शर्मा ने निर्देश दिए। अधिकांश शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। कोतवाल दिनेश शर्मा ने बताया कि पांच शिकायतें दर्ज की गईं। जिसमें उनके निस्तारण के लिए संबंधित हल्का लेखपालों व पुलिस टीम गठित करके मौके पर निस्तारण के लिए भेजा है। इस अवसर पर कानूनगो खचेढू सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह राजीव शर्मा राजीव तोमर व लेखपाल मौजूद रहे।

शिक्षक संघ के चुनाव में प्रत्याशी ने मांगा समर्थन

बिजनौर, अमृत विचार : उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के चुनाव में डॉ. मोहित शर्मा ने जनपद की विभिन्न शाखाओं में दौरा कर समर्थन मांगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के वार्षिक चुनाव में जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मोहित कुमार शर्मा, जिला मंत्री सियाराम रावत, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं आय व्यय पर्यवेक्षक चौधरी भूपेन्द्र सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए जनपद की विभिन्न माध्यमिक संस्थाओं का दौरा किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मोहित कुमार शर्मा ने कहा कि जनपद के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण से जनपद के प्रत्येक शिक्षक को काम करना होगा। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि यह चुनाव पुरानी पेंशन योजना की बहाली की धुरी बनेगा। इस अवसर पर मनोज कुमार यादव, सियाराम रावत, विजय कुमार यादव, चौधरी भूपेन्द्र सिंह, डॉ. भूपेंद्र कुमार, करन वीर सिंह, लतीफ अहमद, डॉ इन्द्र दीप, विजय पाल सिंह, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र कुमार ने समर्थन की अपील की।

सार संक्षेप

कार्यशाला में शामिल कर्मचारी। ● अमृत विचार

नगर पालिका कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

नगीना, अमृत विचार : आईटीसी लिमिटेड एवं नगर विकास विभाग उप्र के संयुक्त तत्वावधान में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत नगर पालिका के सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में नगर पालिका नगीना के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक धीरज राय वर्मा, समस्त सफाई नायकों महेश कुमार, अरविंद कुमार, सुभाष कुमार, तुषार, रोहित, अनूप अनूप, सोनू एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षक अर्श व मोनिस हसन, दीपक ने प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में ठोस कचरा प्रबंधन के अंतर्गत चर्चा की गई। धीरज राय वर्मा ने बताया कि यह अभियान मार्च माह के अंतिम सप्ताह में शुरू किया जाएगा। इससे पूर्व सभी वार्डों को अभियान के लिए चिन्हित किया जाएगा।

धरने पर बीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

बीईओ के आश्वासन पर शिक्षकों का धरना समाप्त

नहटौर, अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अमरदीप चौधरी के नेतृत्व शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को शुरू हुआ धरना प्रदर्शन खंड शिक्षाधिकारी नहटौर योगेश शर्मा के आश्वासन पर समाप्त कर दिया। जानकारी के अनुसार शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कुछ अध्यापकों की बार-बार ड्यूटी में लगाने और कुछ अध्यापकों को हर प्रकार की ड्यूटी व प्रशिक्षण से मुक्त रखने, आधार कार्य में लगे अध्यापकों को तुरंत विद्यालय के लिए कार्यमुक्त किए जाने ताकि उनके विद्यालय में लगातार गिर रही छात्र संख्या व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार आने आदि समस्याओं से परेशान प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीआरसी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा धरना स्थल पहुंचे और शिक्षकों की सभी मांगों को स्वीकार करते हुए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया। इस अवसर पर गुलशन चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर, कुलदीप चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष बुढनपुर, गर्वित चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली भी उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन में सौरभ चौधरी सहित अनेक संगठन के पदाधिकारियों का भी सहयोग रहा।

खेत में टूटे हुए पेड़। ● अमृत विचार

रंजिश में खेत से पॉपुलर के पेड़ तोड़े

नहटौर, अमृत विचार : रंजिश के चलते खेत से पॉपुलर के 193 छोटे पेड़ों को तोड़ दिया गया। मोहल्ला लकड़हारान निवासी अंजार अहमद क्षेत्र के मौजा बिशनपुरा में कृषि भूमि है। उसने उसमें पोपुलर के सैंकडों पेड़ लगा रखे हैं। शुक्रवार रात मोहल्ला झील कालोनी निवासी अतीक पुत्र शफीक, मोहल्ला लकड़हारान निवासी सुब्हान पुत्र निजामू, अनस पुत्र सईद अहमद, आशु पुत्र कालू व दानिश पुत्र कमर ने रंजिश के चलते उसके पोपुलर के 193 पेड़ बीच से तोड़ दिए। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित अंजार अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू करदी है।

नांगल थाना प्रभारी की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

बिजनौर, अमृत विचार : शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नांगल थाना प्रभारी के किसान नेता छत्रपाल सिंह से अभद्र व्यवहार के संबंध में पुलिस अधीक्षक मुलाकात की। इस दौरान नरेश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक से नांगल थाना प्रभारी शिकायत कर कहा कि नांगल थाना प्रभारी का रवैया बिल्कुल भी ठीक नहीं है। चौधरी वीर सिंह ने कहा की यदि थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह लखनऊ डीजीपी से मिलकर शिकायत करेंगे। कहा की वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। इस दौरान विजय मोहन गुप्ता, अंतरिक्ष कौशिक, शशि कुमार, बिट्टू, नवाब सैफी, मोनू यादव, धर्मवीर सिंह, तोमर चौहान, महेंद्र चौहान, राज सैफी, जतिन कुमार, बंटी शेरावत, रोबिन कुमार रहे। किसान नेता छत्रपाल सिंह की पुत्री प्रियंका सिंह ने भी पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन से मिल पिता से हुए अमर्यादित व्यवहार के दोषी दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

कर्बला में इमाम हुसैन की कुर्बानियां बताईं

संवाददाता, नजीबाबाद

अमृत विचार : जोगीरम्पुरी दरगाहे आलिया पर शुक्रवार देर रात तक जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान बताया कि नवासा ए रसूल शहीदे कर्बला सरदार जन्नत इमाम हुसैन का मदीने से इस्लाम को बचाने के लिये अपने वतन को छोड़ कर्बला की तरफ सफर पर जाना पड़ा। क्योंकि कूफे का क्रूर शासक यजीद इस्लाम को मिटाने पर उतरा हुआ था और इमाम हुसैन से बैयत का तलबगार था।

इमाम हुसैन ने यजीद को कहलाया कि मैं नवासा ए रसूल तुझ जैसे की बैयत नहीं करूंगा। जलूस से पहले मजलिस का आगाज हुआ। जिसकी मरसिया ख्वानी फिरोज हैदर, मोहम्मद रजा, मोहम्मद कुमेल ने की और मजलिस में मौलाना अली गाजी ने इमाम हुसैन के सफर और कर्बला में इमाम हुसैन की कुर्बानियों पर विस्तार से बयान किया।

इसके बाद जलूस में जुल्जनाह, ताबूत, झूला और अलम बरामद किये गए। जुलूस में नोहा ख्वान शोबी, साजिद रजा, अर्शी आदि ने की। जलूस मौला अली के रोजे से बरामद हो कर रोजाय ए अब्बास, सय्यद राजु और इमाम हुसैन के रोजे से वापस आकर सम्पन्न हुआ। जलूस में मौलाना आबिद मेहदी, अता अब्बास, प्रबंधक हुसैन मेहंदी, जावेद हुसैन, अमजद अली आदि मौजूद रहे।

बदहाल बस स्टैंड के दिन बहुरने की आस

संवाददाता, नहटौर

अमृत विचार : क्षेत्रीय विधायक के शिविर कार्यालय से महज 300 मीटर की दूरी पर बदहाल रोडवेज बस स्टैंड का मुद्दा दैनिक अमृत विचार ने एक फरवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान परिवहन मंत्री ने लिया है। इसके पुनर्निर्माण व यहां डिपो बनाने के लिए पीपीपी पद्धति के तहत विकसित किया जाना प्रस्तावित हैं। जब से नहटौर विधानसभा क्षेत्र बनी है। तभी से क्षेत्रीय लोग रोडवेज बस स्टैंड की समस्या की मांग उठाते रहे हैं।

अब क्षेत्रीय विधायक को परिवहन मंत्री का पत्र जारी होने पर लोगों में इसके दिन बहुरने की आस जगी है। वर्ष 2012 से लगातार इस विधानसभा क्षेत्र से ओमकुमार विधायक बनते चले आ रहे हैं। लेकिन रोडवेज बस स्टैंड की हालत नहीं सुधर पाई है। क्षेत्रीय लोगों

बदहाल बस स्टैंड। ● अमृत विचार

को हरिद्वार आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बस स्टैंड में खड़ा एकमात्र हैंडपंप भी खराब है। यात्रियों को यहां पानी तक नसीब नहीं होता हैं, शौचालय भी बदहाल हैं। यहां कोई कर्मचारी तैनात नहीं हैं। रात को सन्नाटा रहता है। दैनिक अमृत विचार ने 01 फरवरी के अंक में रोडवेज बस स्टैंड की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अब प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने पत्र जारी कर बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की आख्या के अनुसार नहटौर रोडवेज बस स्टैंड का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसे पीपीपी पद्धति के द्वितीय चरण में विकसित किया जाना प्रस्तावित हैं। उधर, क्षेत्र के लोग चुनाव से पहले रोडवेज बस स्टैंड के पुनर्निर्माण होने की खबर को लेकर भी असमंजस की स्थिति में है। कहीं यह चुनावी वायदा बनकर न रह जाए।

अमरोहा-रामपुर

जेसीबी से निर्माणाधीन दीवार तुड़वाई

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

अमृत विचार : हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह के उत्तर दिशा में कमेटी अतिक्रमण रोकने के लिए दीवार का निर्माण कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी से दीवार गिरवा दी। वक्फ कमेटी ने जिला अधिकारी से मामले की शिकायत करने की बात कही है।

नगर पंचायत उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह है। जो उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्त बोर्ड लखनऊ में वक्फ-311 के रूप में दर्ज है। वक्फ कमेटी ने वक्फ बोर्ड से गंदगी रोकने तथा अतिक्रमण रोकने के लिए उत्तर दिशा में दीवार करने की अनुमति ली थी। जिस पर वक्फ बोर्ड ने वक्फ कमेटी को 280 फुट लंबी एवं छह फुट ऊंची दीवार करने की अनुमति

दीवार को तोड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

दी थी। वक्फ कमेटी ने चार दिन पहले दीवार का निर्माण प्रारंभ कर दिया। निर्माण कार्य चलता रहा, परंतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को नगर पंचायत उझारी के कर्मचारी जेसीबी लेकर निर्माणाधीन स्थान पर पहुंच गए और निर्माण कार्य रोक दिया और दीवार गिरवा दी। वक्फ कमेटी के सदस्यों ने कहा कि वह बोर्ड की अनुमति से ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है और यह वक्फ बोर्ड की आराजी है। कमेटी के सदस्यों ने अधिशासी अधिकारी से निर्माण कार्य रोके जाने का आदेश मांगा, परंतु वह आदेश नहीं दिखा पाए और कार्य को रुकवा दिया। जिस पर वक्फ की कमेटी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पिता-पुत्र समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

डिडौली, अमृत विचार: डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नीलीखेड़ी निवासी मुफीद का आरोप है कि गांव सैदपुर अलीपुर निवासी उस्मान और उनके बेटे नौमान व कस्बा जया के मोहल्ला खेड़ा के रहने वाले दानिश तीनों व्यक्ति जमीन की खरीद फरोख्त का काम करते हैं।

15 जनवरी को तीनों आरोपी उसके घर में घुस आए और जान से मारने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर उसके बेटे के साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। इसके बाद मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए तो आरोपी धमकी देकर भाग निकले। इसकी शिकायत उसने कोतवाली में की लेकिन पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। वहीं प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पिता पुत्र समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

जीने के लिए हक देता है हमारा संविधान : राजेंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने कहा कि इस देश में जीने के लिए हमारा संविधान हमें बहुत कुछ देता है। हमें कानून को समझने की जरूरत है।

राधा रोड स्थित ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर शम्सी ने कहा कि कानून ने जीने का हक सबको दिया है। डा. भीमराव आंबेडकर ने हमें अपनी बात रखने और शानदार जिंदगी जीने का हक दिया है। इस देश के कानून ने हमें हर तरह की सुविधाएं दी हैं। अगर थानों में हमारी सुनवाई नहीं हो रही है तो अदालतों के दरवाजे हमारे लिए खुले हुए हैं। कानून को समझें और

बैठक

- ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तहत कार्यक्रम
- कहा, कानून ने सबको दिया है बराबर का अधिकार

लोगों को जागरूक भी करें। इससे हमारा समाज और हम सब आगे बढ़ सकेंगे। इससे समाज भी मजबूत होगा। इस अवसर पर हिदायत अली, सुरेश कुमार सिंह, हरविंदर सब्रवाल, सुनीता वर्मा, इशरत सुल्ताना, फहीमा कुरैशी, सैयद मोहम्मद शोएब, नूरुल उल सहर, अंतरा यादव ने छात्र-छात्राओं और महिलाओं को कानूनी जागरुकता कार्यक्रम के बारे में बताया। कोऑर्डिनेटर फैसल शाह खां, सह संयोजक प्रीति राठौर ने आभार जताया। इस दौरान छात्र-छात्राएं, महिलाएं और अधिवक्ता मौजूद रहे।

डेढ़ माह बाद भी चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में दो दुकानों में चोरी की घटना का पुलिस द्वारा 38 दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा न किए जाने से नाराज व्यापारियों ने रोष जताया। चौकी प्रभारी ने घटना का शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ढबारसी की बैठक आनन्द मुनि सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि पांच जनवरी को रात को मंगलम ज्वैलर्स व वीरेंद्र गोयल एण्ड सन्स की खल चोकर की दुकान से चोरी की घटना का 38 दिन बाद भी खुलासा नहीं हुआ है। इस पर सभी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार व्यापार मण्डल ढबारसी के अध्यक्ष शिव ओम गुप्ता ने कहा कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस चोरों को पकड़ने

बैठक के दौरान मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

में कामयाब नहीं हो पा रही है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। बैठक में ढबारसी चौकी प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि चोरी के खुलासे के लिए एसओजी, सर्विसलांस, थाने की टीम लगी है। घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। बैठक में सफाई के नाम ग्राम पंचायत द्वारा व्यापारियों से उगाही का विरोध किया तथा सफाई में होने वाले खर्चे को ग्राम पंचायत द्वारा साप्ताहिक बाजार से होने वाली आमदनी से खर्च करने की सलाह व्यापारियों द्वारा दी। बैठक में अन्य व्यापारिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में अतुल गोयल, जितेन्द्र शुक्ला, राजू त्यागी, राजेश शर्मा, परमजीत सिंह, अंकुर त्यागी, अमन अग्रवाल, आरिफ प्रधान, कपिल यादव ग्राम पंचायत अधिकारी, अंकित सागर, शिवेश अग्रवाल आदि ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता सत्यप्रकाश त्यागी ने तथा संचालन राजीव बंसल ने किया।

ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

रामपुर, अमृत विचार : केमरी मोड़ पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक शुक्रवार दोपहर को घायल हो गए थे। उपचार के दौरान इनमें से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का बरेली में इलाज चल रहा है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव पैगूपुरा निवासी रामरतन का 29 साल का बेटा टिन्कू जगराता करता था। शुक्रवार की दोपहर वह बिलासपुर के रहने वाले अनमोल सक्सेना के साथ जगराता करने बिलासपुर जा रहा था। केमरी थाना क्षेत्र में सिमरा मोड़ के पास तेजी से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी दी। इसमें दोनों लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अनमोल की हालत गंभीर होने पर उसको बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया था। देर रात टिन्कू की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत

संवाददाता, टांडा/मिलक

अमृत विचार : मिलक और टांडा से रामलला के दर्शन करने गए दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसके बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। अयोध्या से दोनों के शव यहां लाए जा रहे हैं।

बताते चलें कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इसके बाद से जत्थे लगातार बसों से रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं। टांडा और मिलक से भी भक्त गए थे। टांडा क्षेत्र के ग्राम चक गजरौला निवासी विष्णु यादव (60) शुक्रवार को भाजपाइयों के सहयोग से जाने वाली बस में अयोध्या गए थे। बताते हैं कि वहां अचानक उनके सीने में दर्द हुआ और चक्कर खाकर वहीं गिर गए। साथी

विष्णु यादव का फाइल फोटो।

राजेश्वर पांडेय का फाइल फोटो।

उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पांच बच्चे हैं। विष्णु यादव खेती करते थे। वह वर्तमान में भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी थे। विष्णु यादव ग्राम लखमन नगला स्थित सहकारी किसान सेवा समिति के दो बार सभापति भी रह चुके हैं। अब उनका पुत्र चन्द्रशेखर समिति का उप सभापति है। मृतक के बेटों में से दो मजदूरी करते हैं। शनिवार शाम तक शव गांव नहीं पहुंच पाया था। उधर मिलक क्षेत्र के क्योरार गांव निवासी

दुखद

- दोनों परिवारों में मचा कोहराम घर लाए जा रहे दोनों शव
- मिलक और टांडा के निवासी थे दोनों मृतक

60 वर्षीय राजेश्वर प्रसाद पांडेय भी शुक्रवार को गांव के लोगों के साथ बस से अयोध्या गए थे। शाम को अयोध्या धाम पहुंचने के बाद सभी ने प्रभु श्रीराम के दर्शन किये। इसके बाद सभी धाम परिसर में विश्राम कर रहे थे। रात में लगभग 10 बजे राजेश्वर प्रसाद को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। साथी की मौत से रामभक्तों में शोक छा गया। शनिवार को साथी शव लेकर अयोध्या से रवाना हो गए। राजेश्वर की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक तहसील में टाइपिस्ट थे।

शादी से तीन सप्ताह पहले घर से गई युवती

बढ़ापुर, अमृत विचार : युवक दूसरे सम्प्रदाय की युवती को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की दी तहरीर बदल कर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। युवती की तीन सप्ताह बाद बारात आनी थी।

नगर के मोहल्ला निवासी युवक का प्रेम प्रसंग दूसरे मोहल्ले की गैर सम्प्रदाय की युवती से था। युवती के परिजनों ने उसकी शादी तय कर दी थी। लेकिन शुक्रवार को युवक युवती को लेकर फरार हो गया। युवती के न मिलने पर परिजनों ने रिश्तदारों में उसकी तलाश की। परन्तु नहीं मिलने पर परिजनों ने युवक के बारे में पता किया तो वह भी उसी समय से लापता था। जिसके बाद परिजनों ने शनिवार को थाना बढ़ापुर में पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। परिजनों द्वारा आरोपी युवक को नामजद कर तहरीर पुलिस को दिए जाने के बाद थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज की। परिजनों ने बताया है कि मार्च माह के पहले सप्ताह में युवती की बारात आनी थी।

एक नजर

सफाई कर्मी का डीपीआरओ पर अभद्रता करने का आरोप

चन्दौसी, अमृत विचार : संभल मार्ग पर सफाई का कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों में एक सफाई कर्मी ने डीपीआरओ पर अभद्रता व गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। जिससे अन्य सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। जबकि डीपीआरओ ने सफाई कर्मचारी से किसी प्रकार कोई बात होने से इनकार किया है।शनिवार की सुबह संभल मार्ग स्थित फ्लाईओवर के नीचे कुछ सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे थे। आरोप है कि तभी उधर से गुजर रहे डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे सफाई कर्मचारियों को देखकर रुक गए। सफाई कार्य ठीक नहीं होने पर एक सफाई कर्मचारी को डांटा। आरोप है कि एक सफाई कर्मी ने बताया कि डीपीआरओ ने उसके साथ गाली-गलौज व अभद्रता की। साथ ही कूड़े में आग लगाने की बात कही। जबकि डीपीआरओ ने बताया कि उन्होंने किसी सफाई कर्मी से अभद्रता व गाली-गलौज नहीं की है।

पति ने दोस्तों संग शिक्षिका को निर्वस्त्र कर कार में घुमाया

संवाददाता, काशीपुर

- शोर मचाने पर दी पिस्टल दिखाकर मारने की धमकी
- शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार: शिक्षिका ने अपने पति व उसके दोस्तों पर हथियार के बल पर उसका अपहरण करने और उसे निर्वस्त्र कर कार में यहां वहां घूमाने का आरोप लगाया है। बाद में आरोपी उसे रामपुर जिले के चौखंडी में उसके रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गये। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्तमान में वह बाजपुर रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहती है और रामनगर रोड स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। बताया कि उसके पति के साथ अनबन चल रही है। 8 फरवरी को वह स्कूटी से स्कूल जा रही थी। इसी बीच एक कार में सवार उसका पति व उसके दो दोस्त निवासी कनकपुर, दढ़ियाल रोड ने उसकी स्कूटी रोक दी और रिवाल्वर के बल पर घसीटकर कार में बैठा कर ले गये। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान तीनों ने कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर बट से प्रहार किया। पीड़िता ने बताया कि वह लोग उसे पहले बाजपुर फिर स्वार ले गये। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

प्रवासी पक्षियों से जिले के वेटलैंड हुए गुलजार, प्रकृति प्रेमी और बर्ड वॉचर्स उठा रहे हैं रोमांच का लुत्फ

गुनगुनी धूप में आनंदित कर रहीं प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अगर आपको बर्ड वॉचिंग का शौक है तो जिले के वेटलैंड आपका इंतजार कर रहे हैं। विदेशी मेहमान यानी प्रवासी पक्षियों से वेटलैंड गुलजार हैं। इन पक्षियों की अठखेलियां दिल को सुकून दे रही हैं। बर्ड वॉचर इन वेडलैंड्स का लुत्फ उठा रहे हैं। गुनगुनी धूप के बीच यह विदेशी मेहमान भी प्रकृति का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। करीब एक दर्जन प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां वेटलैंड्स पर दिख रही हैं। मार्च तक इनकी चहचहाट सुनाई देगी। इसके बाद प्रवासी पक्षी अपने मूल स्थानों पर परवाज कर जाएंगे।

हर साल ठंड के मौसम में ऐसे पक्षी देश- विदेश के बर्फीले इलाकों से निकलकर उन स्थानों पर प्रवास के लिए जाते हैं, जहां उनको अनुकूल वातावरण और भोजन मिल सके। जिले में यूं तो नवंबर दिसंबर में प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया था, लेकिन जनवरी और फरवरी आते-आते इनकी संख्या बढ़ गई है।

फरीदपुर, आंवला, रामगंगा के वेटलैंड्स पर शीतकालीन प्रवासी पक्षी देखे जा रहे हैं। प्रकृति प्रेमी और फोटोग्राफर डॉ. पंकज अग्रवाल और डॉ. गौरव सपरा ने बरेली के वेटलैंड का दौरा किया। दोनों ही फोटोग्राफर्स ने प्रवासी पक्षियों की अठखेलियों की बेहद दिलकश तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की हैं।

बीते वर्षों के मुकाबले संख्या कम : बीते वर्षों के मुकाबले इस साल जिले में आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या कम बताई जा रही है। बर्ड वॉचिंग और प्राकृतिक छायांकन का शौक रखने वाले डॉ. पंकज अग्रवाल ने बताया कि बरेली में भी प्रवासी देशी और विदेशी पक्षी आते हैं, लेकिन इस साल पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम पक्षी आए हैं।



प्रकृति का आनंद प्रवासी पक्षी। ● अमृत विचार

> हर साल प्रवासी पक्षी जिले में आते हैं। वन विभाग की टीमों की ओर से इन पक्षियों को चिह्नित किया गया है। इनकी निगरानी के लिए टीमों को लगाया गया है।
>
> -बी प्रभारकर, मुख्य वन संरक्षक, रुहेलखंड जोन

- विदेशी मेहमान भी प्रकृति की गोद में ले रहे भरपूर आनंद

यह प्रजातियां दे रही हैं दिखाई

वेटलैंड पर पैंटेड स्टॉर्क, ब्लैक हेडेड इबिस, वूली नेक्ड स्टॉर्क, लिटिल ग्रिबी, रफ, लेसर विस्लिंग डक, रुड्डी शैल डक, यूरेशियन टील, रिवर लेपविंग, रिवर टर्न, इंडियन स्पॉट बिल डक देखी गई हैं। वहीं, वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले के वेटलैंड पर प्रवासी पक्षी देखे गए हैं, जिनकी निगरानी कराई जा रही है।

पशु लूट पर भड़के ग्रामीण पहुंचे एसपी कार्यालय

बहजोई, अमृत विचार: बहजोई कोतवाली क्षेत्र के अतरासी गांव में हथियारों के बल पर बदमाशों ने किसान का पशु चोरी कर लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने एसपी दफ्तर पर प्रदर्शन चोरी की घटनाओं की रोकथाम किए जाने की मांग के साथ घटनाओं का खुलासा करने की मांग रखी।

बहजोई कोतवाली के गांव अतरासी में शुक्रवार की रात को बदमाशों ने ओमप्रकाश के यहां धाबा बोलकर उसकी भैंस लूट ली। बदमाशों ने ओमप्रकाश की कनपटी पर तमंचा रखकर शोर मचाने पर जान से मार देने की धमकी दी। जब बदमाश भैंस लेकर जा रहे थे तो ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। इस पर बदमाश भैंस को छोड़कर भाग गये। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पुलिस गश्त करके गई थी उसके पांच मिनट बाद ही यह घटना हुई। इससे पहले भी चार घटनाएं चोरी की हो चुकी है। शनिवार दोपहर को ग्रामीण एसपी दफ्तर पर पहुंच गए। जहां उन्होंने आए दिन गांव में हो रही पशुओं की चोरी की घटनाओं को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान ओमप्रकाश, राजवीर, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

पथराव व तोड़फोड़ करने वाले 110 उपद्रवियों पर रिपोर्ट

तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आह्वान पर शुक्रवार को सैकड़ों लोग बिहारीपुर में इकट्ठा हुए थे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख तौकीर रजा की तकरीर के बाद बिहारीपुर से लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज में जमकर मारपीट, पथराव और तोड़फोड़ की थी। दुकानदारों के साथ भी बदसलूकी की। पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग तहरीर पर 110 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न पर शुक्रवार को सैकड़ों लोग बिहारीपुर में इकट्ठा हुए थे। दोपहर में कई घंटे तक तौकीर रजा की गिरफ्तारी को लेकर तनाव बना रहा था।

मौलाना ने इस दौरान भड़काऊ बयान भी दिया था। इसके बाद शाम करीब 4 बजे वापस लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज बाजार में पथराव और तोड़फोड़ की थी। इसके अलावा फूल और फल विक्रेताओं की दुकान फेंकते हुए उनके साथ मारपीट की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लाठियां फटकारते हुए भीड़ को खदेड़ा था। इस मामले में जगतपुर पुराना शहर निवासी कपिल शर्मा ने करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वह अपने साथी सुनील सागर के साथ जा रहे थे। अचानक शहामतगंज क्षेत्र में कुछ लोगों ने उनपर हमला कर दिया और उसकी बाइक तोड़ दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से हजियापुर निवासी मुस्तकीम ने करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें मारपीट, धमकी आदि का आरोप लगाया गया है।

तौकीर मामले में पुलिस को मुख्यालय के आदेश का इंतजार

बरेली, अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के भड़काऊ बयान मामले में पुलिस अधिकारियों को शासन और पुलिस मुख्यालय के आदेश का इंतजार है। मुख्यालय से जैसा आदेश मिलेगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को शासन और मुख्यालय से हर आधे घंटे पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से फोन कर पल-पल की जानकारी ली गई थी। इसके बाद दोबारा पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली गई।तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न के बाद शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में लोग गिरफ्तारी देने के लिए बिहारीपुर करोलान में इकट्ठे हुए थे। यहां पर तकरीर ने भड़काऊ बयान दिया था और इस्लामिया ग्राउंड जाने से रोकने पर जमकर नोकझोंक हुई थी। हालांकि, वहां पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने सूझबूझ के साथ तौकीर समेत उनके समर्थकों को वहां से लौटा दिया था। इसके बाद शाम को शहामतगंज में कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर मारपीट कर माहौल खराब करने की कोशिश की थी।

> शहामतगंज में मारपीट कर पथराव करने के मामले में बारादरी थाने में अलग-अलग दो रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -राहुल भाटी, एसपी सिटी

पेट्रोल पंप के पास सिलेंडर फटने से फैली दहशत

ईसाइयों की पुलिया के आगे पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की देर रात एक छोटा गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ। जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की, जिसमें पाया गया कि एक ट्रक चालक छोटे गैस सिलेंडर पर रोटी बना रहा था, जिसमें आग लग गई। चालक ने काफी समय तक आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब आग नहीं बुझी तो सिलेंडर छोड़कर भागा। थोड़ी देर बाद गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद चालक की बात सही पाई गई, जिसके बाद उसे थाने से छोड़ दिया गया।

24 घंटे बाद भी कोतवाली क्षेत्र छावनी में तब्दील

शहामतगंज में हुए बवाल को देखते हुए कोतवाली और बारादरी क्षेत्र को अभी भी छावनी में तब्दील किया गया है। पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। साथ ही खुफिया विभाग को और अलर्ट किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालात सामान्य होने पर फोर्स को धीरे-धीरे कम किया जाएगा।

वीडियो ग्राफी और फुटेज से किया जा रहा चिह्नित

शहामतगंज में हुए बवाल के बाद बिहारीपुर तक लगे सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से कराई गई वीडियो ग्राफी से खुराफात करने वाले आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। जिसके बाद इन पर कार्रवाई की जाएगी।

> शहामतगंज मामले में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। मामले में 110 अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> -घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

तौकीर की सुरक्षा वापस करने और नुकसान की भरपाई की मांग की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यापारी संगठनों ने तौकीर पर धार्मिक उन्माद फैलाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए

अमृत विचार : शहामतगंज में शुक्रवार को पथराव और तोड़फोड़ के बाद व्यापारियों में रोष है। शनिवार को व्यापारी संगठनों ने मौलाना तौकीर रजा पर भड़काऊ बयान देने के मामले में रासुका लगाने, सुरक्षा वापस लेने और नुकसान की भरपाई की मांग की। व्यापारियों ने उपद्रवियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शहामतगंज स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में कहा कि तौकीर रजा के कारण शुक्रवार को व्यापारियों पर हमले हुए। दुकानों को लूटा गया और भीड़ हिंसक हो गई। बाजार बंद होने से करीब 15 करोड़ रुपये का बाजार प्रभावित हुआ।

कहा कि तौकीर के कारण साल 2010 में दंगे हुए थे। उसमें भी व्यापारियों की बड़े पैमाने पर दुकानें जलाई गई थीं। साल 2012 में फिर दुकान जलाई गईं। अब फिर जहरीले बयान देकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गई। इस मामले में न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

मांग की कि तौकीर की सुरक्षा वापस लेने के साथ ही रिपोर्ट दर्ज कर रासुका लगाकर गिरफ्तार किया जाए। 15 करोड़ रुपये के नुकसान भी भरपाई तौकीर और उपद्रवियों से की जाए।

राजेश जसौरिया ने कहा कि तौकीर के बयान से उद्यमी सहमे हुए हैं। कहा व्यापार मंडल जल्द ही इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगा और अवगत कराएगा कि व्यापारी वर्ग सुरक्षित नहीं है। कोषाध्यक्ष संजीव चांदना, अध्यक्ष दर्शनलाल भाटिया और अन्य मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में हुआ काव्य पाठ

हापुड़, अमृत विचार : "हिंदी भारत माता के माथे की बिंदी" विराट कवि सम्मेलन का आयोजन जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेएमएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल, सचिव डॉ रोहन सिंघल मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आयुष सिंघल, मुख्य अतिथि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ संजीव गोयल सिक्का, विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अवनीश त्यागी, न्यू वर्ग लि0 कंपनी के सीएमडी, अनिल त्यागी, राजनीतिक विश्लेषक अमरीश त्यागी, एमएस हेरिटेज स्कूल के अध्यक्ष रामकिशोर त्यागी, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अभिषेक त्यागी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर युवा कवि विकास विजय त्यागी, बुलंदशहर जनपद के प्रख्यात कवि आलोक बेजान, मोदीनगर के कवि अवनीत समर्थ, अलीगढ़ के कवि स्वदेश यादव, गाजियाबाद जनपद के कवि मोनू मधुकरे एवं कवि वैभव शर्मा, जेएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ0 सुभाष गौतम आदि उपस्थित रहे।हापुड़ के कवि सम्मेलन के सूत्रधार विकास विजय त्यागी ने अपनी अपनी मधुर कविताओं का पाठ करते हुए सफल संचालन किया। संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ सुभाष गौतम ने अपने व्याख्यान में कहा किवास्तव में साहित्य ही समाज का दर्पण है। संवेदना रूपी दर्पण से व्यक्ति अपनी व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास करता हैं।

साफ सफाई के प्रति किया जागरूक

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर को साफ-सफाई व स्वच्छता जागरुकता के रूप में मनाया गया। सबसे पहले स्वयं सेवक व सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवक व सेविकाओं ने आसपास की बस्तियों में जाकर लोगों को घर व आसपास सफाई के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रूपेश कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, धन सिंह, केपी सिंह, इश्तियाक अहमद, अमोल शर्मा, आयुषी शर्मा, पिंकू सैनी, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण में मुख्य चिकित्साधिकारी को सीएचसी में दिखी गंदगी, जताई नाराजगी

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। गंदगी मिलने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। वहीं सीएचसी प्रभारी को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरन्नुम रजा ने बहजोई सीएचसी में सबसे पहले दवाओं के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। वहीं अस्पताल आने वाले मरीजों का रजिस्ट्रेशन रजिस्टर चेक किया। कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर को भी देखा। उन्होंने निर्देश दिए की सीएचसी पर आने वाले सभी मरीजों को उपचार दिया जाए। जो मरीज गंभीर बीमारी के आ रहे हैं उन्हें भर्ती करके उनका उपचार किया जाए। महिला चिकित्सालय में एक जगह गंदगी देख उन्होंने सीएससी प्रभारी डा. विरास यादव से नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ अच्छा उपचार देने की बात कही। इस दौरान सीएचसी प्रभारी विरास यादव, फार्मासिस्ट मधुर आर्य, सतीश तिवारी, जय किशोर, रामोतार यादव आदि मौजूद रहे।

बहजोई में सीएचसी का निरीक्षण करतीं सीएमओ डा. तरन्नुम रजा। ● अमृत विचार

- मरीजों का रजिस्ट्रेशन रजिस्टर चेक किया

पशुओं को करंट का झटका देने वाली मशीन हटाने की मांग

बहजोई, अमृत विचार: समाज हित संरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने सरकारी बिल्डिंग तथा नागरिकों द्वारा पशुओं के लिए बिजली के करंट की झटका मशीन लगाई जाने के विरोध में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंप कर कहा कि नगर बहजोई में जगह-जगह बिजली करंट की झटका मशीन बिल्डिंगों पर स्थापित की गई हैं। जिससे बंदर तथा पशु जन मानस को खतरा बना है। ऐसी स्थिति में पशुओं,बंदरों व आम जनमानस की परेशानी को रखते हुए इन मशीनों को हटाया जाए। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भगवान दास शर्मा, मुकेश कुमार डब्बू जी, पीतांबर सिंह, सत्य प्रकाश, अश्वनी कुमार, राम शर्मा, अतुल गुप्ता, कुलदीप वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, शैलेंद्र यादव, राम गुप्ता, अखिलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

स्टीयरिंग फेल होने से सड़क किनारे पेड़ से टकराया ट्रक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- उत्तराखंड के काशीपुर से महाराष्ट्र जा रहा था ट्रक

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित टी-प्वाइंट पर स्टेरिंग फेल होने से ट्रक सड़क किनारे खंदी में पलटकर पेड़ से टकरा गया। घटना में चालक व परिचालक बाल-बाल बच गए। ट्रक उत्तराखंड के काशीपुर से महाराष्ट्र जौ लेकर जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की।

जनपद हाथरस के सादाबाद निवासी चालक यूनुस खान ट्रक में उत्तराखंड के काशीपुर से जौ लेकर महाराष्ट्र जा रहा था। ट्रक में परिचालक अमित उपाध्याय निवासी हाथरस भी था। शनिवार की शाम पांच बजे ट्रक थाना बनियाठेर के मुरादाबाद रोड स्थित टी-प्वाइंट के पहुंचा तो अचानक ट्रक का स्टीयरिंग फेल हो गया। जिससे ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे खंदी में पेड़ से जा टकराया। हादसे में चालक व परिचालक बाल-बाल मच गए। दोनों को मामूली रूप से चुटैल हुए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। चालक की ओर से ट्रक मालिक को घटना की सूचना दे दी गई।



मुरादाबाद रोड टी प्वाइंट पर सड़क किनारे खंदक में पलटा ट्रक।

लोस चुनाव से पहले अवैध शस्त्रों का जखीरा बरामद

संवाददाता, हापुड़

- गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 23 अवैध असलहा बरामद हुए
- गाजियाबाद व हापुड़ में चोरी व लूट, गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट के एक दर्जन मामले पंजीकृत हैं

अमृत विचार : ग्राम कनिया कल्याणपुर में पशुधन कृषि क्षेत्र के पास अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए 2 शातिर बदमाशों वाहिद व शाकिब निवासी नाहली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से निशानदेही पर 6 पिस्टल,10 तमन्चे, 1 पोनिया, 3 रिवाल्वर, 1 बन्दूक, 2 अधबने पिस्टल (कुल-23 अवैध असलहा) व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्र बनाने व बेचने वाले के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जनपदीय एसओजी प्रभारी नजीर अली खान एवं थाना बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश यादव द्वारा गठित पुलिस टीम ने 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है अभियुक्त अवैध शस्त्रों को बनाकर, मांग पर अपराधी किस्म के लोगों को करते थे सप्लाई।

ये गाजियाबाद व एनसीआर के अन्य जनपदों में प्रत्येक पिस्टल को 45-50 हजार रुपये, तमंचे को 5-6 हजार रूपये, पोनिया को 15-20 हजार रुपये व रिवाल्वर को 35-40 हजार रुपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध जनपद गाजियाबाद व हापुड़ में चोरी व लूट, गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

वार्षिक उत्सव पर प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हापुड़, अमृत विचार : ग्राम पंचायत असरा ब्लॉक सिंभावली के सरकारी प्राथमिक विद्यालय असरा का वार्षिक उत्सव मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान सोहनवीर सिंह ने की और संचालन मुख्य शिक्षिका अर्चना श्रीवास्तव ने किया। शिक्षिका ने बताया कि वार्षिक उत्सव कराने का उद्देश्य आने वाले सत्र में सरकारी स्कूल में बच्चों के ज्यादा से ज्यादा एडमिशन कराना है। कार्यक्रम में सभी बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सभी ग्राम वासियों से आग्रह किया गया कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सके। वार्षिक उत्सव में मुख्य शिक्षिका अर्चना श्रीवास्तव, शिखा मुक्त आंगनबाड़ी, राजेश सहायिका, बिजेंदरी राशन डीलर, जूली देवी एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

उपद्रव | जनप्रतिनिधि और सफेदपोश ही बन गए दंगे के मास्टर माइंड, भीड़ का कर रहे थे नेतृत्व

पार्षदों और नेताओं ने ही रची थी दंगे की साजिश

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार: मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान हुए दंगे के मास्टर माइंडों में नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल हैं। इन सफेदपोशों ने शहर की फिजा का बिगाड़ने का प्रयास किया। लोगों से लूटपाट की गई। निजी और सरकारी वाहन जलाए और यहां तक कि जानलेवा हमले तक किए।

8 फरवरी का दिन हल्द्वानी के दामन पर काला धब्बा बन गया है। दंगा करने वालों के नामों को लेकर तो पहले से ही सुगबुगाहट थी हालांकि शनिवार को पुलिस ने पांच आरोपियों के नामों का खुलासा कर दिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मेहबूब आलम और जीशान परवेज नगर निगम के निवर्तमान पार्षद हैं। जीशान परवेज कांग्रेस नेता उवैस राजा का भाई है। उवैस राजा कांग्रेस में पुराना सक्रिय नेता है। अरशद के समाजवादी पार्टी के एक प्रदेश स्तरीय नेता के साथ नजदीकियां हैं। बताया जा रहा है कि वह भी सपा का ही नेता है। वहीं, जावेद सिद्दीकी सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई है। अब्दुल मतीन पूर्व में कांग्रेस से दर्जा मंत्री रह चुके हैं। साथ ही सपा के टिकट पर हल्द्वानी से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। एक अन्य गिरफ्तार किया गया आरोपी अरशद खनन कारोबारी है। वह शुरू से ही घटनास्थल पर माहौल को पुलिस और प्रशासन के खिलाफ बनाने में जुटा था। शहर में जाने पहचाने नाम और स्वयं शहर का सफेदपोश होने का दावा करने वाले इन नेताओं ने ही अपने शहर को जलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पुलिस को देते रहे धोखा

हल्द्वानी, अमृत विचार : पकड़े गए आरोपियों में से ज्यादातर पुलिस और प्रशासन की आंख में धूल झोंकते रहे। पुलिस और प्रशासन को विश्वास में लेकर इन्होंने कहा था कि ये लोग कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। हालांकि बाद में पुलिस को एहसास हो गया कि ये लोग पुलिस की आंख में धूल झोंक रहे हैं और उपद्रवियों को इकट्ठा करने और उनसे हिंसा करवाने में इन्हीं लोगों का हाथ है। मौके पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की इन लोगों से कहासुनी भी हुई थी। हालांकि बाद में पुलिस की प्रारंभिक जांच में यही लोग हमले के मास्टर माइंड निकले।

पार्षदों ने ही नगर निगम को पहुंचाया नुकसान

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम की बोर्ड मीटिंग में अपने वार्ड के विकास के लिए बजट मांगने वाले मेहबूब आलम और जीशान परवेज नाम के पार्षदों ने ही नगर निगम को करोड़ों का नुकसान पहुंचा दिया है। साथ ही नगर निगम के कर्मचारियों पर जानलेवा हमले करवाए।

जिन पत्रकारों के बनते थे दोस्त, उनको ही पीटा

हल्द्वानी, अमृत विचार : गिरफ्तार हुए दंगाइयों में जो भी सफेदपोश हैं यह सब पत्रकारों के परिचित थे। 8 फरवरी को दंगे में पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के कर्मचारियों के साथ ही पत्रकार भी निशाने पर थे। चिन्हित करके पत्रकारों के वाहन जलाए गए और उन पर जानलेवा हमले किए गए। इनके नाम सामने आने के बाद पत्रकार भी अचंभित रह गए कि उन पर हमला करवाने वाले वो लोग जो उनके दोस्त, परिचित होने का दावा करते थे।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र अंकित जैन गलत सोहबत में पड़ गया है और बेजा हरकतें कर रहा है लिहाजा मैंने अंकित जैन को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा अंकित या उसके किसी कृत्य से अथवा उसके द्वारा की गयी किसी भी लेनदारी से कोई सम्बन्ध ताल्लुक वास्ता नही है।
विनित कुमार जैन पुत्र स्व० सूरज लाल जैन निवासी एम आई जी ए-48 रामगंगा विहार, मुरादाबाद।

खोया-पाया

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 0719051 सन् 2018 की वास्तव में कही खो गई हैं। विरनजीत कौर पुत्री मुखत्यार सिंह, निवासी अब्दुल्लापुर लैदा, पो०-रतूपुरा मुरादाबाद।

सार्वजनिक सूचना– एक किता वैनामा मूल दिनांक 01.01.2003 वही 1,जिल्द 4085 पृष्ठ 107/124 कम स0 29 रकबई 56 वर्ग मी0 प्लाट संख्या D-22 जो कि एम.डी.ए. ने श्रीमती लता पत्नी अरुण कुमार के हक में निष्पादित किया था। तथा उसका मूल आवंटन पत्र और मूल कब्जा पत्र भी थें तथा दूसरा किता वैनामा दिनांक 31.12.2008 वही1 जिल्द 5968 पृठ 371/388 कम संख्या 7614 जो कि श्रीमती वीना ने श्रीमती हेमवती के हक में निष्पादित किया था जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। उक्त के संबध में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर सम्पर्क स्थापित करें बाद में उसके उक्त के सम्बंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।
प्रदीप कुमार गुप्ता ,एडवोकेट
चेम्बर न0. सी.–3,सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीछे, मुरादाबाद फोन– 9837781229

प्रदेश में आया 2300 करोड़ का विदेशी निवेश: मुख्यमंत्री

विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने पेश किया अवस्थापना और औद्योगिक विकास के परिदृष्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है।

▸▸ **सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी**

स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा। योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।

विधानसभा सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

55 घंटे से ज्यादा चली बजट सत्र की कार्यवाही

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश की 18वीं विधान सभा में एक बार फिर बिना स्थगन के वर्ष-2024 का प्रथम सत्र शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। बजट सत्र के दौरान आहूत आठ उपवेशनों में सदन की कार्यवाही कुल 55 घंटे 09 मिनट तक चली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ समेत नेता प्रतिपक्ष व सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यवाही के दौरान कुल 2404 प्राप्त प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न दो, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 443 तथा अतारांकित प्रश्न 1753 रहे। जिनकी कुल संख्या 2198 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में तारांकित प्रश्न 75 तथा अतारांकित प्रश्नों की संख्या 525 रही। इनकी कुल संख्या 600 रही। 2404 प्रश्न (88.14 प्रतिशत) आनलाइन प्राप्त हुए।

विधानसभा का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

लखनऊ। उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

बजट सत्र के दौरान पांच विधेयक प्रस्तुत हुए

- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2024
- भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक 2024
- उत्तर प्रदेश लिफ्ट और ऐस्केलेटर विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2024 को पारित किया गया।

इन मुख्य फैक्टर्स पर भी रहा मुख्यमंत्री योगी का फोकस

- अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन : वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।
- युवा उद्यमी विकास : यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।
- उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष : इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।
- सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम : इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।
- चिकित्सा क्षेत्र में : 70 वर्षों में केवल 12 मेडिकल कॉलेज थे मगर अब सभी 75 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जा रही है। पहले 1977 से लेकर 2017-18 तक इनसेफ्लाइटिस से बच्चों की मौतें होती थी मगर हमने इस पर पूर्ण लगाम लगाई। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रॉमा सेंटर की भी स्थापना की गई है।

अखिलेश का तंज-बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। गड्ढ़ों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है।

मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है।

राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसी बनेगी? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

अनाथ बच्चों को कान्वेंट स्कूल में पढ़ाएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **बीएसए के नेतृत्व में गठित की गई कमेटी**

▸▸ **कमेटी बच्चों के मानसिक स्तर का परीक्षण करेगी, तीन बच्चे चयनित**

अमृत विचार : माता-पिता एवं अपनों को खो चुके बच्चों को अब दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। बच्चों को दो जून की रोटी कमाने के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। ऐसे बच्चों को कान्वेंट स्कूल में शिक्षा दिलाने का जिम्मा सरकार ने उठाया है और तीन बच्चों को चयनित किया गया है।

भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बेसहारा बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनको बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। बच्चों का डॉक्टरों से परीक्षण कराया जाएगा साथ ही टीम ऐसे बच्चों का मानसिक स्तर परखेगी। इसके बाद रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को भेजी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि सीएमएस, एसकेडी और अवध कॉलेजिएट में दाखिला कराया जाएगा। बच्चों के नर्सरी से लेकर और उच्च शिक्षा तक का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। अनाथ बच्चों को पढ़ाकर बेहतर नागरिक बनाने के साथ ही उनके जीवन स्तर को सुधारने के ध्येय से इसकी शुरुआत की गई है। अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की योजना सरकार की प्राथमिकता में है।

प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर 4 करोड़ की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, आगरा

▸▸ **नेक्सा एवरग्रीन ने कई राज्यों में लोगों को चूना लगाया**

अमृत विचार : देश के कई राज्यों में निवेश के नाम पर ठगी करने वाली नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के मुताबिक 19 लोग शिकार बने हैं। करीब चार करोड़ रुपये की ठगी की गई है। सरस्वती कुंज, सीओडी मार्ग निवासी रिटायर फौजी विजय सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है।

मुकदमे में सीकर (राजस्थान) निवासी कंपनी के सीएमडी रणवीर बिजारणिया, एमडी सुभाष बिजारणिया, बनवारीलाल महेरिया, बीरबल तेतरवाल, सुधीर, उपेंद्र बिजारणिया, बलवीर मेहरिया को नामजद किया है। विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि कंपनी के अधिकारियों ने कंपनी के प्रचार के लिए कई आयोजन कराए। कई रिटायर फौजियों को नौकरी पर रखा। बड़े लोगों से आयोजन कराकर लोगों को जाल में फंसाया। बताया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजक्ट धोलेरा, अहमदाबाद में बना रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करके लोग अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वे लोग विश्वास में आ गए। धीरे-धीरे कर उनके परिचित 19 लोगों ने 3 करोड़ से अधिक की रकम कंपनी में निवेश कर दी। ऑन लाइन उनकी जो आईडी बनाई गई थी वे बंद कर दी गईं। बताया गया कि ईडी का छापा पड़ा है। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश सहित कंपनी ने कई प्रदेशों में लोगों को ठगा है। पीड़ितों में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी, सैन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी और सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

पीड़ितों के मुताबिक कंपनी ने 50 हजार रुपये के निवेश करने पर ऑनलाइन एक आईडी बनवाई। बताया गया कि इस आईडी में प्रत्येक मंगलवार को रकम डाली जाएगी। कंपनी 50 हजार रुपये के निवेश पर हर निवेशक को 14 सप्ताह में 81 हजार रुपये देगी। इसी तरह से निवेश की रकम की 50-50 हजार रुपये की ऑनलाइन आईडी बनाई गईं।कंपनी ने निवेशक को गारंटी के तौर पर ऑनलाइन बैनामा भी किया। निवेश की रकम ऑनलाइन आईडी में आने पर वापस की जानी थी। बाद में पता चला कि, सभी ऑनलाइन बैनामा ही फर्जी हैं।

बरेली में तनाव की स्थिति नियंत्रित करे सरकार

लखनऊ, अमृत विचार : हल्द्वानी और बरेली में हिंसा के मामले में बसपा प्रमुख मायावती ने दोनो राज्य की सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए चिंता व्यक्त किया है। शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तराखंड से लगे यूपी के जिला बरेली आदि में भी आए दिन किसी न किसी मुद्दे को लेकर यहां तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रण कर लेना चाहिये ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के हल्दानी में हुई हिंसा और उसमें जान-माल की हुई क्षति अति-चिन्तनीय। अगर सरकार, प्रशासन व खूफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था। सरकार इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए तथा अमन-चैन भी कायम करे।

ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की होती है बचत : दुर्गा शंकर मिश्र

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि साल 2019 से प्रदेश में ईपीसी मोड पर काम शुरू हुआ था, जिसके बाद निर्माण के क्षेत्र में बदलाव आया है। इसके बाद भवनों का निर्माण गुणवत्ता युक्त और निश्चित समय में पूरा होने लगा है। मुख्य सचिव, शनिवार को योजना भवन में ईपीसी मोड पर भवन निर्माण कार्य विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले प्रोजेक्ट डिजाइन, बिड और बिल्ड (डीबीबी) के आधार पर बनाये जाते थे। ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की बचत होती है। परियोजना को डिजाइन करना, उसमें लगने वाली सामग्री को खरीदना और निर्माण ठेका लेने वाली फर्म की जिम्मेदारी होती है। दुर्गा शंकर ने कहा कि निर्माण एजेंसी अपनी स्किल डेवलप कर रही है।

वर्ग पहेली-339

बाएं से दाएं

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।

4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, खर्च करने वाला, उदार, दानशील।

5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।

8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।

2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।

3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।

6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों

7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



वर्ग पहेली - 338 का हल

1 भा	षा	स	2 म		3 तु	
			धु		ला	
			मा		ई	
	4 कु	5 शा	स	न		
		सि			6 ज़े	
7 गुं	जि	त			ह	
			8 झा	ड़	न	

सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5	6		1		8		7
			7				3	
	3					5		2
		7		9	4			
1								5
			8	2		4		
9		5			6		8	
	4				3			
8		3				2	1	

सुडोकू - 55 का हल

6	1	7	3	2	4	9	8	5
2	9	8	5	6	1	3	4	7
5	3	4	9	8	7	1	2	6
9	8	5	4	1	3	6	7	2
1	7	2	8	9	6	4	5	3
4	6	3	7	5	2	8	9	1
3	2	9	1	4	5	7	6	8
8	5	1	6	7	9	2	3	4
7	4	6	2	3	8	5	1	9

सभी सीटों पर खिलाना है कमल: भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी। इसे लेकर शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का आह्वान किया। पूरे अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। 11 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य लोकसभा स्तर पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला होगी, जबकि 12 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा व 1 मार्च से 3 मार्च के मध्य विशेष अभियान चलाया जाएगा। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में कार्यशाला के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक/सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

पहले की सरकारों में होते थे घोटाले, अब चहुंमुखी विकास

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यूपीए सरकार के खिलाफ भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए श्वेत पत्र पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यूपीए सरकार घोटालों की सरकार थी, भ्रष्टाचार चरम पर था, अब चहुंमुखी विकास हो रहा है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री ने अन्नदाता किसानों का मान बढ़ाया है। आज देश के 140 करोड़ लोग आनंदित हैं। प्रदेश के सभी भाई-बहनों की ओर से कृतज्ञता प्रकट करता हूं। कहा कि वित्त मंत्री जो श्वेतपत्र लाईं हैं वो कांग्रेस के लिए आईना है। श्वेतपत्र ये साबित करता है कि भारत का एक गरीब बेटा जिसने अपने जीवन में गरीबी को जिया वो जब देश के प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचता है तो देश को गर्व होता है।

करोड़ों के घोटालेबाज को बचा रही है कमिश्नरेट पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **होमगार्ड जवानों की ड्यूटी में हेर फेर कर साढ़े चार करोड़ घोटाले का आरोपी है बीओ**

अमृत विचार : होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर 4.24 करोड़ रुपये को घोटाले की जांच में कमिश्नरेट पुलिस की सुस्त चाल सवालों के कठघरे में आ गई है। अब तो होमगार्ड विभाग के बड़े अफसर भी दबी जुबान मानने लगे हैं कि आरोपी ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के लिए जांच अधिकारी तकरीबन आठ माह से जांच लटकाए पड़े हैं।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया। इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआइआर भी दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

वृष — आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

मिथुन — आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

सिंह — आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

कन्या — आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

तुला — आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

वृश्चिक — आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

धनु — आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

मकर — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

कुंभ — आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

मीन — आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कूली — सुबह : 09.00
- सिंह इज ब्लिंग — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीकू — सुबह : 08.00
- गुमराह — रात : 07.00

Utsav Gold
- बजरंगी भाईजान — सुबह : 09.15
- सीता रामम — शाम : 06.45

ZEE CINEMA
- पड़ोसन — सुबह : 09.40
- रेड — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां — सुबह : 10.23
- गोविंदा मेरा नाम — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...

बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?

संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'

स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।

टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।

उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल

कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

नई दिल्ली, अमृत विचार: 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...

फरीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

एक नजर

हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

सोनीपत। सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडक़ंप मच गया।

देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प

नई दिल्ली। पोलियो की तर्ज पर केंद्र सरकार ने भारत को फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी से मुक्त करने का संकल्प लिया है। फाइलेरिया बीमारी स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए एक चुनौती बना हुआ है क्योंकि पूरी दुनिया में फाइलेरिया के जितने मरीज है उसका 40फीसद मारीज सिर्फ भारत में है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने देश को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का शनिवार को शुभारंभ किया है। इसके लिए यूपी, एमपी बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, असम, उड़ीसा, केरल एवं कर्नाटक के 92 जिलों को चिन्हित किया गया है।

दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति 'दूर का सपना' नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी : असदुद्दीन ओवैसी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन औवैसी ने शनिवार को लोकसभा में दावा किया कि बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी।

उन्होंने सदन में नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह बाबर, जिन्ना औ औरंगजेब के प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' की घोषणा पर सवाल खड़े किए और कहा कि यह बताता है कि इंसाफ या जिंदा है या जुल्म को बरकरार रखा जा रहा है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सवाल किया कि क्या मोदी सरकार एक धर्म की सरकार है या सभी धर्मों को मानने वालों की सरकार है? क्या यह सिर्फ हिंदुत्व के नजरिये की सरकार है?

सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

नासिक। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

▸▸ लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

झाबुआ (मप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

एनएसई का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शनिवार को बताया कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 1,975 करोड़ रुपये हो गया। एनएसई ने एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में परिचालन से एकीकृत आय 3,517 करोड़ रुपये रही, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है।

राजधानी में मसौदा लॉजिस्टिक नीति पेश

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार एक मसौदा लॉजिस्टिक नीति लाई है, जिसका लक्ष्य माल ढुलाई गांवों और सूक्ष्म-आपूर्ति केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करके शहर में भीड़भाड़ कम करना है। अधिकारियों ने कहा कि मसौदा नीति में लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को दिल्ली की परिधि में स्थानांतरित करने की बात भी कही गई है। दिल्ली में हर दिन लगभग 1.93 लाख वाहन आते-जाते हैं।

सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं

1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।

2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।

4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।

5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

वाहन का प्रकार	ट्रांसपोर्ट गाड़ियां
बस	744
ई-रिक्शा	5,50,689
ई-रिक्शा विद कार्ट	21,689
थ्री व्हीलर यात्री	15,633
थ्री व्हीलर गुड्स	1,288
गुड्स कैरियर	177
मोटर कैब	138
बाइक-स्कूटर किराए वाली	35
एक्स-रे वैन	1

वाहन का प्रकार	नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल
मोटर साइकिल स्कूटर	66,960
बाइक-स्कूटर विद साइड कार	52
मोपेड	703
मोटर-कार	4,712
मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी	2,198
कृषि ट्रैक्टर	91
एडाप्टेड वाहन	03
फारक लिफ्ट	01
थ्री व्हीलर पर्सनल	01
कुल ट्रांसपोर्ट ईवी	5,90,394
कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी	74,721
कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या	6,65,115

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,175
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,800
चांदी तैयार	73,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,950
सोना जेवरात गिन्नी	62,950
चांदी पक्की	717 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,700।

जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

बुमराह से हुई अपनी बात को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन से किया साझा

बुमराह को खुद को सफेद गेंद का विशेषज्ञ कहना पसंद नहीं: शास्त्री

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं।

विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर 9 विकेट झटके। इससे यह खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाला भारतीय बन गया। शास्त्री ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया। शास्त्री ने कहा कि कोलकाता में मैंने बुमराह से पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था और देखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा कि तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं उसे दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं। बुमराह ने जनवरी 2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया।

छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूलाया

था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्राफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

भारत	ऑस्ट्रेलिया
उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।	ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। **मैच दोपहर डेढ़ बजे।**

खेल डायरी

गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर

वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3.5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसतारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

हरमनप्रीत के 2 गोल, भारत ने स्पेन को 4-1 से दी मात

भुवनेश्वर, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में स्पेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। हरमनप्रीत ने सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और 20वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। अपना 199वां मैच खेल रहे हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कार्नर पर अपने गोल की संख्या 150 पर पहुंचा दी है। जुगराज सिंह ने भी 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को तीसरी सफलता दिलाई। ललित उपाध्याय ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। स्पेन की तरफ से गोल 34वें मिनट में मार्क मिरालेस ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत अगला मैच रविवार को नीदरलैंड से खेलेगा।

रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद्द

हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

कोहली श्रृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं।

बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर

खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं।

मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है।

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया।

पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा।

आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने दूसरी पारी में सात विकेट झटके थे जिससे वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस घोषणा का मतलब वुड आईपीएल के आगामी सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि इसका कारण नहीं पता है। वह इस समय भारत दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के साथ हैं।

टाटा आईपीएल 2024 के लिए वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज 3 करोड़ रुपए में टीम से जुड़े

मेरी ताकत है मेरा धर्म और अध्यात्म : केशव

केपटाउन, एजेंसी

दाहिने हाथ में ओम नमः शिवाय लिखा तांबे का कड़ा पहनने वाले और जल्द ही अयोध्या जाने की तमन्ना रखने वाले दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज के लिए धर्म और अध्यात्म कठिन हालात में उनकी ताकत है। केशव मैदान पर भी कभी अपनी आस्था की अभिव्यक्ति से परहेज नहीं करते हैं और मैदान में उतरने पर डीजे से राम सियाराम बजाने को कहते हैं। भारत में वनडे विश्व कप के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ मैच में उनके बल्ले पर ओम का स्टिकर लगा था और पाकिस्तान के

खिलाफ चेन्नई में मैच जीतने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में जीत पर खुशी जाहिर करने वाले संदेश के अंत में लिखा जय श्री हनुमान। भारत के खिलाफ अपनी सरजमी पर हाल ही में टेस्ट श्रृंखला के दौरान मैदान पर उतरते समय उन्होंने डीजे से राम सियाराम बजाने के लिए कहा था और यह वीडियो काफी वायरल हुआ। भारतीय मूल के केशव ने यहां एसए 20 फाइनल से पहले दिए इंटरव्यू में कहा कि मैं काफी धार्मिक और अध्यात्म में रूचि रखने वाले परिवार से हूं। धर्म और अध्यात्म मुझ पर थोपे नहीं गए लेकिन मैं महसूस करता हूं कि कठिन हालात में यह मुझे मार्गदर्शन और एक दृष्टिकोण देते हैं। मैं अपनी आस्था से काफी जुड़ा हुआ हूं। केशव के परदादा उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से थे जो 1874 में मजदूरी के लिए डरबन आए थे। केशव ने कहा कि मैं घर पर सारे त्योहार मनाता हूं। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से वह इतने उत्साहित थे कि उसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था।

शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। **एजेंसी**

यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा

निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह

दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी

नई दिल्ली। 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6.1 करोड़ की कमाई की है. जबकि लाल सलाम ने केवल 4.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

कनाडा: भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

टोरंटो। कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

तेलंगाना में दूषित भोजन खाने से दो लोगों की मौत, 14 बीमार

करीमनगर। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में ईंट भट्ठे पर कथित तौर पर दूषित भोजन खाने से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग बीमार पड़ गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गौरेड्डीपेट गांव में एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले ओडिशा के श्रमिकों ने मंगलवार को पेद्दापल्ली में एक दुकान से मुर्गे का मांस खरीदा। पुलिस ने कहा, दो दिनों तक मुर्गे का मांस पकाकर खाया। इसके बाद कुछ श्रमिक बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला सहित दो श्रमिकों की मौत हो गई। अन्य अस्पताल में भर्ती है।

चाबहार बंदरगाह का विकास ईरान-भारत सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण : ईरानी राजदूत इलाही

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरानी राजदूत इराज इलाही ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों को मध्य एशिया से जोड़ने वाले गोल्डन गेटवे के रूप में चाबहार बंदरगाह का विकास भारत-ईरान

जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आइएनएसटीसी) के कार्यान्वयन में दोनों देशों के बीच सहयोग भी बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों का उदाहरण हैं।

ईरान की 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम में इलाही ने कहा कि पिछले अगस्त में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण बैठक ने दोनों देशों के बीच अच्छे सहयोग में नए चरण का मार्ग प्रशस्त किया। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने, खासकर अफगानिस्तान से इसकी कनेक्टिविटी के लिए इस परियोजना पर जोर दे रहा है। भारत और ईरान ने बंदरगाह को आइएनएसटीसी परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा चार्जिंग स्टेशन यूपी ईवी में अव्वल

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

2023 अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप शामिल नहीं

12,146 कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

2030 तक देश भर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत

चार्जिंग स्टेशन बनाने को सरकार दे रही सब्सिडी

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।

इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।

पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं सौ सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 100 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 73, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता

पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकार: मुनीर

पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

पर्थ, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

भविष्य में क्वाड की बढ़ेगी प्रासंगिकता: जयशंकर



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

अमेरिका: घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ 2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

संगम पर उमड़े भक्त...

प्रयागराज : माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी: गिलोन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच,

भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

किसान आंदोलन

हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट सेवा ठप

चंडीगढ़। किसानों की दिल्ली कूच के चलते अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इंटरनेट सेवा रविवार सुबह 6 बजे से अगले तीन दिनों तक बंद रहेगा।

इनेलो महासचिव अभय चौटाला ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इंटरनेट बंद करना अभिव्यक्ति की आजादी का हनन और लोकतंत्र की हत्या है। अपनी मांगों को लेकर किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रदेश में कल से इंटरनेट बंद का फरमान जारी किया है। किसानों को रोकने के लिए जगह-2 कीलें गाड़ी जा रही है।

टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

विज्ञान नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और

शनि का उपग्रह मीमास।

तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।

एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

मुबंई। हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने

अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासन: उद्धव ठाकरे

मुबंई, एजेंसी

▸▸ कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।